RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 57
नई दिल्ली, शनिवार, 1 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

2022

# पायनियर

रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर, राहुल कप्तान
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# ओमीक्रोन से देश में पहली मौत

● कई राज्यों में दोगुनी गति से फैल रहा कोरोना संक्रमण केंद्र ने स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करने को कहा

● डेल्टा व ओमीक्रोन वैरिएंट से दिल्ली और मुम्बई सबसे अधिक प्रभावित शहर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मुंबई



**भारत में** कोरोना के ओमीक्रोन वैरिएंट से पहली मौत पुणे के पिंपरी चिंचवाड़ में हुई है। महाराष्ट्र में कोरोना के दैनिक मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अकेले मुम्बई में 47त्न का भारी उछाल आया है, जहां 24 घंटे में 5,428 केस आए। राज्य में कोविड-19 के 8,067 केस मिले और मौतें हुई हैं। यही नहीं, राज्य में ओमीक्रोन वैरिएंट के चार मरीज मिले हैं। राज्य में इस वैरिएंट के मरीजों की कुल संख्या 454 और देश में 1,280 तक पहुंच गई है। अब तक कम से कम 23 राज्यों में यह चिंता का वैरिएंट फैल गया है। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के 16,764 मामले आए हैं। पश्चिम बंगाल और दिल्ली जैसे राज्यों में भी कोविड -19 मामलों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने कहा कि बंगाल में गुरुवार और शुक्रवार के बीच 24 घंटों में 3,189 लोगों के संक्रमित होने के साथ कोरोना के मामलों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

बीते बुधवार को जहां 1089 लोग संक्रमित हुए थे, वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान मरीजों की संख्या 2,128 हो गई। रोगियों में ओमीक्रोन के भी पांच मरीज शामिल हैं। यहां इस वैरिएंट के 16 मरीज हो गए हैं।

इस बीच, केंद्र ने राज्यों से कहा है कि वे कोविड-19 और ओमीक्रोन मामलों में तेजी के कारण चुनौतियों का सामना करने और स्वास्थ्य प्रणाली के साथ-साथ मामलों का जल्द पता लगाने के लिए रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) केंद्र स्थापित करने की तरफ ध्यान दें।

देश में ओमीक्रोन बहुत तेजी से पैर पसार रहा है। इस संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या 1,270 हो गई है, जिनमें महाराष्ट्र में सर्वाधिक 454, दिल्ली में 320, केरल में 109, गुजरात में 97 और राजस्थान में 69 केस हैं। कोविड मामलों में वृद्धि से चिंतित केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मामलों का शीघ्र पता लगाकर संक्रमण बढ़ने से रोकने के लिए राज्यों को रैपिड एंटीजन टेस्ट केंद्र स्थापित करने और स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत करने को कहा है। इसी के साथ स्व-परीक्षण/घरेलू जांच को प्रोत्साहित करने की सलाह दी गई है। ( शेष पेज 9 )

## दिल्ली में कोरोना, कंटेनमेंट जोन और मौत मामलों में भारी उछाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मई के बाद सर्वाधिक 1796 केस, दिसंबर में नौ मौतें और कंटेनमेंट जोन बढ़े आठ गुने

**राष्ट्रीय** राजधानी में कोरोना की रफ्तार डरा रही है। यहां शुक्रवार को 22 मई के बाद एक दिन में कोविड-19 के सबसे अधिक 1,796 नए मामले आए हैं। हालांकि, इस दौरान किसी संक्रमित की मौत दर्ज नहीं हुई, लेकिन संक्रमण दर बढ़कर 2.44 प्रतिशत तक पहुंच गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक बृहस्पतिवार को राजधानी में कोविड-19 के 1,313 और बुधवार को 923 केस आए थे।

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 से दिसंबर माह में नौ लोगों की मौत भी हुई है, जो पिछले चार महीने में सर्वाधिक है। इस माह महानगर में कंटेनमेंट जोन की संख्या भी आठ गुना तक बढ़ी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में नवंबर में कोविड-19 से सात, अक्टूबर में चार और सितंबर में पांच लोगों की मौत हुई थी। दिल्ली में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं और इस समय राजधानी में इसके 320 मरीज हैं। दूसरी ओर, एक दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जब एक दिन में संक्रमण के 39 मामले सामने आए थे, तब कन्टेनमेंट जोन की संख्या 102 थी, लेकिन 30 दिसंबर को इनकी संख्या बढ़कर 823 हो गई। दक्षिणी जिले में सर्वाधिक 402 कंटेनमेंट जोन हैं। इसके बाद पश्चिमी जिले में 108 और नई दिल्ली में इनकी संख्या 84 है। ( शेष पेज 9 )

# प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस के जसविंदर के खिलाफ केस दर्ज

● एनआईए ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने व आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं में की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने जर्मनी स्थित प्रतिबंधित सिखों के संगठन सिख फॉर जस्टिस के जसविंदर सिंह मुल्तानी और उनके अन्य सहयोगी (राकेश) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एनआईए ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत आपराधिक साजिश और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के साथ-साथ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह मामला दर्ज किया है। आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस यूए (पी) अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ है।

एनआईए ने अपने बयान में कहा कि यह मामला विदेशों में मुल्तानी और खालिस्तानी जैसे तत्वों द्वारा रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है, जिसके तहत पंजाब को संघ से अलग करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी विचारधारा का प्रचार करने, पंजाब में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, प्रेरित करने और भर्ती करने के लिए साजिश रचना है। उन्होंने कहा कि यह संगठन पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए पंजाब में तस्करी नेटवर्क का उपयोग करके हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक खरीदने के लिए धन जुटाने में शामिल रहा है। मुल्तानी मुंबई और भारत के अन्य हिस्सों में आतंकी हमले करने के लिए पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के गुर्गों के संपर्क में भी रहा है। केस दर्ज करने के बाद इसमें कहा गया है कि मामला दर्ज होने के बाद मामले की त्वरित जांच के लिए कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस बीच, एनआईए ने श्रीनगर में तलाशी ली और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) द्वारा जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, प्रेरित करने और भर्ती करने के मामले में द रेसिस्टेंस फ्रंट के एक सदस्य (राकेश) को गिरफ्तार किया।

एनआईए ने गुरुवार को तलाशी अभियान चलाने के बाद श्रीनगर के एमआर गंज के जलदागर निवासी टीआरएफ के ऑपरेटिव अरसलान फिरोज उर्फ अरसलान सूब को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला सज्जाद गुल, सलीम रहमानी उर्फ अबू साद और सैफुल्ला साजिद जट्ट, लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ के कमांडरों द्वारा घाटी और शेष भारत में हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, प्रेरित करने और भर्ती करने के लिए रची गई साजिश से संबंधित है।

### श्रीनगर में मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर ( भाषा )।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पन्था चौक इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार को मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए और पांच सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक जेवान इलाके में 13 दिसंबर को पुलिस बस पर हुए हमले में शामिल था। उस हमले में तीन पुलिस कर्मी मारे गए थे और 11 अन्य घायल हो गए थे। तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी और बल ने भी जवाबी कार्वाई की। ( शेष पेज 9 )

### अवकाश सूचना



**नववर्ष के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 1 जनवरी को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 3 जनवरी 2022 को प्रकाशित होगा।**

## गैर सरकारी संगठनों के एफसीआरए पंजीकरण की वैधता तीन माह बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मिशनरीज ऑफ चैरिटी को नहीं मिलेगा विस्तार का लाभ

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण की वैधता को 31 मार्च तक तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। हालांकि, मिशनरीज ऑफ चैरिटी जैसे संगठन विदेशी योगदान के नवीनीकरण के लिए उनके आवेदन के रूप में विस्तार लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार एफसीआरए पंजीकरण को पहले ही खारिज कर दिया गया है।

केंद्र ने जनहित में गैर सरकारी संगठनों के एफसीआरए पंजीकरण प्रमाणपत्रों की वैधता को 31 मार्च 2022 तक या उनके नवीकरण आवेदनों के निपटान की तारीख तक, जो भी पहले हो, केवल उन संस्थाओं के संबंध में बढ़ाने का निर्णय लिया है। नोटिस में कहा गया कि जो मानदंडों को पूरा करते हैं, 29 सितंबर, 2020 और 31 मार्च, 2022 के बीच समाप्त होने वाले एफसीआरए पंजीकरण प्रमाणपत्र वाले एनजीओ जो 2011 के तहत लाभ के लिए पात्र हैं और जिन्होंने विदेशी योगदान (विनियमन) नियमों के नियम 12 के अनुसार, प्रमाणपत्रों की समाप्ति से पहले एफसीआरए पोर्टल पर नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। एफसीआरए के तहत वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र रखने वाले गैर सरकारी संगठन विदेश से धन प्राप्त करने के पात्र हैं। एफसीआरए के तहत कुल 22,762 एनजीओ पंजीकृत हैं और अब तक लगभग 6,500 के नवीनीकरण आवेदनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। एमएचए ने 25 दिसंबर को कोलकाता में मदर टेरेसा द्वारा स्थापित मिशनरीज ऑफ चैरिटी के नवीनीकरण आवेदन को एफसीआरए के तहत पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने के लिए खारिज कर दिया क्योंकि कुछ प्रतिकूल इनपुट प्राप्त हुए थे। ( शेष पेज 9 )

## आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा नहीं बढ़ेगी

भाषा। नई दिल्ली

● इस बार रिटर्न की कुल संख्या 14 प्रतिशत अधिक

**सरकार** ने शुक्रवार को कहा कि आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है और इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 ही है। उसने यह भी कहा कि करदाताओं को रिटर्न दाखिल करने में कोई समस्या नहीं हुई क्योंकि अब तक दाखिल किए गए रिटर्न की कुल संख्या पिछले साल की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है।

आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने की समय सीमा करीब आ गई है। दोपहर तीन बजे तक 5.62 करोड़ से अधिक रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जो पिछले साल 31 दिसंबर तक दाखिल किए गए कुल 4.93 करोड़ से 14 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने कहा कि आईटीआर भरने का काम काफी सुचारू रूप से चल रहा है और दोपहर तीन बजे तक कुल 5.62 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बजाज ने संवाददाताओं से कहा, आज लोगों ने 20 लाख से अधिक रिटर्न दाखिल किए जो सबसे अधिक है। पिछले एक घंटे में 3.44 लाख रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इसलिए यदि इतनी संख्या में रिटर्न दाखिल किया जा रहा है, तो मुझे किसी के लिए (समय सीमा विस्तार) करने का कोई कारण नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि पिछले साल 30 दिसंबर तक 4.83 करोड़ आयकर दाखिल किए गए थे, जबकि 30 दिसंबर 2021 तक 5.43 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। सरकार ने पहले ही वित्त वर्ष 2020-21 (मार्च 2021 को समाप्त) के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को पांच महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया था। बजाज ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रात के 12 बजे तक कम से कम 20-25 लाख और रिटर्न दाखिल किए जाएंगे..जिस आंकड़े का हम अनुमान लगा रहे थे, वह आ जाएगा... तारीख को आगे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### मोदी कल मेरठ में मेजर ध्यान चंद खेल विवि की आधारशिला रखेंगे

**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो जनवरी को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले का दौरा करेंगे और वहां मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि यह खेल विश्वविद्यालय मेरठ के सरधना शहर के सलावा और कैली गांवों में 700 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी देश में खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देने और खेल संसाधनों को विश्व स्तरीय बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। मेरठ में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का कदम उनके इसी दृष्टिकोण के तहत उठाया जा रहा है। इस खेल विश्वविद्यालय में सिंथेटिक हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल और कबड्डी के मैदानों के साथ ही आधुनिक उपकरण और उच्च स्तरीय खेल संसाधन होंगे। साथ ही इसमें लॉन टेनिस कोर्ट, जिम, दौड़ के लिए सिंथेटिक स्टेडियम, स्वीमिंग पूल सहित अन्य सुविधाएं भी होंगी पीएमओ ने कहा कि विश्वविद्यालय में शूटिंग, स्क्वैश, जिम्नास्टिक, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी सहित अन्य खेलों की भी सुविधाएं होंगी।

## दलित भोजनमाता की पुन: नियुक्ति 31 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

भाषा। पिथौरागढ़

**उत्तराखंड** के चंपावत के एक स्कूल में उस दलित महिला रसोइया को फिर से नियुक्त किया गया है, जिसे कुछ दिन पहले तब पद से हटा दिया गया था, जब अगड़ी जाति के कुछ छात्रों ने उसके द्वारा तैयार मध्याह्न भोजन करने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने 31 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से छह को प्राथमिकी में नामजद किया गया है। इन व्यक्तियों के खिलाफ मामला धमकी देने और जातिवादी टिप्पणी करने के लिए दर्ज किया गया है।

यह मुद्दा विवादों में घिर गया था और राज्य सरकार ने पहले इसकी जांच के आदेश दिए थे। उत्तराखंड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी उसके लिए न्याय की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाने की धमकी दी थी। चंपावत के मुख्य शिक्षा अधिकारी आर सी पुरोहित ने बताया कि शुक्रवार को स्कूल की प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसने महिला को दोबारा नियुक्त किया। उन्होंने कहा, उन्हें (महिला को) फिर से नियुक्त करने का निर्णय एक सरकारी आदेश के आधार पर लिया गया, जिसमें कहा गया था कि अगर ऐसे मामलों में आम सहमति नहीं बनती है, तो अनुसूचित जाति । अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति के 26 सदस्यों में से 21 सदस्य मौजूद थे, लेकिन उन सभी का विचार एक जैसा नहीं था। चूंकि आम सहमति नहीं बन पाई, इसलिए सरकार के आदेश के आधार पर निर्णय लिया गया। सुनीता देवी को पद से हटाए जाने के बाद पुरोहित ने पहले कहा था कि उनकी नियुक्ति में प्रक्रियागत खामियां थीं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। पुलिस ने सुनीता देवी की शिकायत के आधार पर 31 व्यक्तियों के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत मामला दर्ज किया है। ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,254 | ↑ 459 | |
| निफ्टी | 17,354 | ↑ 150 | |
| सोना | 47,840 | ↓ 45 | /10g |
| चांदी | 62,210 | ↑ 50 | /kg |

### क्विक न्यूज

**रिण धोखाधड़ी में सांसद राजू, 15 पर चार्जशीट**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) व अन्य रिणदाताओं के साथ करीब 947 करोड़ रुपए की कथित रिण धोखाधड़ी के सिलसिले में वाईएसआर कांग्रेस सांसद रघु रामकृष्ण राजू और 15 अन्य लोगों तथा कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां एक विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किए गए अपने आरोपपत्र में जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि राजू की कंपनी इंड भारत ग्रुप ने तमिलनाडु के तूतीकोरीन में एक ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए रिणदाताओं के एक समूह से कथित तौर 947.71 करोड़ रुपए (लगभग) का रिण लिया था।

# उत्तर प्रदेश में सपा एमएलसी सहित अन्य इत्र व्यापारियों के ठिकानों पर आयकर छापे

भाषा। नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के इत्र व्यापारियों से जुड़े कई ठिकानों पर छापा मारा जिनमें समाजवादी पार्टी (सपा) के कन्नौज से विधान पार्षद (एमएलसी) का परिसर भी शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्वाई कर चोरी की जांच के सिलसिले में की गई है।

उन्होंने बताया कि कन्नौज, कानपुर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सूरत, मुंबई और कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। करीब 30 से 40 परिसरों में यह कार्वाई की गई है। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की आवासीय इमारत और मुंबई स्थित करीब एक दर्जन परिसरों में सुबह छापेमारी की कार्वाई की गई और पुलिस इस दौरान सुरक्षा प्रदान कर रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक ट्वीट में दावा



किया कि कन्नौज में उसके विधान पार्षद (एमएलसी) पुष्पराज उर्फ पम्पी जैन के परिसरों पर छापेमारी की गई है। जैन कारोबारी है और इत्र उत्पादन और अन्य कारोबारा के व्यापार में भी शामिल हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कन्नौज स्थित पार्टी मुख्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और छापेमारी और अन्य मुद्दों पर बात की। सपा ने अपने ट्विटर पोस्ट में कहा कि यादव द्वारा यहां संवाददाता सम्मेलन की घोषणा करने के बाद ही भाजपा सरकार ने छापेमारी की कार्वाई शुरू कर दी, यह कार्वाई भयभीत भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग है।

राज्य में अगले साल के शुरू में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जैन द्वारा तैयार समाजवादी इत्र को अखिलेश यादव ने हाल में पेश किया था। अधिकारियों ने अबतक उन लोगों की पहचान उजागर नहीं की है जिनके ठिकानों पर छापेमारी की कार्वाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि कन्नौज के एक इत्र कारोबारी और कानपुर के अन्य व्यापारी के ठिकानों पर भी छापेमारी की कार्रवाई की गई। ( शेष पेज 9 )

## इत्र कारोबारी से जब्त करोड़ो रुपए का मामला वित्त मंत्री ने कहा-यह भाजपा का पैसा नहीं

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि इत्र कारोबारी पीयूष जैन के यहां से छापेमारी में बरामद करीब 200 करोड़ रुपए की नकदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नहीं है। उन्होंने कहा कि छापेमारी की कार्वाई कदम उठाने लायक खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा, यह भारतीय जनता पार्टी का पैसा नहीं है। उनसे विपक्ष के आरोपों के बारे में सवाल किया गया था। विपक्षी दलों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश के कन्नौज में इत्र कारोबारी पीयूष जैन के यहां से बरामद 197.49 करोड़ रुपए भाजपा का धन है और कर अधिकारियों ने जैन के यहां छापेमारी भूलवश कर दी और अब उन दूसरे जैन व्यापारी के यहां छापेमारी की जा रही है जिनके यहां वास्तव में छापेमारी पहले की जानी चाहिए थी। ( शेष पेज 9 )

## अखिलेश का भाजपा पर पलटवार, कहा ये नफरत की दुर्गंध फैलाने वाले लोग

भाषा। कन्नौज



**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने राजनीति को दूषित किया है और ए नफरत की दुर्गंध फैलाने वाले लोग हैं। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कन्नौज में समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य पुष्पराज जैन के यहां छापेमारी के कुछ घंटों बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा के लोग नफरत फैलाने वाले लोग हैं और इन्होंने राजनीति को दूषित किया है, ए नफरत की दुर्गंध फैलाने वाले लोग हैं, ए सौहार्द और सुगंध को कैसे पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, नफरत की दुर्गंध फैलाने वाले भाजपा के लोग हैं जानबूझकर समाजवादी पार्टी को बदनाम करना चाहते हैं, ए कन्नौज को भी दुनिया भर में बदनाम करने में लगे हैं। यादव ने एक नारा दिया अब इत्र का इंकलाब होगा, 22 में बदलाव होगा। ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार , 1 जनवरी , 2022



# `कोविड-19: किशोरों का आज से होगा टीका पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद/हापुड़

कोविड से सुरक्षा के लिए तीन जनवरी से 15 से 18 वर्ष के किशोर-किशोरियों का भी टीकाकरण शुरू होगा। इसके लिए



शनिवार से कोविड एप पर पंजीकरण शुरू होगा। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक इस नए आयुवर्ग को केवल कोवैक्सीन ही लगायी जाएगी। इसके साथ ही शासन ने 10 जनवरी 2022 से स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोविड से बचाव को एहतियाती टीका



लगाने का भी निर्णय लिया है। सीएमओ डा. भवतोष शंखधर ने बताया- इन दोनों वर्गों के लाभार्थी दूसरी डोज के नौ माह पूरे होने पर एहतियाती टीका लगवा सकेंगे। इतना ही नहीं

## ● वरिष्ठ नागरिकों को एहतियाती डोज के लिए नहीं पेश करना होगा प्रमाण-पत्र

निर्वाचन डयूटी में तैनात किए जाने वाले कर्मचारी और सह-रुग्णता (कोमोर्बिड) वाले 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लाभार्थी भी एहतियाती टीका लगवाने के हकदार होंगे। गाइडलाइन में साफ किया गया है कि वरिष्ठ नागरिक एहतियाती टीका लगवाने से पहले एक बार अपने डाक्टर की सलाह अवश्य लें, हालांकि उन्हें टीका लगवाने के लिए कोई प्रमाण-पत्र देने की जरूरत नहीं होगी।

## लाभार्थियों को केवल कोवैक्सीन लगाई जाएगी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) हापुड़ डा. रेखा शर्मा ने बताया शासन से गाइडलाइन प्राप्त होने के साथ ही तीन जनवरी से 15 से 18 वर्ष वाले किशोर-किशोरियों के टीकाकरण की तैयारी शुरू कर दी गई है। शासन से मिली गाइडलाइन के मुताबिक इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को केवल कोवैक्सीन ही लगायी जाएगी। सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध होगी। निजी अस्पताल भी



पूर्ववत नियत भुगतान पर टीका लगाएंगे। टीका लगवाने के लिए एक जनवरी से कोविन-एप पर पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण की सुविधा कोविन-एप पर बने पुराने खाते में भी मिल सकेगी, इसके अलावा लाभार्थी यदि चाहें तो नए मोबाइल नंबर के जरिए भी पंजीकरण कर सकेंगे। उस स्थिति में कोविन-एप पर नया खाता खुल जाएगा। सीएमओ ने बताया- 10 जनवरी से हेल्थ वर्कर्स (स्वास्थ्य कर्मियों) और फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोविडरोधी टीके की एहतियाती डोज दी जाएगी।

# नोएडा की सुरक्षा के लिए 10 नए थाने तीसरी नजर पर होंगे 180 करोड़ खर्च

## ● यातायात खराब होने पर कंट्रोल रूम को मिलेगी जानकारी , हाईटेक सॉफ्टवेयर का होगा इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले को और सुरक्षित बनाने की तैयारी चल रही है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के नाते गौतमबुद्ध नगर में सुरक्षा का ध्यान रखना नोएडा पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।



जिले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुद को हाईटेक बनाने के साथ-साथ संसाधनों को बढ़ा रही है, ताकि लोग शहर में और सुरक्षित महसूस कर सकें। जिसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर शहर की सुरक्षा को और बढ़ाया जा रहा है।

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को ठीक करने के लिए सेफसिटी प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह हाईटेक कैमरे और सेंसर सहित अन्य अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट पर 180 करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ताकि शहर की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके। इस प्रोजेक्ट के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर में इस प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद अगर जिले में कहीं भी फायरिंग, सड़कों पर वारदात, कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ना और यातायात व्यवस्था खराब होने पर कंट्रोल रूम को तुरंत पता लग जाएगा। जिसके लिए कंट्रोल रूम में कई हाईटेक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाएगा।

अगर कहीं भी यातायात का उल्लंघन होगा तो फोटो युक्त चालन किए जाएगा और कैमरों की मदद से अपराधियों को भी आसानी से पहचाना जा सकेगा। इस योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। शहर को और सुरक्षित बनाने के लिए नए साल में 10 नए थाने बनाए जाएंगे। इससे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। अपर आयुक्त कानून और व्यवस्था लव कुमार ने बताया कि कमिश्नरी 10 नए थाने बनाएगा। जिनमें से आठ के लिए जमीन आवंटित हो चुका है। यह थाने नोएडा में फेज एक, सेक्टर-142, सेक्टर-63, सेक्टर-115, सेक्टर-106, ओखला बैराज और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सेक्टर.18, सेक्टर-25ए, सेक्टर-29 और दयानतपुर में नए थानों का निर्माण किया जाएगा।

इन नए थानों के बन जाने से जिले में पुलिसिंग और सुरक्षा अधिक बेहतर हो जाएगी। जिले में साइबर अपराधों की घटनाएं अधिक बढ़ रही हैं, जिस पर शिकंजा कसने के लिए कमिश्नरी में पुलिस मुख्यालय के अलावा सभी तीन जोन के डीसीपी के यहां पर एक-एक साइबर सेल का गठन किया जाएगा। यही नहीं हर एक थाने में साइबर हेल्प डेस्क बनाने की योजना है, जिससे लोग साइबर अपराध को दर्ज करा सकें।

पुलिस सोशल मीडिया पर नए साल में और ज्यादा सक्रिय होगी। पुलिस सोशल मीडिया के जरिए मुख्य स्थानों पर लगने वाले ट्रैफिक से संबंधित अपडेट को अपने ट्विटर अकाउंट से अपडेट करने की घोषणा कर चुकी है। जो कि नए साल से लागू हो जाएगी। पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर आने वाले शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे।

# नामी कंपनी ने सरकार को लगाया 32 करोड़ का चूना

## ● केंद्रीय जीएसटी टीम ने छापा मारकर किया खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बैठकर सरकार को 32 करोड़ रुपए का चूना लगाने वाली कंपनी पर केंद्रीय जीएसटी टीम ने छापा मारा है।

यह कंपनी नोएडा सेक्टर-63 में स्थित है। कई कंपनियों को कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली इस कंपनी की हरियाणा, बिहार, उड़ीसा समेत अन्य राज्यों में शाखाएं हैं।

यह कंपनी फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी लेकर सरकार के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर रही थी। पिछले हफ्ते केंद्रीय जीएसटी टीम ने इस पर छापा मारा था। अब इसकी जांच पूरी हुई है।

सीजीएसटी नोएडा की प्रधान आयुक्त रेनू जगदेव ने बताया कि कंपनी कई कंपनियों को कर्मचारियों की आपूर्ति करती है।

कंपनी का करोड़ों रुपये का टर्न ओवर है। कंपनी द्वारा टैक्स चोरी और फर्जी बिल बनाकर आईटीसी वसूलने की खुफिया जानकारी मिलने पर कंपनी पर छापा मारा गया था।

उन्होंने बताया कि कंपनी जीएसटीआर.वन तो फाइल करती थी लेकिन जीएसटीआर-तीन बी रिटर्न नहीं भरती थी।

उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा कई राज्यों में खोली गई कंपनियों का भी न तो जीएसटी जमा हो रहा था और न ही जीएसटीआर तीन बी फाइल किया जा रहा था।

जीएसटीआर वन वह दस्तावेज है, जिसमें कंपनी द्वारा खरीदार को की गई सभी बिक्री की जानकारी होती है। जीएसटीआर तीन बी कंपनी के मासिक लेनदेन का रिकॉर्ड रखता है और रिटर्न को मासिक रूप से सारांशित करता है। एक करदाता के रूप में कंपनी को हर महीने अपने व्यापार की खरीद और बिक्री के कुल मूल्य को सूचीबद्ध करना होता है।

रेनू जगदेव ने बताया कि जांच में कंपनी द्वारा फर्जी बिल दिखाकर 15 करोड़ रुपए आईटीसी वसूलने और 17 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी गई है।

कंपनी के निदेशक ने अपनी गलती मानते हुए 5.50 करोड़ रुपए जमा किए हैं। कंपनी से ब्याज और जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# हिंडन नदी पर होगा सेतू का निर्माण

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य द्वारा 21 करोड़ की लागत से हिंडन नदी पर बनने वाले सेतू के निर्माण को हरी झंडी दी गई है।

क्षेत्रीय सांसद डा.सत्यपाल सिंह के अथक प्रयास से यह संभव हो सका है। सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी ने बताया कि करीब 21 करोड़ की लागत से हिंडन नदी पर बनने वाले इस सेतू का निर्माण होने पर लाखों लोगों को लाभ होगा। नदी के दोनों तरफ के किसान भाइयों की वर्षों पुरानी मांग का सांसद के प्रयास से निदान हो सका है। बागपत विस के ग्राम डोलचा और मोदीनगर विधानसभा के ग्राम मतोर एवं क्षेत्र के लगभग डेढ़ लाख लोगों को नववर्ष पर सांसद के आग्रह पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष का तोहफा दिया है। सेतू का निर्माण होने पर क्षेत्रवासी कम समय और सुगम यात्रा का लाभ मिल सकेगा।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में ससुर और साला गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके ससुर तथा साले को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि मोहित ठाकुर ने दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम विवाह किया था। दंपति सेक्टर 62 स्थित एक आईटी कंपनी में काम करता था। शादी के कुछ महीने बाद महिला के परिजन उसे अपने घर ले गए, जिसके बाद से वह मोहित के पास नहीं लौटी।

मोहित ने एक पेड़ से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले मोहित ने सोशल मीडिया पर एक 'सुसाइड नोट' पोस्ट किया था।

# तीन कुंतल गोवंश मांस के साथ तीन धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 3 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। यह बदमाश प्रतिबंधित पशु के मांस कार में भरकर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 कुंतल मांस बरामद किया है।

यह कामयाबी जेवर कोतवाली पुलिस ने की है। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी रवि सिंह ने थाना जेवर पुलिस को सूचना दी कि कुछ लोग प्रतिबंधित पशुओं का मांस कार में भरकर अलीगढ़ से बेचने के लिए जेवर के रास्ते दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे पर एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका।

## ● अलीगढ़ से जेवर बेचने के लिए आए थे आरोपी

उसमें सवार सद्दाम साजिद और अकरम को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। कार में 2 कुंतल गोवंश का मांस रखा हुआ था। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बरामद मीट को डॉक्टरी परीक्षण के लिए पशु चिकित्सक के हवाले किया गया है।

# युवती समेत दो लोगों ने लगाई फांसी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिछले 24 घंटे के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नोएडा के सेक्टर-51 में एक महिला अपने पति के साथ रहती थी।

महिला ने बीती रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा में रहने वाले एक युवक ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-51 में रहने वाली 28 वर्ष की रितु ने बीती रात को अपने घर पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# गौतमबुद्ध नगर में कोरोना के 135 मरीजों का चल रहा इलाज

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला में कोरोनावायरस का संक्रमण चिंता का सबब बन गया है। गुरुवार को पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के 38 नए मामले रिपोर्ट किए गए हैं। अब जिले के अस्पतालों में 135 मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

पिछले 24 घंटों के दौरान केवल दो लोग स्वस्थ होकर अपने घर वापस लौटे हैं। खास बात यह है कि पिछले 3 दिनों से लगातार संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ रही है। अगर पूरे उत्तर प्रदेश की बात करें तो गौतमबुद्ध नगर संक्रमण के नए मामलों में पहले पायदान पर पहुंच गया है। राज्य के निगरानी अधिकारी की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान गौतमबुद्ध नगर जिले में 38 लोगों की रिपोर्ट कोरोना वायरस से पॉजिटिव आई हैं। इन सभी को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। अब 135 लोगों का इलाज किया जा रहा है। पछले 2 वर्षों के दौरान इस महामारी के कारण 468 लोगों की मौत हुई हैं। जिले के 63,620 लोग इस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं।

# संक्षिप्त समाचार



### ग्राम विकास मोर्चा की बैठक

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी ग्राम विकास मोर्चा की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता व महामंत्री उमेश त्यागी व ग्राम विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष लोकेश यादव, प्रभारी भूपेश चौधरी शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि हर गांव में नाली, खरंजा, शिवर, लाइट की गाँवो की मूलभूत समस्याओं को लेकर पदाधिकारी गांव-गांव जाकर इन समस्याओं का समाधान कराने का निर्णय लिया है इसमें जिले के पदाधिकारी महामंत्री कुलदीप अवाना, अजय प्रधान, जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार, सोनू राणा, सोनू शर्मा, राहुल पहलवान, जिला मंत्री पंकज उपाध्याय संजू कौशिक, मांगेराम शर्मा, विकास बंसल, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल प्रजापति, सुमित अहूजा, दीपक शर्मा, नीरज नागर, कपिल कुमार, गौरव शर्मा, विनय कुमार, अनिल कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चों के साथ अनोखे अंदाज में मनाया नया साल

**नोएडा।** चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा सेक्टर 22 नोएडा स्थित पाठशाला पर नव वर्ष के अवसर पर ग्रुप संस्थापक प्रिंस शर्मा के निर्देशन में पाक कला



प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में नन्हे छात्रों ने सूप पास्ता काफी खीर आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। निर्णायक मंडल ने छात्र छात्राओं की जमकर प्रशंशा करने के साथ विजेताओं को पुरुस्कृत किया जिसमे प्रथम स्थान पर शेरिन द्वितीय पर राजेश्वरी तृतीय स्थान पर सलोनी और सांत्वना पुरस्कार सौरव को प्राप्त हुआ। मौके पर निर्णायक मंडल से पीयूष शर्मा ने कहा की इस वर्ग में प्रतिभाओं की कमी नहीं होती है सिर्फ उन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। ऐसी प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का समापन नव वर्ष का केक काट कर व बच्चों के मनमोहक नृत्य के साथ हुआ। इस दौरान नीतू गीतिका शिवानी सलोनी आदि मौजूद रहे।

### गौर बिल्डर में नहीं बढ़ेगा मेंटेनेंस चार्ज

**नोएडा।** 14 एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी के निवासियों और गौर बिल्डर के अधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया है कि अब मेंटेनेंस चार्ज नहीं बढ़ाया जाएगा। बीते 2 दिनों से निवासी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। निवासियों ने मेंटेनेंस चार्ज को लेकर सडक पर भी प्रदर्शन किया था। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। सोसाइटी के निवासियों का कहना है कि इस समय हाउसिंग सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। स्विमिंग पूल, लिफ्ट और पार्किंग की सुविधा ठीक नहीं है। उसके बावजूद भी बिल्डर ने मेंटेनेंस चार्ज बढ़ा दिया। इसका निवासियों ने विरोध किया। अब निवासियों के विरोध पर बिल्डर द्वारा मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाने को लेकर होल्ड कर दिया है। सोसाइटी निवासी डीके सिंह का कहना है कि बिल्डर ने मेंटेनेंस चार्ज 1.50 से बढ़ाकर 2 रुपए करने का नोटिस जारी किया था।

### एफओबी खुद बनाएगा ग्रेनो प्राधिकरण: सीईओ

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तय किया है कि अब शहर में जहां भी जरूरत होगी वहां एफओबी फुट ओवर ब्रिज खुद से बनाएगा। बीओटी के आधार पर एफओबी बनाने में कंपनियों के रुचि न लेने पर प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने यह फैसला किया है। सीईओ ने नए एफओबी बनाने के लिए जगह चिंहित करने के निर्देश दे दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ट्रैफिक कंसलटेंट एजेंसी राइट्स के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 3 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया। कलेक्ट्रेट के सामने सूरजपुर.कासना रोड पर जगत फॉर्म और ईशान इंस्टिट्यूट के पास और कैलाश अस्पताल के सामने फुटओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है। प्राधिकरण इन तीनों फुटओवर ब्रिज को बीओटी बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर के आधार पर बनवाना चाह रहा था।

**PUBLIC NOTICE**

My Clients **RAJWANTI W/O LATE SH BHAGWAN DAS R/O L-255, BLOCK-L, JJ COLONY-III, NANGLOI, DELHI-110041** have sever all her relations and debar her son **DULI CHAND** and his wife namely **PUMMI** from all their movable-immovable properties due to their misconduct. Anybody dealing with them will do so at his / her own risk and consequences. My clients will not be responsible for his any acts and deeds in future.

**BULENDRA KUMAR**
**Mob.: 9818858491**
**(Advocate)**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all public that my client Sh. Vijay Kumar S/o Late Sh. Madan Lai R/o 24/65, West Patel Nagar, New Delhi-110008 executed a GPA on dated 25/04/2016 for the property bearing no. T-234/A, Admeasuring 60 Sq. Yds. (Approx.), Situated at Third Floor, Out of Khasra No. 754/21/2, Baljeet Nagar, New Delhi-110008 attested by the Notary Public in favor of Sh. Prabhu Dayal but he failed to pay the consideration amount to my client. Therefore my client cancelled the said GPA by executing Cancellation of GPA deed duly attested by Notary Public. My clientess is the sole owner of the above mentioned property and any one dealing with Sh. Prabhu Dayal on the basis of the said GPA may deal with him at their own cost and perils and my client shall not be liable for any loss caused by any one whatsoever in nature.

**MANOJ KUMAR (ADVOCATE)**
**362, LAWYER'S CHAMBER BLOCK,**
**SAKET DISTRICT COURT, NEW DELHI -17**
**MOB.: 9213155125**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that TDI Porfolio Management Pvt. Ltd. are the owners of Land area measuring 52 Kanal 06 Marla (i.e. 26456.37 sq.mtrs) part of Rectangle no.94, Killa no.22/2(4-8), Rectangle no.115 Kill no. 2/2(4-0), 3min west(4-0), 8 min(4-0), 12/2(3-4), 13/1 min west(4-0), 9(8-0) and Rectangle no.94 Killa no.18/2 Min West(1-0), 23 Min West(4-0) and Khewat no.1263 min khata no.1692 min Mustatil and Killa no. 115//3/2(4-0), 8/1(4-0), 13/1/2(2-12) and Khewat no.613 min, 1291 and Khata no.844 min, 1726 Min Mustatil no. 94// 18/2/1(0-3), 23/2(3-16), 24/2(1-3) situated at Village Murthal Khas, Tehsil and District Sonepat Haryana purchased from Shri Nitin Arora vide sale deed 19.12.2017 (Doc No. 9239), whereas TDI Porfolio Management Pvt. Ltd. have lost two of the recitals:-
1. Sale Deed dated 15/1/2013 executed by Rajender, Rajpal, Jai Pal, Rakesh, Sandeep and Santosh in favour of Nitin Arora bearing registration no.14957
2. Sale Deed dated 13/7/2012 executed by Ram Prakash in favour of Nitin Aroa bearing registration no. 5434
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Nirja Singhal and Anju Rastogi are the owners of Plot of Land Area Measuring 400 Sq. Yds., situated at Waka Civil Line, Model Town Ghaziabad, Pargana Loni, Tehsil Ghaziabad, Distt. Meerut, UP (As per letter dated 1/12/2021 issued by City Zone (Town Hall), Nagar Nigam, Gzb., dated 1/12/2021 Old Plot no.17 and New no.59), inherited the said property after the death of their father Sunder Prakash Garg and mother Uma Rani Garg read with Mutation letter dated 1/12/21 issued by Nagar Nigam Gzb.
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Virender Singh Yadav and Manju Yadav are the owners of Land area measuring 97 Kanal 14 Marla Mustatil no.43, Killa no.7, 8, 12/1, 13, 14, 18, 23, Mustatil no.49, killa no.3/1, mustatil no.43, Killa no.16/3, 17/1, 24/2, 25/1, 49// 5/1, 6/1/2 and Khewat no.636, khata no.709, mustatil no.43, killa no.6/2, 15, 16/2, 17/2, 24/1, 49// 4, 7/1 situated at waka mouja Khurampur, Tehsil Farukhnagar, District Gurgaon, Haryana by virtue of sale deed dated 1/5/2019 (doc. No. 347) and sale deed dated 11/2/2019 (doc.no. 3703) whereas they have lost the following recitals:-
1. Original Sale Deed executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of Babita Singhal (Doc. No. 1979)
2. Original Sale Deed dated 29/8/2006 executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of Sandeep Bansal (Doc. No. 1977)
3. Original Sale Deed dated 29/8/2006 executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of Shiksha Tyagi (Doc. No. 1978)
4. Original Sale Deed dated 29/8/2006 executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of KishanGupta (Doc. No. 1982)
5. Original Sale Deed dated 29/8/2006 executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of Narender Kumar (Doc. No. 1975)
6. Original Sale Deed dated 29/8/2006 executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of Rajender Kumar (Doc. No. 1978)
7. Original Sale Deed dated 29/8/2006 executed by M/s Grace Polymers Pvt. Ltd in favour of Raj Singh, Nityanand (Doc. No. 1980)
an online FIR has already been lodged in lieu of that dated 31/12/2021
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351




**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एक्सकैलिबर इंफ्राडेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड/ आतिश कुमार/ प्रमोद/ अश्विनी कुमार/ 15/42 पुराना राजेंद्र नगर पहली मंजिल, गोल चक्कर दिल्ली के पास, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली 110060/ LBGUW00004981254 | दुकान संख्या जी-15 और जी-39, ग्राउंड फ्लोर ग्रेटर नोएडा शॉपिंग प्लाजा प्लॉट नंबर एस-7/2 औद्योगिक क्षेत्र सूरज पुर साइट-IV गांव- कसना, परगाना/ तहसील- सदर जिला गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश, दुकान संख्या जी-15- सुपर निर्मित क्षेत्र का परिमाप 25.286 वर्ग मीटर, (कार्पेट क्षेत्र 14.805 वर्ग मीटर + 10.481 वर्ग मीटर सामान्य क्षेत्र), दुकान संख्या जी-39- सुपर निर्मित क्षेत्र 24.593 वर्ग मीटर, (कार्पेट क्षेत्र 14.399 वर्ग मीटर + 10.194 वर्ग मीटर सामान्य क्षेत्र)/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 29.12.2021 | 06,07, 2021 ₹ 22,72,133.00/- | नोएडा |
| 2. | गायत्री देवी/ संतोष कुमार/ कमलनाथ नगर, पश्चिम चंपारण, बेतिया, बिहार, बेतिया 845107/ LBBTE00003276339 | आवासीय फ्लैट नंबर ई0202, दूसरी मंजिल पर, टॉवर ई 01- टॉवर- 'ई' ब्लॉक में, "स्प्रिंग व्यू- हाइट" में, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप में स्थित, एनएच 24, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश पिन- 122002, क्षेत्र का परिमाप 1090 वर्ग फीट सुपर बिल्ट अप एरिया/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 29.12.2021 | 03,06, 2021 ₹ 19,34,311.00/- | गाजियाबाद |
| 3. | शैलेंद्र कुमार सिन्हा/ अंजनी सिन्हा/ अभिषेक सिन्हा/ 403, बिसाका रेसीडेंसी वेदनगर, रुकनपुरा, बिहार, पटना 800014/ LBPTN00003397896 & LBPTN00005334536 | प्लॉट नंबर 112 ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास क्षेत्र में सेक्टर नंबर बीटा में ब्लॉक-एफ में स्थित, जिला गौतमबुद्ध नगर, (तहसील गौतमबुद्ध नगर में स्थित, क्षेत्र का परिमाप 200 वर्ग फीट/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 29.12.2021 | 16,06, 2021 ₹ 65,53,733.00/- | नोएडा |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 01, 2022
स्थान: गाजियाबाद और नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# रेजीडेंट डॉक्टरों की 15वें दिन हड़ताल खत्म

## काउंसिलिंग शुरू किए जाने व दर्ज शिकायतों की वापसी के आश्वासन पर राजी हुए

**● छह जनवरी को होगी फिर बैठक**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नीट पीजी काउंसलिंग छह जनवरी से पहले कराने और दिल्ली पुलिस से एफआईआर वापस लेने का आश्वासन मिलने के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों ने 15वें दिन अपनी हड़ताल खत्म कर दी और काम पर लौट आए हैं।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सुवरंकर दत्ता ने बताया कि कोविड-19 और ओमीक्रोन के बढ़ते संक्रमण के चलते मरीज पहले से ही काफी परेशान हो रहे हैं।

कई सर्जरियां भी हड़ताल की वजह से टली हैं। इन सभी हालातों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है कि शुक्रवार दोहपर 12 बजे से सभी डॉक्टर काम पर लौट आए। नीट पीजी की काउंसलिंग जल्द कराने और रेजीडेंट डॉक्टरों पर कथित बर्बरता के लिए दिल्ली पुलिस से माफी मंगवाने के लिए हड़ताली डॉक्टरों का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात की थी। डॉक्टर डॉ. सुवरंकर दत्ता ने बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी काउंसिलिंग में देरी को लेकर दो हफ्तों से प्रदर्शन कर रहे रेजीडेंट डॉक्टरों ने सरकार के इस आश्वासन के बाद शुक्रवार को अपनी हड़ताल रद्द कर दी कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। फेडरेशन ऑफ डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) ने कहा कि उसने दोपहर 12 बजे अपना प्रदर्शन रद्द कर दिया। प्रदर्शन के दौरान रेजीडेंट डॉक्टरों ने सभी सेवाओं का बहिष्कार कर दिया था जिससे राजधानी के कई प्रमुख अस्पतालों में इंमरजेंसी व ओवीडी सेवांएं प्रभावित रहीं। फेडरेशन ने सोमवार को सड़कों पर डॉक्टरों तथा पुलिस कर्मियों के बीच झड़प के बाद कुछ डॉक्टरों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की बृहस्पतिवार को मांग की थी। फेडरेशन बृहस्पतिवार को फोरडा के प्रतिनिधियों की दिल्ली पुलिस के कई अधिकारियों के साथ बैठकें हुई। पुलिस ने कहा कि वे डॉक्टरों का बेहद सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि रेजीडेंट डॉक्टरों के खिलाफ पुलिस में दर्ज शिकायतों पर कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार गौर किया जाएगा। आरडीए के प्रतिनिधियों के साथ फोरडा सदस्यों की एक वर्चुअल बैठक देर शाम बुलायी गयी, जिसमें सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि फोरडा सभी आरडीए प्रतिनिधियों के साथ एक राष्ट्रीय बैठक छह जनवरी को करेगा।



## मेट्रो फेज-4 की पहली सुरंग की खुदाई पूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम मेट्रो के चौथे फेस में तेजी से निर्माण कार्य कर रहा है। इसमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मार्ग के बीच बनने वाले पहले चरण पर कृष्णा पार्क एक्सटेंशन में टनल बोरिंग मशीन के माध्यम से 1.4 किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। इस खंड पर सुरंग बनाने का कार्य इस वर्ष अप्रैल में शुरु किया गया था। इस खंड पर अप और डाउन दिशा में आवाजाही के लिए दो समानांतर सर्कुलर सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है जो जनकपुरी पश्चिम से केशोपुर के बीच 2.2 कि.मी. लंबे भूमिगत सेक्शन का हिस्सा हैं। एमआरसी के मुख्य प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार, यह नई सुरंग पूर्व निर्मित मेजेंटा लाइन सुरंग को ही आगे बढ़ाती है, जो वर्तमान में बॉटेनिकल गार्डन - जनकपुरी पश्चिम कॉरिडोर पर पहले से दौड़ रही है।

# राशन नहीं लेने वालों का कार्ड हो सकता है रद्द

**● निष्क्रिय कार्डों की जांच के लिए सर्वेक्षण शुरू**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने पिछले तीन-चार महीनों से अनाज नहीं लेने वाले राशन कार्ड के लाभार्थियों का पता लगाने के लिए जमीनी स्तर पर जांच शुरू कर दी है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार सब्सिडी वाले राशन को उचित मूल्य की दुकानों से लाभार्थियों द्वारा एकत्र नहीं किया जा रहा है। लगातार तीन महीने तक निष्क्रिय रहने वाले ऐसे राशन कार्ड को रद्द किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निष्क्रिय राशन कार्डों की जांच के लिए इस महीने की शुरुआत में सर्वेक्षण शुरू किया गया था।

खाद्य एवं आपूर्ति आयुक्त नीरज सेमवाल ने बताया कि सर्वेक्षण के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमने तीन महीने से नियमित रूप से राशन नहीं लेने वाले लाभार्थियों का क्षेत्र निरीक्षण शुरू करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य राशन लेने में असमर्थता के कारण का पता लगाने और कहीं कोई नकली लाभार्थी तो नहीं है, इस बात का पता लगाना भी है। सेमवाल ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि कई ऐसे लाभार्थी हैं जो पिछले तीन-चार महीनों से राशन नहीं ले रहे हैं। इसका कारण ज्ञात नहीं हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार राशन कार्ड के लिए दो लाख से अधिक आवेदन लंबित सूची में डाल दिए गए हैं क्योंकि दिल्ली के 72.77 लाख राशन कार्डों का कोटा भरा हुआ है। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 2013 और प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना (पीएमजीएकेवाई) के तहत ई-पीओएस (इलेक्ट्रॉनिक-पॉइंट ऑफ सेल) उपकरणों के माध्यम से 2,000 उचित मूल्य की दुकानों पर 72.77 लाख लाभार्थियों को मुफ्त राशन वितरित करती है।

# टेक्सटाइल पर टैक्स बढ़ोतरी को वापस लेने का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**● टैक्स बढ़ोतरी का किया था विरोध : सिसोदिया**

टेक्सटाइल पर टैक्स बढ़ोतरी को वापस लेने का दिल्ली सरकार ने स्वागत किया है। शुक्रवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में जब मुद्दा उठा तो उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कपड़े पर बढ़े टैक्स को वापस लेने की मांग की।

उपमुख्यमंत्री ने काउंसिल की बैठक में टैक्सटाइल इंडस्ट्री को बेहतर बनाए जाने की जरुरत की बात कही। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। केंद्र सरकार को इसके विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस उद्योग से देश के 4 करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है। इस तरह से यह इंडस्ट्री 4 करोड़ परिवारों को चला रही है। इस उद्योग में जॉब की प्रचुर संभावनाएं हैं। रोटी, कपड़ा और मकान हर एक इंसान की सबसे पहली जरुरत होती है। इसलिए टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए कोई भी नीति बनाते समय नीति आयोग आम आदमी को ध्यान में रख नीति बनाए।

## संक्षिप्त समाचार



आबकारी नीति के खिलाफ पंचायत करते ग्रामीण।

### गांवों में नए शराब के ठेके खोलने के विरोध में पंचायत

**नई दिल्ली।** नई आबकारी नीति के तहत गांवों में शराब के नए ठेके खोलने का विरोध करते हुए किसानों ने इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। शराब के नए ठेके खोलने के विरोध और गांवों की समस्या के समाधान के लिए किसानों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल आवास के बाहर हुक्का पानी लेकर पहुंचे किसानों ने पंचायत की। दिल्ली के सीएम और उपराज्यपाल आवास के बाहर पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में महापंचायत करने पहुंचे किसानों और ग्रामीणों ने कहा कि यह पंचायत मुख्य रूप से नई आबकारी नीति के तहत गांव देहात में खोले जा रहे हैं नए शराब के ठेकों के विरोध में बुलाई गई है।

### केजरीवाल ने दिल्ली वालों को छोड़ा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना महामारी की तीसरी लहर की आशंका के साथ नए वैरिएंट ओमीक्रोन संक्रमण खतरे के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल चंडीगढ़ में निगम चुनावों में मिली जीत की विजय निकाल रहे हैं। यह आरोप कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाते हुए कहा कि दिल्ली वासियों के लिए कोविड दिशा निर्देश लागू करके मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में निगम चुनावों की जीत का जश्न मनाकर कोविड संक्रमण दिशा निर्देशों का उलंघन कर रहे है।

### चिकित्सा ऑक्सीजन का बुनियादी ढांचा किया मजबूत

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने जीवन रक्षक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा ऑक्सीजन के बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने 6,000 डी-टाइप सिलेंडर भी खरीदे हैं। एक डी-टाइप सिलेंडर में 46 लीटर ऑक्सीजन आ सकती है। शहर में 31 मई तक ऐसे सिलेंडर नहीं थे। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली परिवहन निगम के पास 9,115 से अधिक सिलेंडर हैं। शहर में 'प्रेशर ऐड्सॉर्प्शन' संयंत्र भी हैं, जो 99.66 मीट्रिक टन ऑक्सीजन बना सकते हैं। दिल्ली में 31 मई तक ऐसी कोई सुविधा नहीं थी। सरकार पांच जनवरी, 2022 तक चार और संयंत्र स्थापित करेगी।

### केजरीवाल ने लोगों से घर पर रहने की अपील की

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लोगों को नए साल पर बधाई दी और संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर उनसे घर के अंदर रहने और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता और सरकार मिलकर कोरोना को फिर से वैसे ही हराएंगे, जैसे पहले हराया था। अपने संदेश में कहा फिर से कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। दिल्ली सरकार प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। वह व्यक्तिगत रूप से तैयारियों को देख रहा हूं और हर निवासी के बारे में बहुत चिंतित हूं।

### सिरसा ने डीएसजीएमसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा वापस लिया

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा वापस ले लिया है ताकि निकाय के प्रशासनिक कार्यों में आई रुकावट को खत्म किया जा सके। इस साल अगस्त में डीएसजीएमसी के लिए हुए चुनाव में सिरसा ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रत्याशी के तौर पर पंजाबी बाग सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। हालांकि, पार्टी चुनाव में 46 में से 27 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही।




# मेडिकल रिसर्च में इंसान के शरीर का हर हिस्सा होता है अहम

## मेडिकल रिसर्च के लिए मरणोपरांत दान करें शरीर

## इंसान की मृत देह वर्षों तक रखी जा सकती है सुरक्षित

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



डॉ. विवेक सिंह मलिक।

**यह कम** लोग जानते होंगे कि इंसान का जीवन जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण उसका मृत शरीर होता है। जीते जी जो हम किसी को नहीं सिखा सकते, वह हमारी मृत देह सिखा सकती है। वही सीख इंसान का जीवन बचाने के काम आती है। मतलब यह कि इंसान की मृत देह पर बार-बार अध्ययन करके मेडिकल के छात्र एक्सपर्ट डॉक्टर बनकर रोगियों का सही उपचार करते हैं। यह तभी संभव हो सकता है जब अधिक से अधिक मृत देह मेडिकल कालेजों, विश्वविद्यालयों को दान दी जाएं।

पंडित भगवत दयाल शर्मा चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक के एनॉटमी विभाग के डॉ. (प्रोफेसर) विवेक सिंह मलिक के अनुसार यह मेडिकल कॉलेज बनने के समय दान में मिले मृत शरीर अब तक सुरक्षित रखे हैं। सामान्य तौर पर मृत शरीर को अगर सही संभाल कर रखा जाए तो उसकी उम्र 100 साल से भी अधिक हो सकती है। मानव शरीर का उपयोग छात्रों को शरीर की संरचना और यह कैसे काम करता है, इसके बारे में सिखाने के लिए किया जाता है। मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक में मृत देह की आम तौर पर कोई कमी नहीं रहती। क्योंकि लोग काफी जागरूक हो रहे हैं। फिर भी जितनी डेड बॉबी दान में मिलें उतनी अच्छी बात है। एक डेड बॉडी पर एक बार में 20 मेडिकल छात्रों को प्रेक्टिकल ज्ञान दिया जाता है।

### कोरोना महामारी में कम बॉडी मिलीं

**डॉ. मलिक** कहना है कि कोरोना महामारी के समय में तो डेड बॉडी कम डोनेट हुई हैं, लेकिन इससे पहले 10 बॉडी डोनेशन की सालाना औसतन रही है। वैसे साल में 20 डेड बॉडी अकेले चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक को दान मिलें तो मेडिकल के विद्यार्थियों को बेहतरी से पढ़ाया, सिखाया जा सकता है। इंसान की डेड बॉडी ज्यादा होती हैं तो रिसर्च (शोध) अच्छा हो सकता है। अगर डेड बॉडी कम होती हैं तो पढ़ाने पर अधिक मेहनत करनी पड़ती है। किताबी ज्ञान के साथ प्रेक्टिकल ज्ञान बहुत जरूरी होता है। समय-समय पर कैमिकल बदलकर डेड बॉडी को वर्षों तक सुरक्षित रखते हैं।

### दिमाग में पूरी तस्वीर इमेजिन हो जाती है...

**डॉ. (प्रो.)** विवेक सिंह मलिक बताते हैं कि एनॉटमी (शरीर रचना) बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। डेड बॉडी पर बार-बार प्रेक्टिकल करके मेडिकल छात्र शरीर के हर भाग के बारे में ज्ञान अर्जित करते हैं। पढ़ाई के पूरे समय में से एक साल तो प्रेक्टिकल कराई जाती है, ताकि छात्र हर चीज को बारीकी से सीख सकें। बार-बार एक-एक अंग के बारे में जानकारी देने से छात्र डॉक्टर्स के दिमाग में ही पूरी तस्वीर उपचार के दौरान इमेजिन हो जाती है। जब मरीजों का डायगनोज करते हैं तो मेडिकल की प्रेक्टिकल पढ़ाई ध्यान में आती है। तभी सही उपचार करते हैं। उदाहरण के तौर पर जब डॉक्टर अल्ट्रासाउंड देखते हैं तो उनके दिमाग में वही पढ़ाई वाली तस्वीर इमेजिन होती है और वे सही बीमारी को पकड़ लेते हैं। शरीर का हर भाग मेडिकल की पढ़ाई में महत्वपूर्ण होता है। ऐड़ी से चोटी तक की बारीकियों का ज्ञान पढ़ाई में दिया जाता है।

### डेरा सच्चा सौदा से आती रहती हैं डेड बॉडी: डा. मलिक

**डॉ. (प्रो.)** विवेक सिंह मलिक का कहना है कि वर्ष 2005 में जब उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई की तो डेरा सच्चा सौदा सरसा से डेड बॉडी डोनेशन में आती थी, जो अब तक भी आ रही हैं। उन्होंने कहा कि डेरा की यह बहुत अच्छी पहल रही, जिसके कारण जनता में जागरुकता आई। लोगों ने डेड बॉडी डोनेट करने में रुचि दिखाई है। उनका कहना है कि महिला एवं पुरुष दोनों की डेड बॉडी डोनेट करनी चाहिए। क्योंकि दोनों के शरीर की संरचना अलग-अलग होती है। एक्सपर्ट डॉक्टर बनाने के लिए छात्रों को दोनों के ही शरीर के बारे में ज्ञान दिया जाता है। उनका कहना है कि मेडिकल रिसर्च के लिए दान में दी गई डेड बॉडी का कहीं दूसरी जगह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हां, जिन्होंने आंखें व अन्य शरीर के अंग दान देने को आवेदन किया होता है। मेडिकल टीम निधन होने के तुरंत बाद ही उनके अंगों को निकाल लेती हैं। वे गांवों में भी जाकर लोगों को डेड बॉडी डोनेशन के लिए जागरूक करते रहते हैं। जो भ्रांतियां समाज में फैली हैं, वे धीरे-धीरे दूर भी हो रही हैं।

# कोरोना काल में पहले की तरह व्यवस्था संभालेगा नगर निगम



गुरुग्राम में कोरोना से बचाव के उपायों, तैयारियों पर बैठक में चर्चा करते अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा व सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव।

## कोरोना से बचाव के उपायों व तैयारियों पर हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** के प्रसार को देखते हुए इसके बचाव उपायों एवं अन्य तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सिविल सजज्न डा. विरेन्द्र यादव, डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव व नागरिक अस्पताल के डा. अनुज ने विस्तार से चर्चा की।

बैठक में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पूर्व में स्थापित किए गए कोविड कंट्रोल रूम में स्टाफ की संख्या को फिर से बढ़ाने, डैडबॉडी हैंडलिंग, सेनिटाईजेशन तथा होम आईसोलेशन में रहने वाले कोरोना के मरीजों के यहां से बायोमेडीकल वेस्ट कलेक्शन के बारे में चर्चा की गई। पूर्व की भांति नगर निगम गुरुग्राम इन जिम्मेदारियों को संभालेगा। डैडबॉडी हैंडलिंग तथा सेनिटाईजेशन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। अतिरिक्त निगमायुक्त डा. वैशाली शर्मा व सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि वे कोविड प्रोटोकोल का पालन करें। हमेशा मास्क का इस्तेमाल करें तथा दो गज की दूरी का पालन करें।

भीड़भाड़ वाली जगहों पर अनावश्यक रूप से जाने से बचें तथा अपने हाथों को साबुन या सेनिटाइजर से साफ करते रहें। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकोल का पालन करके हम इससे ना केवल अपना एवं अपने परिवार का बचाव करेंगे, बल्कि इसके प्रसार को भी रोकने में मदद करेंगे।

# हरियाणा से निर्यात बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य : मनोहर लाल



गुरुग्राम में एक कार्यक्रम में अतिथियों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमने प्रदेश से निर्यात को बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में हरियाणा से लगभग 85 हजार करोड़ रुपये का निर्यात हो रहा है। सरकार प्रदेश में बाहर से निवेश लाने के लिए भी प्रयासरत है। हरियाणा में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश बाहर से लाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात उन्होंने गुरुवार देर शाम यहां एक कार्यक्रम में बोलते हुए कही।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट आयोजित की गई थी। जिसके बाद लगभग एक लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में हो चुका है। इस प्रकार निवेश आमंत्रित करके और निर्यात को बढ़ाकर हम प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि आत्म निर्भरता के पांचों स्तम्भों में हरियाणा अव्वल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को पांच ट्रिलियन इकोनोमी क्लब में शामिल करने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हमने अपने टारगेट तय कर लिए हैं। आत्म निर्भर हरियाणा और आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए हम प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधारे, सिस्टम्स को ठीक करने, डमोग्राफी और निवेश आकर्षित करने सहित पांच स्तंभ आत्म निर्भरता के लिए निर्धारित किए हुए हैं। इनमें हरियाणा अर्थव्यवस्था के मामले में देश के अन्य प्रदेशों की तुलना में काफी बेहत्तर स्थिति में है। यहां तक कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से भी हमारी अर्थव्यवस्था अच्छी है। दिल्ली प्रदेश की आय अच्छी है, लेकिन उन्होंने फ्री बांटना शुरू करके अपनी अर्थव्यवस्था को खराब कर लिया है। इसके विपरित हरियाणा में हम अपने नागरिकों को जिम्मेदार बना रहे हैं। इसके लिए परिवार पहचान पत्र के तहत हर परिवार की फैमिली आईडी बनाई जा रही है, जिसके आधार पर एक लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों की पहचान करके उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी आमदनी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे गरीबी के कुचक्र से बाहर निकल पाएं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन चिन्हित डेढ़ लाख गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेलों में आमंत्रित किया गया था। इनमें से लगभग 90 हजार परिवार इन मेलों में आए। उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाएं समझाते हुए उनमें से अपने उपयुक्त योजना का चयन करने और उस अनुरूप बैंक से ऋण की सुविधा दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को भी चाहिए कि वे अपनी ईकाई में पहले एक लाख रुपये वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता दें।

## जोरासी में ट्यूबवेल से उपकरण चोरी

**तावडू।** क्षेत्र में किसानों के खेत में लगे ट्यूबवेलों से उपकरण चोरी होने का मामला थम नहीं रहा है। एक बार फिर उपमंडल के गांव जोरासी में एक किसान के खेत में लगे ट्यूबवेल से उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिपाल निवासी जोरासी ने बताया कि उनके खेत में बौरवेल पर 10 होर्स पावर की 28 सोलर प्लेट लगी हुई थीं, 24 दिसंबर की रात को अज्ञात व्यक्ति 15 सोलर प्लेट और एक केबल लाइन चुरा ले गया। मामले में सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपको बता दें कि गत 18 दिसंबर को क्षेत्र के गांव कालरपुरी पुरी और तावडू शहर में भी 7 किसानों के बोरवेल से उपकरण चोरी हुए थे ,वहीं 21 दिसंबर की रात भी गांव जोरासी में ही एक किसान के खेत में सोलर कनेक्शन के साथ लगी 10 मीटर केबल, सोलर प्लेट सहित कई प्रकार के उपकरण चोरी हो गए थे

# सभी एजेंसियां कोहरे में सड़क परिवहन सुरक्षित बनाने के काम में तेजी लाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**सड़क** सुरक्षा समिति की मासिक बैठक अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें गुरुग्राम जिला से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों व शहर की अंदरुनी सड़कों व चौराहों को राहगिरों के लिए सुरक्षित बनाने पर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक में एडीसी ने नवंबर माह में आयोजित बैठक के प्रमुख बिंदुओं की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट लेने के उपरांत जिला में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से जन सामान्य को यातायात नियमों का अधिक से अधिक पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में पड़ने वाली धुंध अथवा कोहरा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण करने वाली सभी एजेंसियां सड़क परिवहन को सुरक्षित बनाने के लिए किए जा रहे उपायों में तेजी लाएं।

**बसों के चालान से वसूले 97.54 लाख रुपये :** दिसंबर माह में किए गए चालानों का विवरण भी मीटिंग में प्रस्तुत किया गया। अवधि के दौरान आरटीए सचिव द्वारा यातायात नियमों का उलंघन कर गुरुग्राम-जयपुर मार्ग पर चल रही निजी बसों पर की गयी कार्रवाई के तहत 97 लाख 54 हजार रुपये की राशि चालान के रूप में वसूली गयी है। वहीं चालान की उपरोक्त राशि में यदि नवंबर माह को भी जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा एक करोड़ 80 लाख रुपये बनता है।

**ट्रैफिक नियमों में 2 करोड़ 44 लाख 60 हजार के चालान :** बैठक में एसीपी ट्रैफिक संजीव बल्हारा ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि 11 नवंबर से 29 दिसंबर तक की अवधि में 176 ओवरलोड वाहनों से 88 लाख 6 हजार रुपये, बिना टैक्स वाले 299 वाहनों से 1 करोड़ 19 लाख रुपये, बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले 119 वाहनों से 59 हजार 500, प्रेशर हॉर्न वाले 65 वाहन चालकों से 6 लाख 50 हजार रुपये, ओवर हाइट 40 वाहनों से 8 लाख 25 हजार रुपये, ऐसे में तत्काल राहत या आपात स्थिति के मद्देनजर जिला में चल रही सभी निजी एम्बुलेंस का विवरण स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने की जरूरत है।

# माथे से लगाई वाइपर आइलैंड की बलिदानी मिट्टी

## बिसरा दिए गए बलिदानियों की मिट्टी को साथ लेकर लौटेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अंडमान के दौरे के दौरान संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**आजादी** के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने काला पानी पहुंचे हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के 129 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने वाइपर आइलैंड की उस मिट्टी को अपने माथे पर लगाया, जो आजादी के ऐसे सेंकड़ों मतवालों के खून से सनी है, जिनको इतिहास में जगह नहीं दी गई। बिसरा दिए गए स्वतंत्रता सेनानियों की इस बलिदानी मिट्टी को सभी ने अपनी-अपनी झोलियों में भरा।

प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि अंडमान से लौटकर पूरी भाजपा टीम बलिदानियों की गाथाओं को घर घर पहुंचाएगी। बताएगी कि किस तरह कांग्रेस ने हजारों वीरों के बलिदान को छुपाकर उनके साथ अन्याय किया। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की अगुवाई वाला यह दल आईलैंड की मिट्टी लेकर दो दिन बाद हरियाणा लौटेगा। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार अमृत महोत्सव पर इन बलिदानियों की गाथा पूरे प्रदेश में घर-घर तक पहुंचाई जाएगी तथा चैन गैंग जेल के नाम से कुख्यात इस वाइपर आईलैंड की सच्चाई जनता के सामने रखी जाएगी। पूरी टीम सेलूलर जेल और उस स्थान पर भी पहुंची, जहां सेंकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों को बंदी बनाकर वर्षों तक रखा गया और अनेक को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया।

ओपी धनखड़ के नेतृत्व में 129 सदस्यीय दल में प्रदेश के लगभग सभी जिलों का प्रतिनिधित्व है। अंबाला से 8, भिवानी से 8, गुरुग्राम से 17, झज्जर से 16, रेवाड़ी से 12, रोहतक से 16, चरखी दादरी से 3, फरीदाबाद से एक, चंडीगढ़ से एक, हिसार से 6, जींद से 4, करनाल से 4, कुरुक्षेत्र से 5, महेंद्रगढ़ से 5, मेवात से 4, पलवल से 3, पंचकुला से एक और सिरसा से 5 सदस्य शामिल हैं। पानीपत से 5 और यमुनानगर से 3 भाजपा पदाधिकारी हैं।

# चुनौतियों से भरा होगा वर्ष 2022, कैसे निपटेगा प्रशासन

एन रोहिल्ला। सोहना



सोहना शहर में फैला अतिक्रमण।

**आने** वाला वर्ष 2022 आम लोगों के व्यक्तिगत जीवन से लेकर शासन प्रशासन के लिए चुनौतियों से भरा होगा। बीता वर्ष 2021 में कोरोना महामारी में अपनों के बिछड़ने का गम हो या रोजगार छूटने या फिर व्यापार में मंदा सभी ने आर्थिक हालत को पतला करके रख दिया।

वर्ष-2021 सोहनावासिओं के लिए कोई खास फलदायक नहीं रहा। अपनों का साथ छूट जाने का दर्द लोगों को पूरे साल रहा। बड़ी संख्या में लोग कोरोना महामारी की चपेट में आने से काल का ग्रास बन गए। जिनकी यादें परिजनों को सताती रहेंगी। बाजारों में मंदी का आलम बना रहा। व्यापारी मंदी के कारण पूरे वर्ष मायूस रहे। शहर में जाम और अतिक्रमण से नागरिक साल भर जूझते रहे। राजनीतिक गतिविधियां कोरोना के चलते सामान्य से भी कम रहीं।

### वर्ष 2022 की चुनौतियां

**नये** वर्ष की शुरुआत ऐसे समय में हो रही है जब देश कोरोना की तीसरी लहर ओमिक्रॉन की चपेट में आ चुका है। इसके लिए आम आदमी प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर महामारी का मुकालबा करते हुए बीते वर्ष 2021 की तरह से हराने का कार्य करे।

व्यक्तिगत तौर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारियों को अपना कारोबार को पटरी पर लेकर आना और कोरोना से पूर्व जैसा व्यापार स्थापित करने के लिए ऐढ़ी-चोटी का जोर लगाना होगा।

### अतिक्रमण और जाम से निजात

**नगर** परिषद प्रशासन वर्ष 2021 में भी शहर के बाजारों में फैले अतिक्रमण और जाम की समस्या समाप्त करने के लिए जुटा रहा। नये साल में भी यह समस्या चुनौती बनकर खड़ी है। गंदगी मुक्त शहर बनाना और कूड़ा निस्तारण केन्द्र स्थापित करने के लिए परिषद प्रशासन अधिकारियों को गंभीरता से निपटना होगा। इसके अलावा वर्ष 2022 में परिषद का आम चुनाव कराना भी चुनौती होगी।

### शासन व प्रशासन से उम्मीदें

**शिक्षा** और स्वास्थ्य के क्षेत्र में युवाओं के लिए मेडिकल कॉलेज या यूनिवर्सिटी का स्थापित होना। स्वास्थ्य के लिए राज्यस्तरीय अस्पताल की सुविधा दिलाना शासन और प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर आने की जरूरत है। गुरुग्राम के बाद सोहना शहर को दिल्ली मेट्रो या मोनो रेल लाइन से जोड़ना। जिससे क्षेत्रवासियों के लिए यातायात की समस्या आसान हो सके। खेल के मायने में देवीलाल खेल स्टेडियम में कोच और ट्रक मुहैया करना भी प्रतिभामान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे।

## अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**नूंह।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा छह के लिए 9 जनवरी 2022 को होने वाली प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन आयोजित होगी।

परीक्षा का आयोजन एनटीए द्वारा किया जाएगा। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए 300 अंकों की परीक्षा होगी। परीक्षा में 150 अंक का गणित तथा 50-50 अंकों की बौद्धिक क्षमता, भाषा व सामान्य ज्ञान होगा। छात्र अपने एडमिट कार्ड https://aissee.nta.nic.in वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल दिवस को शहीदी बाल दिवस घोषित किया जाए

**सोहना।** सोहना नगर परिषद के वार्ड-चार के तहत लगने वाले गांव बालूदा के पूर्व नगर पार्षद राजीव यादव बालूदिया ने केन्द्र व प्रदेश सरकार से मांग की है कि बाल शहीदों के इतिहास को जीवंत रखने के लिए जरूरी है कि केन्द्र सरकार एक कानून पास कर बाल दिवस को शहीदी बाल दिवस के रूप में घोषित करे। बाल शहीदों के इतिहास को सभी शिक्षा बोर्डों के पाठयक्रम में शामिल करना अनिवार्य बनाया जाए। राजीव यादव बालूदिया ने अपने कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कहा कि बाल शहीदों का अपना इतिहास है और देश के इतिहास में एक-2 नहीं बल्कि सैकड़ों ऐसे वीर बालक हुए हैं, जिन्होंने हंसते-हंसते अपने प्राणों को देश के लिए अर्पित कर दिया। इनमें सबसे छोटे मात्र 6 वर्ष की अवस्था के सरदार फतेह सिंह और 9 वर्ष की अवस्था के सरदार जोरावर सिंह थे, जिन्हें जिंदा दीवारों में चिनवा दिया था परंतु वह मौत के भय से भी टस से मस नही हुए।

### गोदाम से 150 लोहे की प्लेट हुई चोरी

**सोहना।** सिटी थाने के गांव लाखूवास में सैट्रिंग के गोदाम से 150 लोहे की प्लेटें चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गोदाम मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया। लाखूवास निवासी भीमसिंह ने पुलिस को बताया कि उसके गांव में सैट्रिंग का गोदाम है। जिस पर गांव का ही निवासी छत्रपाल चौकीदार रहता है। बुधवार सुबह छत्रपाल ने फोन करके उसे गोदाम में चोरी होने की सूचना दी। 150 लोहे की प्लेट गायब थीं। प्लेटों को अज्ञात चोर गाड़ी में भरकर ले गए। गाड़ी आने व जाने के निशान बने हुए हैं। पुलिस ने प्लेट चोरी करने वालों की तलाश शुरू कर दी है।

### भांगरोला में नगर निगम की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**गुरुग्राम।** नगर निगम के रास्ते से मिट्टी उठाने और धार्मिक चिन्ह लगाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर गांव के लोगों ने पुलिस आयुक्त को शिकायत दी है। गांव भांगरोला निवासी जयप्रकाश, रतन नंबरदार, अनिल कुमार, किरोड़ी और प्रेम ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर कहा है कि गांव के प्रदीप पुत्र सुखबीर ने 30 दिसम्बर 2021 को नगर निगम के एक रास्ते को करीब सात फुट गहरा जेसीबी से खुदवाया और वहां से उठाई गई मिट्टी अपने मकान में डलवाई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि प्रदीप ने नगर निगम के इस रास्ते पर अपना अधिकार जमा रखा है। रास्ते को तार फेंसिंग करके बंद किया हुआ है। इसके साथ ही उसने निगम के रास्ते पर ही अपना धार्मिक स्थान भी स्थापित कर लिया है। पुलिस आयुक्त से अपील करते हुए जयप्रकाश, रतन नंबरदार, अनिल कुमार, किरोड़ी और प्रेम ने मांग की है कि सरकारी जमीन पर कब्जाधारी के खिलाफ उचित कार्यवाही करें और अतिक्रमण हटवाएं।

### एक दिन में 500 लोग लगवा सकते हैं कोविड टीका



**सोहना।** नागरिक अस्पताल में एक दिन में 500 लोग कोरोना की पहली और दूसरी कोविड डोज लगवा सकते हैं। नागरिक अस्पताल में कोविड की पहली और दूसरी डोज लगवाने वालों की लाइन कड़ाके की सर्दी में सुबह आठ बजे से लगनी शुरू हो जाती है। जबकि कोविड टीकाकरण 10 बजे शुरू होता हैं। नागरिक अस्पताल में दूसरी डोज के साथ पहली डोज का टीका लगवाने वालों की संख्या 100 से पार होने लगी है। जबकि दूसरी डोज लगवाने वालों की संख्या 300 तक पहुंच रही है। सरकारी विभागों में कार्य करने वाले जिन कर्मचारी और अधिकारियों ने अब तक एक भी टीका नहीं लगवाया था। ऐसे कर्मचारी और अधिकारी अब सरकार द्वारा सख्ती बरती जाने के बाद से अपने आप आगे आने लगे हैं। जिसमें शिक्षा विभाग से लेकर मार्केट कमेटी, नगर परिषद, पुलिस, जनस्वास्थ्य विभाग आदि अन्य विभागों के कर्मचारी-अधिकारी शामिल हैं। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर का कहना है कि एक दिन में पहली डोज का टीका लगाने के लिए 200 और दूसरी डोज का टीका 300 लोगों लगवाने का लक्ष्य चल रहा है। एक दिन में पहली और दूसरी डोज का टीका लगाने का लक्ष्य 500 लेकर किया जा रहा है।

### सारा पैथ लैब पर टीम ने मारा छापा




स्वास्थ्य विभाग की टीम छापेमारी करती हुई ।

**मेवात।** राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ के बाहर टीन शेड के नीचे चल रही सारा पैथ लैब पर सीएम विंडो पर मोहम्मद आरिफ के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को छापा मारकर कुछ दस्तावेजों को कब्जे में लिया है। डॉ पंकज वत्स की अगुवाई में पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को सारा पैथ लैब पर छापेमारी की गई। डॉक्टरों की टीम ने पैथ लैब से कुछ दस्तावेजों को भी कब्जे में लिया है। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने भी कुछ दस्तावेज टीम को उपलब्ध कराएं हैं, जिनकी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पैथ लैब सैंपल कलेक्शन सेंटर जांच में नजर आ रहा है। नमूने लेकर यह कलेक्शन सेंटर गुरुग्राम की किसी लैब से टेस्ट कराता है। डॉ पंकज ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने लैब संचालक को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया है। साथ ही जो दस्तावेज कलेक्शन सेंटर से कब्जे में लिए गए हैं, उनकी जांच की जाएगी उसके बाद ही कोई कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डॉ पंकज वत्स ने कहा कि लोग ऑथराइज सेंटर पर ही जांच कराएं, उन्होंने कहा कि नल्हड़ मेडिकल कॉलेज, अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा तथा सीएचसी नूंह में सभी प्रकार के टेस्ट मुफ्त में किए जा रहे हैं। लिहाजा लोग सरकारी संस्थानों में ही या फिर अधिकृत लैब में ही अपने नमूनों की जांच कराएं।

### जयहिन्द मंच नूंह के जिलाध्यक्ष व महासचिव दिल्ली में सम्मानित




जिला महासचिव कासिम बिलाल को सम्मानित करते हुए।

**नूंह।** जयहिंद मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने नूंह जिला अध्यक्ष लियाकत अली और जिला महासचिव कासिम बिलाल को जिला कार्यालय उद्घाटन के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करने पर दिल्ली राष्ट्रीय कार्यालय पर सम्मानित किया। गौरतलब है कि जय हिंद मंच देश का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है जिससे 10 लाख से भी ज्यादा सदस्य जुड़े हैं और 173 जिलों में अपने कार्यालय का उद्घाटन किया जा चुका है। दरअसल 20 अक्टूबर को नूंह में जयहिंद मंच के जिला कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें लियाकत अली के नेतृत्व में अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए सैकड़ों बाइकर ने जयहिंद मंच के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, गृह मंत्रालय में डायरेक्टर बहन चित्रलेखा शर्मा और उनकी पूरी टीम का नूंह पहुंचने पर स्वागत किया। पुराने बस अड्डे के पास स्थित फकरु मार्केट में जिला कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत सैकड़ों बाइकर द्वारा निकली गई तिरंगा यात्रा के साथ साथ लियाकत अली के पैतृक गांव दिहाना पहुंचकर ग्रामवासियों व इलाके के गणमान्य लोगों को संबोधित किया। भव्य कार्यक्रम से प्रभावित होकर सुरेश शर्मा जी ने लियाकत अली, कसीम बिलाल को दिल्ली राष्ट्रीय कार्यालय बुलाकर सम्मानित करते हुए उनकी टीम को बधाई दी।


बाईपास के निकट मिथलेश्वर काली मंदिर में कचरे के ढेर में लगी आग।

## प्रतिबंध के बावजूद कूड़ा जला कर बढ़ा रहे प्रदूषण

कविता। फरीदाबाद

**शहर** को जहां एक तरफ नगर निगम आयुक्त द्वारा कचरा मुक्त करवाने की मुहिम के साथ '31 दिसंबर याद है न' का नारा दिया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ कचरे में जगह-जगह आग लगाई जा रही थी। ऐसे में शहर में प्रदूषण को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा था। आलम यह रहा कि सुबह से शाम तक पूरा वातावरण प्रदूषित रहा।

बाईपास रोड पर सेक्टर आठ के निकट स्थित मिथलेश्वर काली मंदिर और ईएसआई अस्पताल के निकट खुले में कचरा जलाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा था। आग किसने लगाई, कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार ही नहीं। गौर करने वाली बात यह है कि जिले में नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव द्वारा '31 दिसंबर याद है न' का नारा देते हुए सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए सरकार द्वारा लगातार स्वच्छता पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है।

लेकिन इसके बावजूद शहर में जगह जगह खुले में इस गंदगी, कूड़े और कचरे को डंपिंग यार्ड में पहुंचाने की बजाये आग के हवाले किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के नाम पर सिर्फ दिखावा ही किया जा रहा है।

**आग का सच :** मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि कूड़े के ढेर पर आग किसी और ने नहीं बल्कि नगर निगम के कर्मियों द्वारा ही आग लगाई गई है। जिसके सबूत उनके पास मौजूद हैं। उनका कहना है कि सरकार सफाई अभियान पर हर महीने लाखों रुपये खर्च कर रही है। शहर से कूड़ा उठाकर बंधवाड़ी पहुंचाने के लिए ईकोग्रीन कंपनी को भारी भरकम भुगतान और संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। ऐसे में आखिरकार क्यों आग लगाई गई, यह बात लोगों की समझ में नहीं आ रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग दोपहर बाद इसलिए लगाई गई थी, ताकि इस ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान न जाए और उक्त लोगों पर कोई कार्रवाई न की जाए। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि यह आग आसपास रहने वाले लोगों ने लगाई है। लेकिन इस दौरान आग किसने लगाई यह स्थिति अगले दिन तक भी स्पष्ट नहीं हो सकी।

# आज से मास्क नहीं-सेवा नहीं वैक्सीनेशन नहीं- एंट्री नहीं : डीसी

### कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचाव को प्रशासन सजग

### सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग दस्ते होंगे तैनात, सरकारी कार्यालयों में विभाग अध्यक्ष जिम्मेदार


सेक्टर 12 लघु सचिवालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोविड-19** के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए उपायुक्त जितेंद्र यादव ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला के सभी अधिकारियों व निजी अस्पतालों के संचालकों की मीटिंग ली। मीटिंग में उन्होंने कहा कि आपदा अभी गई नहीं है और हमें इसके लिए लगातार सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमें पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए शुरुआत में ही सभी जरूरी कदम उठाने हैं।

मीटिंग में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से बचाव को लेकर प्रशासन सजग और सतर्क हो गया है। दिल्ली और आसपास के जिलों में प्रतिदिन बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से जिला प्रशासन सभी संभव कदम उठा रहा है। अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव व फैलने से रोकने के लिए सभी पात्र नागरिकों को वैक्सीन लगवानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला में 83 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लग चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक जनवरी से नो मास्क -नो सर्विस, नो वैक्सीनेशन-नो इंट्री का नियम लागू किया जा रहा है। सभी सार्वजनिक स्थानों, सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों, संस्थाओं, संस्थानों, प्रतिष्ठानों में कोरोना रोधी टीके की दोनों डोज लिए हैं उनको ही प्रवेश की अनुमति होगी।

डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें जिस अधिकारी व कर्मचारी व नागरिक ने दोनों टीके लगवाए हुए हैं, उन्हीं की कार्यालयों में एंट्री हो। बिना टीका लगवाएं कार्यालय में एंट्री न हो। इसके लिए सभी कार्यालयों के बाहर सूचना भी अवश्य लगाई जाए। उन्होंने कहा कि दुकानदार और बड़े प्रतिष्ठान भी यह सुनिश्चित करें की जिस ग्राहक ने दोनों टीके लगवाए हैं उसी को सामान दें। यह सभी के हित में है। डीसी ने कहा कि प्रशासन की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सरकारी कार्यालयों में गेट पर चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। कोरोना वैक्सिनेशन का सर्टिफिकेट दिखाने पर ही एंट्री करने दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए हमें ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण के फैलाव की रोकथाम के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। दोनों टीके लगवाए, घर से बाहर फेस मास्क पहनकर ही निकलें। भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। कोविड प्रोटोकॉल की अनुपालना करें। मीटिंग में उन्होंने सभी अधिकारियों व आम लोगों से आह्वान किया कि इसको कोरोना व ओमिक्रॉन जैसी महामारी से निपटने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। मीटिंग में स्मार्ट सिटी की सीईओ डॉ. गरिमा मित्तल, डीसीपी नितीश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एचएसवीपी के इस्टेट आफिसर अमित कुमार गुलिया, सीएमओ डा. विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डा. रामभगत, आईएमए की प्रधान डा. पुनीता हसीजा, ईसीआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन डा. असीम दास आदि सभी निजी अस्पतालों के संचालक मौजूद थे।

## युवक की हत्या कर शव खंडहरों में फेंका


खंडहर में शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस टीम।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### ओल्ड प्रेस कॉलोनी के खंडहरों से पुलिस ने बरामद किया शव

**एनआइटी** इलाके में स्थित केंद्र सरकार की ओल्ड प्रेस कॉलोनी के खंडहर हो चुके क्वार्टरों से पुलिस ने लोगों की सूचना पर एक युवक का शव बरामद किया है। करीब 30 वर्षीय मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं।

सूचना मिलने पर थाना मुजेसर प्रभारी संदीप कुमार और अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मृत की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव पहचान एवं पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल की मोरचरी में रखवा दिया है।

जानकारी के मुताबिक ओल्ड प्रेस कालोनी के खंडहर हो चुके सरकारी क्वार्टरों में काफी संख्या में लोग अपने परिवारों के साथ रहते हैं। लेकिन भारी संख्या में क्वार्टर खाली पड़े हुए हैं।

इन खाली क्वार्टरों में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। शुक्रवार को कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने देखा कि खंडहर में युवक का शव पड़ा हुआ है। उसके बताने अन्य लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। थोड़ी ही देर में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया।

समझा जा रहा है कि मृतक युवक का अपने साथियों के साथ झगड़ा हो गया होगा। जिसमें अन्य लोगों ने चोट मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

## स्वच्छता की मुहिम में हर जनमानस को जुड़ना जरूरी : डीसी


सेक्टर 12 टाउन पार्क के बाहर सफाई अभियान के तहत सफाई करते डीसी जितेंद्र यादव।

**फरीदाबाद।** 31 दिसम्बर, याद है ना यानि कचरा मुक्त दिवस। स्वच्छता को लेकर शुरू की गई निगमायुक्त की इस पहल का स्वागत करते हुए जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि इस मुहिम से शहर का हर जनमानस दिल से जुड़ा हुआ है।

खासकर इस स्वच्छता अभियान से जुड़ने में मार्निंग हेल्थ क्लब फरीदाबाद अपनी खास भूमिका निभा रहा है जोकि सप्ताह में एक दिन स्वच्छता ड्राईव चलाता है। जिला उपायुक्त ने उक्त विचार आज यहां टाऊन पार्क में उक्त स्वच्छता ड्राईव के तहत क्लब के पेटर्न के तौर पर स्वयं अपने हाथों से रोड की सफाई और झाड़ियों की कटाई-छंटाई करते हुए व्यक्त किए। इस स्वच्छता ड्राईव में उनके साथ नगर निगम के संयुक्त

### खेल परिसर में खेलने वाले बच्चों ने भी अपनी भागेदारी की

आयुक्त अनिल यादव और डॉ. नरेश, जिला वन अधिकारी राजकुमार सहित मार्निंग हेल्थ क्लब से राजेन्द्र मेंदीरत्ता, जितेन्द्र चौधरी, अजय नरवत, अमित चौधरी, नवीन गुप्ता, विंग कमांडर हरिचंद मान, सुरेन्द्र डूडी, संजय शर्मा, जतिन चौहान, दीपक पुरी, कविता शर्मा, सावित्री, आदि मेंबर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता ड्राईव टाऊन पार्क से शुरू होकर मिनी सचिवालय तक पहुंची जहां पूरे रास्ते में सफाई की गई जिसमें खेल परिसर में खेलने वाले बच्चों ने भी अपनी भागेदारी की।

## रावल अकादमी ने 5 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** दिल्ली के रामानुजन कॉलेज में चल रहे डब्ल्यूसीएल अंडर-14 के क्रिकेट टूर्नामेंट में फरीदाबाद की रावल क्रिकेट अकादमी ने पांच विकेट से मैच जीत लिया। मैच रावल क्रिकेट अकादमी और फैंड्स क्लब प्रीतमपुरा के बीच खेला गया। रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। फ्रेंड्स क्लब की टीम ने 30 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। जिसमें धान्या ने 56 रन, मनजीत ने 17 रन बनाए। रावल के गेंदबाज वरदान बहल ने तीन विकेट लिए। तनमय ने दो विकेट लिए। निखिल, यश ने एक-एक विकेट लिया। रावल के बल्लेबाजों ने 25 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। जिसमें तनमय ने 70 रन बनाए। निखिल ने 30 रन बनाए। वंश ने 15 रन बनाए। फ्रेंड्स क्लब के गेंदबाज मोक्ष ने तीन विकेट लिए। देवांश ने एक विकेट लिया। अंत में मैन आफ द मैच तनमय को दिया गया।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कर्मियों ने निकाला जूलुस


सेक्टर 12 में प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर।

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्री शर्मा ने कहा कि प्रमुख मांगों के समाधान होने तक आंगनबाड़ी कर्मियों की हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने सरकार द्वारा हड़ताल में शामिल न होने वाली सरकारी यूनियनों को साथ लेकर हड़ताल तोड़ने के सरकारी प्रयासों और डीपीओ व सीडीपीओ द्वारा आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स को डराने-धमकाने की निन्दा की।

उन्होंने यह आह्वान शुक्रवार को बीके चौक पर आक्रोश प्रदर्शन से पूर्व आयोजित हड़ताली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए किया। हड़ताली आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स ने बीके चौक से नीलम चौक तक जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, जिला प्रधान अशोक कुमार, जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, खंड प्रधान करतार सिंह व सीआईटीयू के जिला प्रधान निरंतर पराशर व उपाध्यक्ष विजय झा और आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन की खंड प्रधान बिधू और सुषमा आदि मौजूद थे।

## झपटमारी के आरोप में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने स्नैचिंग करने वाले आरोपी को छिने गए मोबाइल फोन और वारदात में प्रयोग बाइक सहित बल्लभगढ़ वाई पास रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्ष कुमार गांव तिगांव फरीदाबाद का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी हर्ष कुमार ने अपने साथी पवन के साथ थाना सेक्टर-7 के क्षेत्र में मोबाइल फोन छिन्ने की घटना को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-7 में दर्ज है। आरोपी पवन गांव तिगांव के मर्डर के मुकदमें में पहले ही गिरफ्तार कर जेल में बन्द है। आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूछताछ में आरोपी से पता चला की वह ग्रेजुएशन फर्स्ट ईयर का छात्र है आरोपी 15 दिसम्बर को आरोपी पवन के साथ था। आरोपी हर्ष कुमार मोटरसाकिल चला रहा था। आरोपी को आज पेश अदालत करके जेल भेज दिया गया है।

## चला स्वच्छता अभियान, विधायकों ने किया श्रमदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम फरीदाबाद द्वारा 31 दिसंबर याद है ना मुहिम के तहत सभी वार्डों को कचरा मुक्त करने के लिए शहर में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। निगमायुक्त द्वारा चलाए जा रहे इस मेगा सफाई अभियान में विभिन्न विधायक भी जुड़े तथा अपने शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए श्रम दान किया।

वार्ड नंबर-10 में विधायक नीरज शर्मा ने महासफाई अभियान में अपने क्षेत्र में स्थित एयरफोर्स रोड, डबुआ कालोनी में साफ-सफाई करवाई। इस सफाई अभियान में निगमायुक्त के साथ संयुक्त आयुक्त गौरव अंतिल, नोडल अधिकारी विजय सिंह तथा मास्टर ट्रेनर पिंकी बरार एवं वांलिएंटर्स एडी सी.सै स्कूल के आर्य भूषण का सहयोग रहा। वार्ड-12 में विधायिका सीमा त्रिखा ने रोनाल्ड होटल नीलम बाटा रोड तथा वार्ड-15 में मस्जिद चौक से मुल्ला होटल तक सफाई अभियान में श्रमदान दिया। निगम की महापौर सुमन बाला, इंद्रजीत कुलड़िया (नोडल अधिकारी, वार्ड न0-12), बीएस ढिल्लो (नोडल अधिकारी, वार्ड न0-15), मास्टर ट्रेनर प्रमोद मनोचा और वांलिएंटर अनिल शर्मा, नरेन्द्र (गोल्ड वे पीस), दीपेश (यूथ क्लब डीएवी एनआईटी-3) ने अपने-अपने क्षेत्र में सफाई कराई। वार्ड-22 और 23 के विधायक राजेश नागर का भी श्रमदान रहा।



नगर निगम फरीदाबाद द्वारा मैगा सफाई अभियान की शुरुआत करते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

उन्होंने अशोका इंक्लेव से लगती हुई सड़क और सेक्टर-37 में तथा वार्ड-23 के सैक्टर-91 में सफाई अभियान चलाया। जिसमें संयुक्त आयुक्त डा. नरेश, नोडल अधिकारी, दिनेश कुमार, श्रीमति समिता कनौड़िया, मास्टर ट्रेनर्स, एकता रमन और मोनिका शर्मा (वांलिएंटर्स उज्जवल ज्योति फाउंडेशन और हयूमन कांइड फाउडेंशन) ने दोनो वार्डे में सफाई कराई।

विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने वार्ड 30 और 32 में श्रमदान दिया। उन्होंने बाराही तालाब, ओल्ड फरीदाबाद, सेक्टर-14-17 और डिवाइडिंग रोड में सफाई कराई गई। विधायक के साथ निगम के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा, नोडल अधिकारी जितेन्द्र कुमार, मास्टर ट्रेनर्स रितु अरोडा, पिंकी बरार तथा वांलिएंटर्स दिनेश तथा सभी आर.डब्ल्यूए मैम्बर्स ने बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया और सेक्टर-15 के सरकारी स्कूली बच्चों को भी इस अभियान में शामिल किया गया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अग्रवाल कालेज, तिगांव रोड, नियर ब्राहमण धर्मशाला में सफाई अभियान चलाया। जिसमें नालों तथा सीवर लाईनों को साफ करने, सड़कों की सफाई करने तथा कूड़े के खत्तों को साफ करने का कार्य किया गया। 31 दिसम्बर याद है न को लेकर विधायक नयनपाल रावत ने भी सफाई अभियान में अपना श्रमदान दिया। सफाई अभियान की शुरुआत सुबह 11.00 बजे से हुई।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



### नज़रिया

दिनेश रघुवंशी, कवि

समूचे विश्व में हो प्रेम, करूणा, शांति का वंदन
मनुजता के हमेशा भाल पर शोभित रहे चंदन
नये सपने, नयी आशा, नया विश्वास है मन में
नयी आशा, नवल संकल्प से नव-वर्ष अभिनंदन

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों ने की मलेरना रोड की सफाई



स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक सफाई अभियान को बढ़ावा देते हुए।

**फरीदाबाद।** कचरा मुक्त दिवस 'अपना शहर फरीदाबाद होगा प्रदूषण मुक्त' का संदेश देते हुए मलेरना रोड स्थित ज्ञान ज्योति स्कूल के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने अपने शहर फरीदाबाद को कचरा मुक्त बनाने के लिए मलेरना रोड पर सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर मलेरना रोड स्थित ज्ञान ज्योति स्कूल के संस्थापक अरविंद कश्यप, प्रिंसिपल प्रजेश कश्यप और अध्यापक गणों के साथ मिलकर सभी बच्चों ने रोड को कचरा मुक्त किया। उन्होंने सभी फरीदाबाद के निवासियों से निवेदन किया है कि अपने अपने आसपास सफाई करें और फरीदाबाद की रैंकिंग अच्छी बनाने में प्रशासन का सहयोग दें।

### जिले में कोरोना के 26 नए संक्रमित, सात ठीक

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को जिले में 26 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में सात रोगियो ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 154 पर पहुंच गया है। इनमें छह मामले अस्पताल में भर्ती है और 148 मरीज होम आईसोलेशन में है। नए आए 26 मरीजों में से तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं जिले का रिकवरी रेट 99.13 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 3278 लोगों की जांच की गई। जिसमें 2733 की रिपोर्ट आनी शेष है।

### पदक विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न 'राष्ट्रीय कैडेट्स एवं जूनियर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता' में फरीदाबाद जिले के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 41 पदक (क्रमशः 18 स्वर्ण, 12 रजत एवं 11 कांस्य) जीतकर राष्ट्रीय पदक तालिका में हरियाणा प्रदेश को दूसरा स्थान दिलाया। हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इंडोर स्टेडियम, बालेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न वाको इण्डिया राष्ट्रीय कैडेट्स एवं जूनियर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की 101 सदस्यीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 64 पदक जीतकर राष्ट्रीय पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के जिलाध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने बताया की प्रदेश की टीम ने हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में यह उपलब्धि हासिल की है एवं राष्ट्रीय पदक तालिका में दूसरा स्थान दिलवाने में फरीदाबाद जिले का योगदान अहम् है और फरीदाबाद जिले ने 18 स्वर्ण 12 रजत एवं 11 कांस्य पदक जीते हैं और यह जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव की बात है। जिले के सभी खिलाडियों को किकबॉक्सिंग हाल, नगर निगम खेल परिसर, एनएच-तीन, फरीदाबाद में मुख्य अतिथि सीमा त्रिखा, विधायक - बड़खल ने सम्मानित किया।

### मेगा सफाई अभियान में लगी 42 जेसीबी मशीनें

**फरीदाबाद।** निगम आयुक्त द्वारा "31 दिसंबर याद है ना" के नारे को साकार करते हुऐ आज 31 दिसम्बर को निगम क्षेत्र में मेगा सफाई अभियान प्रत्येक वार्डों में चलाया गया। प्रत्येक वार्ड के नोडल अधिकारियो ने अपनी-अपनी वार्डों की टीम के सदस्यों तथा निगम के कर्मचारियों की सहायता से सफाई करवाने, नालों तथा सीवर लाईन साफ करने, कूड़े के खत्तों को खत्म करने, बाजारों, पार्कों, ग्रीन बेल्ट में तथा ऐसे अन्य स्थानों से कब्जा हटाने का अभियान चलाया। "31 दिसंबर याद है ना" के तहत महासफाई अभियान को सफल बनाने के लिये शहर में 42 जे0सी0बी0, 73 ट्रैक्टर ट्रॉलियां, 9 डम्परों, 1 सुपर शॉक्कर मशीन तथा पर्याप्त मात्रा में रिक्शे व वाटर टैंकर प्रयोग में लाये गये जिनसे हर वार्ड के आखिरी कोने तक सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कर कूड़े-कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवाकर और बंधवाड़ी प्लांट भेजा गया। आज के इस महा सफाई अभियान में सभी नोडल अधिकारी, पार्षद, एन0जी0ओ0, सीएसआर पार्टनर, विभिन्न संस्थाओं/स्कूलों तथा निगम के सभी सफाई कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड की टीम ने बाजारों, पार्कों, ग्रीन बेल्ट, सार्वजनिक स्थानों से कब्जा हटाने का कार्य जोर शोर से किया। सामाजिक संगठन, एनजीओ और स्कूली बच्चों ने प्रत्येक वार्ड में जाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि कूड़े को बाहर नहीं फैंकना है, इको ग्रीन की गाड़ी को देना है । हर घर में दो डस्टबिन रखकर गीले और सूखे कूड़े को घर में ही अलग-अलग रखना है और गाड़ी में अलग-2 डालना है। उन्होंने मार्किट में दुकानदारों को जागरूक करते हुए उनसे अपनी दुकान में गीले और सूखे कूड़े के लिए अलग-2 डस्टबिन रखने को कहा।

### जेसी बोस में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव संपन्न

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कई प्रकार की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। महोत्सव का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। डीन एवं विद्यार्थी कल्याण विभाग तथा संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हवन-यज्ञ, चित्रांकन प्रतियोगिता के उपरांत मैराथन-रन फॉर गीता महोत्सव, सत्संग एवं संवाद जैसी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रथम दिन-विश्वविद्यालय परिसर में कलाम चौक पर आयोजित हवन यज्ञ में कुलपति श्री राज नेहरू, कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग एवं डीन एवं चेयरमैन, फैकल्टी और विद्यार्थियों ने आहुति डालकर महोत्सव का आरम्भ किया।उसके उपरांत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन एवं ऑफलाइन 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों द्वारा कागज पर उकेरे गए रंग बिरंगे चित्रों की कुलपति ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। दूसरे दिन-डीन एवं विद्यार्थी कल्याण विभाग तथा संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मैराथन-रन फॉर गीता महोत्सव को कुलपति श्री राज नेहरू और कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहे। तीसरे दिन-चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर के अरविंद दक्ष माधव प्रभु एवं क्रिस्टोफर शनों और कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### जन सहभागिता से सफल होगा जल जीवन मिशनः खंडूजा

**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के तहत करवाई जा रही 4 दिवसीय ट्रेनिंग के अंतिम दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक खंडूजा अधीक्षक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, परिमंडल कैथल ने शिरकत की। उनके साथ विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि कार्यकारी अभियंता अरविंद रोहिल्ला, गौरव कंसल, नोडल अधिकारी दीपक कुमार, राष्ट्रपति अवॉर्डी मोनिका भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रीन अर्थ संगठन के संस्थापक डॉ नरेश भारद्वाज द्वारा की गई। मुख्य अतिथि अशोक खंडूजा ने कहा कि जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता सबसे जरूरी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से कहा कि वह जल जीवन मिशन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें और जो आप सीख कर गए हैं, उसे जमीन पर क्रियान्वित करें ताकि लोग पानी की कीमत को समझें और जल संरक्षण करें ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी को जल मिल सके। उन्होंने बताया कि ऋगवेद मे बताया गया है। जल आनंद का स्रोत है ,ऊर्जा का भंडार है। कल्याणकारी है। पवित्र करने वाला है और माँ की तरह पोषक तथा जीवनदाता है। अरविंद रोहिल्ला, कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर 1 कैथल ने बताया कि हम सबको मिलकर पानी बचाना है। तभी जल जीवन मिशन जमीन पर सार्थक साबित होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 1 जनवरी, 2022



# विधि व्यवस्था का भारतीयकरण

## न्यायाधीशों की पसंद

**सर्वोच्च** न्यायालय के कम से कम दो जजों ने हाल के महीनों में विधि व्यवस्था के 'भारतीयकरण' का सुझाव दिया है, जिनमें से एक प्रधान न्यायाधीश हैं। प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण का विचार व्यवस्था को भारतीय 'यथार्थ' स्वीकार करने तथा न्याय प्रदाता व्यवस्थाओं के स्थानीयकरण तक सीमित है। लेकिन जस्टिस एस. अब्दुल नजीर भारतीय विधि व्यवस्था के 'वि-औपनिवेशीकरण' पर जोर देते हुए जोर दिया है कि मनु, कौटिल्य या याग्यवल्क्य की प्राचीन परंपराओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस पी.एन. भगवती का संदर्भ दिया है जिन्होंने एक बार कहा था कि हमारी न्यायिक सोच को केवल इंग्लैंड में प्रचलित कानून के संदर्भों तक 'संकुचित' नहीं किया जा सकता है। संविधान सभा की बहसों में भी यह मुद्दा उठाया गया था। उस समय जब राष्ट्रवाद एक सामाजिक गरिमा का मामला था, भारतीय न्यायशास्त्र के वि-पश्चिमीकरण की तुलना एक राष्ट्रवादी विधि व्यवस्था से की जा सकती थी। भारतीय विधि व्यवस्था का इतिहास काफी प्राचीन है और उसकी शुरुआत वैदिक काल या इससे भी पहले से होती है। महाभारत में धर्म संस्थान के संदर्भ हैं। वैदिक काल में विधि का उद्देश्य धर्म को बनाए रखना है जिसमें विधिक व धार्मिक दायित्व शामिल थे। मनुस्मृति में धर्म की रक्षा हेतु नियमों व विनियमों को परिभाषित किया है। अदालतों ने विधि की तीन व्यवस्थायें स्वीकार की हैं-धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र और सदाचार या चरित्र। न्यायशास्त्र के सिद्धान्त बहुत अ'छी तरह परिभाषित थे जिनमें मुकदमेबाजी के आधार, जूरी व्यवस्थाओं, गवाहों संबंधी विधि, 'विवाद' का वर्गीकरण तथा यहां तक कि न्यायिक मनोविज्ञान भी शामिल है।



मुगलों के आने के बाद विधिक परंपरायें बदल कर धार्मिक समुदायों पर आधारित हो गईं। जहां बादशाह का कानून सर्व-शक्तिशाली था और सुन्नी हनफी परंपरा को आधिकारिक विधि व्यवस्था माना गया था, वहीं शिया और हिंदू विधिक परंपराओं को भी स्वीकार किया गया था और उनका व्यवहार होता था। ब्रिटिश शासनकाल में विधि का विकास धर्मग्रंथों से अलग हट कर कामन ला व्यवस्था पर आधारित हो गया। अंग्रेजों ने विधि के संहिताकरण की शुरुआत की तथा भारतीय दंड संहिता, अपराध प्रक्रिया संहिता व अन्य संहिताओं को तैयार किया। भारत के स्वतंत्र होने पर संविधान ने भारतीय विधि को औपनिवेशिक कानूनों से अलग कर एक जीवन्त चीज में बदला जिसमें सेक्युलर विधि के तत्व थे जिनका व्यवहार मौर्य शासनकाल में होता था। लेकिन प्रमुख रूप से इसकी जड़ें समाज कल्याण में निहित थीं जो समाज के सबसे कमजोर सदस्यों का सशक्तीकरण करता था। हमें इस बारे में 'यादा स्पष्टता की आवश्यकता है कि विधि व्यवस्था के 'भारतीयकरण' का क्या अर्थ है। निश्चित रूप से इसका अर्थ वैदिक काल में वापस लौटना नहीं हो सकता है। आखिर हम उस काल से क्या ले सकते हैं और क्या उस समय विधि का संहिताकरण या उसकी सामाजिक सोच संहिताकरण से निर्देशित थी? उदाहरण के लिए, हम जानते है कि वर्तमान भारतीय विधि प्राचीन विधि के उलट जातियों व समुदायों में भेदभाव नहीं करती है। वर्तमान व्यवस्था सामाजिक न्याय व कानून के समक्ष समानता के पक्ष में है। यह सामाजिक संहिता, दृढ़ जातीय संरचनाओं व पितृसत्ता की ब्राह्मणवादी व्याख्याओं से अलग है। सर्वो'च न्यायालय द्वारा शबरीमाला मंदिर मामले में मासिक धर्म आयु वाली महिलाओं के मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध हटाना एक उदाहरण है। क्या प्राचीन विधि धर्म आधारित नियम को चुनौती देने की अनुमति दे सकती थी? किसी विधि व्यवस्था में परिवर्तन हो सकता है, पर उससे वर्तमान समय में हमारे समाज में न्याय करने की उसकी क्षमता प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

# भारतीय रेलवे को परिवर्तन की दरकार

वायु एवं सड़क यात्रा सुविधायें धीरे-धीरे ट्रेन यात्रियों की संख्या कम करेंगी। ऐसे में भारतीय रेलवे को ज्यादा मूल्यवान सुविधायें देनी होंगी।



**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के पूर्व जनरल मैनेजर हैं)



**अभी** हाल ही में रेल मंत्री की एक बैठक की चर्चा खबरों में है जिसमें उन्होंने भारतीय रेलवे के रोलिंग स्टाक की योजना पेश की थी। इसके बाद सदस्य टीआरएस को बाहर का रास्ता दिखाया गया क्योंकि उन्होंने बैठक के लिए कोई तैयारी नहीं की थी। हालांकि, इसके विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, पर अनुमान है कि उनको बाहर का रास्ता दिखाने का यही कारण था। ट्रेनों के भविष्य की योजना बनाना और उसे पूरी ईमानदारी से लागू करना भारतीय रेलवे-आईआर बोर्ड सदस्यों का काम होता है। लेकिन इसमें ऐसे अनेक कार्यकारी भरे हैं जो दिशाहीन तथा अनेक पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं। वे यह कटु यथार्थ स्वीकारने को तैयार नहीं हैं कि देश में सस्ती और सुविधाजनक हवाई व सड़क यात्रा को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही निराशा के उन मसीहाओं का मुकाबला करने की जरूरत है जो भ्रम फैला रहे हैं कि आईआर का अब कोई भविष्य नहीं है। यदि मुझे ऐसी योजना बनानी होती तो मैं पहले उसकी सीमा निर्धारित करने वाली स्थितियां परिभाषित करता। हमारे सामने स्पष्ट दृष्टिकोण होना चाहिए कि अगले 10 या 20 साल में भारतीय रेलवे की ट्रेनों की क्या स्थिति होगी और उसी के अनुसार योजना बनानी चाहिए। इसमें हाईस्पीड व मेट्रो ट्रेनें शामिल नहीं हैं क्योंकि वे आईआर की समीक्षा के दायरे में नहीं आती हैं।

रेलवे को आम आदमी के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। रेलवे कम किराये वाले क्लास तथा लोवर क्लास स्लीपर में भारी भीड़ के लिए कुख्यात है। आपको भले ही बर्थ मिल जाए, पर भयानक गरमी या जाड़े में धातु की बर्थ पर यात्रा करना एक सजा है जो बहुत गरम या बहुत ठंडी हो जाती है। रेलवे हर बार लोवर क्लास यात्रा से बहुत कम पैसा प्राप्त करता है, इसलिए आराम का संबंध किराये से जुड़ जाता है। यह विशिष्टतावादी तर्क है। प्रधानमंत्री के शब्दों में आम आदमी भारतीय महत्वाकांक्षाओं के केन्द्र में है। लोग भले ही आज बहुत कम पैसा देना चाहें, पर दयनीय स्थितियों में यात्रा करने वालों के साथ अ'छा व्यवहार होना चाहिए। दुनिया का अग्रणी देश बन रहे भारत के लिए यह बिल्कुल ठीक नहीं है कि उसकी जनता अमानवीय स्थितियों में यात्रा करे। लेकिन यह रास्ता कठिन है। प्रीमियम व हाई क्लास में यात्रियों से रेलवे को 'यादा आमदनी होती है और अपरिहार्य रूप से उसे लोवर क्लास के लिए 'यादा सब्सिडी देनी पड़ती है। वायु एवं सड़क यात्रा सुविधायें धीरे-धीरे ट्रेन ट्रेन यात्रियों की संख्या कम करेंगी। ऐसे में भारतीय रेलवे को 'यादा मूल्यवान सुविधायें देनी होंगी। रेलवे ने हाल में एयरकंडीशन इकोनोमी कोच शुरू करने की योजना बनाई जो बड़ी संख्या में लंबी दूरी वाली ट्रेनों में लगे हैं। इस कोच में नियमित ×एसी कोच की 72 सीटों की तुलना में 8× बर्थ हैं, पर इसका किराया उनकी तुलना में 8 प्रतिशत कम है। यह पिछले साल की गई घोषणा के अनुसार है कि रेलवे मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों से गैर-एसी कोच हटाएगा जिससे भारत की सभी ट्रेनें पूरी तरह वातानुकूलित हो जाएंगी। इस पर कहा गया कि भारतीय रेल उ'च आयवर्ग पर ध्यान दे रही है। यह दृष्टिकोण उस समय और मजबूत होता है जब एसी इकोनोमी क्लास का प्रचार सामान्य आरामदेह स्थिति के बजाय उसकी शानोशौकत के लिए 'यादा होता है।

स'चाई इन दोनों के बीच है। सरकार का रास्ता सही है क्योंकि यदि आज गैर-एसी कोच का निर्माण पूरी तरह बंद कर दिया जाए तो हम देखेंगे कि आखिरी गैर-एसी कोच 2045 तक रहेंगे। हमें विश्वास करना होगा कि अब से बीस साल बाद देश का सबसे गरीब आदमी सबसे लंबी दूरी की टेऊन में एसी यात्रा में सक्षम होगा। दो प्रकार के एसी कोच-एसी थर्ड व एसी चेयर कार आज भी मुनाफे में हैं। ×एसी यात्रियों की संख्या में स्लीपर क्लास की तुलना में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। इससे बेहतर स्थिति में यात्रा की इ'छा स्पष्ट होती है। 25 प्रतिशत 'यादा संख्या और 25 प्रतिशत कम किराये से एसी इकोनोमी कोच बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी प्रकार एसी चेयर कार को 40 प्रतिशत 'यादा यात्रियों तथा 40 प्रतिशत कम किराए के लिए तैयार किया जा सकता है जिसमें रिक्लाइनिंग सीट जैसी शानोशौकत नहीं होगी। इससे समुचित सब्सिडी में रेलवे का चेहरा बदलेगा। इस प्रकार सबके लिए एसी यात्रा संभावना के क्षेत्र में है। रेलवे पहले ही मालभाड़े की आमदनी से लगभग 45 प्रतिशत सब्सिडी यात्रियों को देता है, ऐसे में वह अगले 10-15 साल में केवल एसी ट्रेनों को संभव बना सकता है। जहां तक हाई क्लास प्रीमियम एसी वन और टू क्लास की बात है तो यात्रियों से 'यादा किराया न लेने के बावजूद इनका आकर्षण समाप्त हो रहा है। यदि किराया बढ़ाने से यात्री हवाई यात्रा की ओर चले जाते हैं तो इसकी चिन्ता नहीं करनी चाहिए क्योंकि अधिक खर्च करने योग्य यात्रियों को सब्सिडी देने का कोई औचित्य नहीं है। रेलवे को हवाई यात्रा के बजाय यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करने के उपाय करने होंगे।

इसका जवाब आधुनिक सेमी हाईस्पीड टेऊन 18-वंदे भारत एक्सप्रेस है। इसने यात्रा का समय घटाने के साथ बेहतर आरामदेह सुविधा दी है। यात्रियों द्वारा महत्व देने से ये ट्रेनें मुनाफे में हैं। इनसे भारतीय रेलवे को अधिक आमदनी तथा यात्रियों को हवाई यात्रा के विकल्प के रूप में आरामदेह यात्रा मिलती है। इसलिए योजना में ऐसी ट्रेनों का अधिक निर्माण शामिल होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को घोषणा की थी कि 75 वंदे भारत ट्रेनें अगले 75 सप्ताह में देश के 75 शहरों को आपस में जोड़ेंगी। आवश्यक है कि राजधानी, शताब्दी व अन्य प्रीमियम ट्रेनें इस प्रकार की हों। इसके साथ ही ट्रेन 18 के स्लीपर किस्म का विकास भी जरूरी है।

उम्मीद है कि लगभग पांच साल बाद भविष्य की ट्रेनें एल्यूमिनियम बाडी तथा ऊर्जा सक्षमता के साथ ही यात्रा के समय में और कमी करेंगी। ऐसी ट्रेनें 160-200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेंगी तथा एक दशक में रेलवे के सिविल व संबंधित ढांचे का उपयुक्त उ'चीकरण हो जाएगा। इससे हवाई यात्रा की तुलना में रेलवे की प्रतियोगिता मजबूत होगी। रेलवे को निजी ट्रेन सेट के लिए रियायतों की परियोजना फिर शुरू करनी चाहिए ताकि रेलवे में 'यादा से 'यादा यात्रियों के लिए 'यादा निवेश आकर्षित हो। अनेक इंटरसिटी रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम-आरआरटीएस देश में ट्रेनों के साथ प्रस्तावित हैं।

भविष्य में इंटर-सिटी यात्रा, आरआरटीएस के लिए ट्रेन सेटों को रेलवे से अलग रखना उचित नहीं होगा। यदि आरआरटीएस स्वतंत्र उद्यम बने रहें तो भी उनको बिना किसी भेदभाव के आरामदेह सुविधा प्रदान करनी चाहिए। इनसे रेलवे को अपना किराया ढांचा तथा आराम का स्तर बदलने में सहायता मिलेगी। कम दूरी की सबअर्बन यात्रा, मेट्रो ट्रेनें आम शहरियों से जुड़ी हैं। वे एयरकंडीशन हैं और अब विचार किया जाना चाहिए कि सभी सबअर्बन ईएमयू व कम दूरी वाली मेमू ट्रेनों को एयरकंडीशन होना चाहिए। इसके लिए किरायों को मेट्रो किरायों के अनुसार व्यवस्थित करना होगा। यदि दीर्घकालीन रूप से, जैसे 15 साल के लिए ऐसी योजना पेश की जाए तो सरकार के खिलाफ लोकरंजकता का आरोप भी नहीं लगेगा और सभी लोग अंततः प्रसन्न होंगे।

# उत्तर-पूर्व में अफस्पा पर यथास्थिति का औचित्य

**दीपक सिन्हा**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



**हाल** ही में नागालैंड के मोन जिले के तिरु-ओटिंग क्षेत्र में हुई दुखद घटना पर बहुत कुछ लिखा जा चुका है। गलत पहचान के मामले में, सेना के विशेष बलों के एक दल ने छह कोयला खनिकों को मार डाला। बाद में वृद्धि के कारण ग्रामीणों द्वारा प्रतिशोध में मारे गए एक विशेष बल के सैनिक सहित अधिक मौतें हुईं। सेना ने तुरंत खेद व्यक्त किया, हालांकि यह इस तथ्य से दूर नहीं है कि मौजूदा परिवेश में ऐसी घटनाएं अपरिहार्य हैं।

सच तो यह है कि स्पेशल फोर्सेज के जवानों ने अपना काम बेरहमी से किया। वे कथित रूप से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर काम कर रहे थे और खनिकों को ले जाने वाले वाहन के रुकने के दुखद परिणामों के साथ कथित तौर पर निर्णायक रूप से कार्रवाई की। यह कि वे दो घायल खनिकों को एक सिविल अस्पताल ले गए, यह दर्शाता है कि उन्होंने नेकनीयती से काम किया।

कोई केवल यह आशा कर सकता है कि राज्य सरकार द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल और स्वयं सेना द्वारा की जा रही जांच से हमें यह स्पष्ट हो जाएगा कि क्या गलत हुआ और जवाबदेही कहां है। यह अधिकारियों को सुधारात्मक उपाय शुरू करने और इस मुद्दे से न्यायसंगत और मानवीय तरीके से निपटने की अनुमति देगा, जिससे दुखद रूप से अपनी जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए किसी प्रकार का बंद होना संभव हो जाएगा।

नागालैंड में उथल-पुथल; इसके आक्रोशित नागरिक खुद को एक बर्बर और अकारण हमले के शिकार के रूप में देखते हैं। नागालैंड पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में सेना के जवानों पर हत्या करने और नागरिकों को घायल करने के इरादे का आरोप लगाया है। मीडिया के भीतर, राजनेता और नागरिक समाज में ऐसे लोग हैं जिन्होंने सेना को खराब रोशनी में दिखाने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी है, अक्षम गुंडे के रूप में जो सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) का उपयोग अपने कुकर्मों को कवर करने के लिए करते हैं, विधायकों को मजबूर करते हैं इसे वापस लेने की मांग की है।

लेकिन हम बिल्कुल स्पष्ट हो जाएं, यहां कोई निर्दोष नहीं हैं। जो कुछ हुआ है उसके लिए हम सभी दोषी हैं, चाहे वह केंद्र और राज्य सरकारें हों, नागरिक समाज हों, नौकरशाही हों, सुरक्षा प्रतिष्ठान हों और सेना भी। हर पक्ष के पास पीसने के लिए अपनी कुल्हाड़ी है और आदिवासी वफादारी, अहंकार, व्यक्तिगत वृद्धि,




लालच और सरासर अज्ञानता ने हमें अपने ही घोंसले को पंख लगाने के इरादे से एक छोटे से समूह के शीनिगन्स के लिए बंधक बना लिया है।

संदर्भ महत्वपूर्ण है, और यह सुझाव देना उचित होगा कि केंद्र और विद्रोही नागा नेतृत्व के बीच 1975 में शिलांग समझौते पर हस्ताक्षर के साथ, सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, नागालैंड को प्रभावित करने वाले पहले के विद्रोह को समाप्त कर दिया गया था। हालांकि, समझौते का विरोध करने वाले गुटों ने सशस्त्र संघर्ष जारी रखा। 1997 में, केंद्र सरकार अनिश्चित काल के लिए संचालन की समाप्ति के लिए सबसे प्रमुख विद्रोही समूह, एनएससीएन(आईएम) के साथ युद्धविराम समझौते पर बातचीत करने में सक्षम थी, जो अभी भी जारी है। इसके बाद 2015 में फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका विवरण सार्वजनिक डोमेन में नहीं है। इसके बाद, केंद्र ने एनएससीएन (एनके), एनएससीएन (आर), एनएससीएन (के-खांगो) और एनएससीएन (के) निक्की समूह जैसे अन्य विद्रोही समूहों के साथ अलग-अलग अवधि के युद्धविराम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। हमें यह समझना अच्छा होगा कि सभी विद्रोह राजनीतिक आंदोलन हैं और लंबे समय तक एक ठहराव में नहीं टिक सकते। वे या तो गति और उत्थान प्राप्त करते हैं जो गृहयुद्ध और स्वतंत्रता की ओर ले जाते हैं, या सार्वजनिक समर्थन के बिना समाप्त हो जाते हैं। फिर भी, नागालैंड सहित पूर्वोत्तर में हम जिन उग्रवादों का सामना कर रहे हैं, वे भिन्न प्रतीत होते हैं। ऐसा लगता है कि वे उग्रवाद के व्यवसाय के रूप में सबसे अच्छी तरह से कहे जा सकते हैं, क्योंकि वे न तो सफल होते हैं और न ही मुरझाते हैं। बिना किसी विशिष्ट विचारधारा के और केवल सीमित जन समर्थन के साथ, वह भी आदिवासी वफादारी और जबरदस्ती पर आधारित, वे उग्रवाद से एक गंभीर कानून और व्यवस्था की समस्या में बदल गए हैं।

ये समूह अंतरराष्ट्रीय आपराधिक सिंडिकेट के साथ मिलकर कई तरह की अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता पर फलते-फूलते हैं। इनमें ड्रग्स और छोटे हथियारों की तस्करी से लेकर मानव तस्करी और सरकारी विकास निधि को कम करने तक शामिल हैं। इस आर्थिक दबदबे ने उन्हें राजनीति, नौकरशाही और सुरक्षा प्रतिष्ठान के तत्वों को नष्ट करने में सक्षम बनाया है। इसके अलावा, ओपन-एंडेड युद्धविराम समझौतों, सुरक्षा बलों की ओर से संचालन की समाप्ति सुनिश्चित करते हुए, विद्रोही समूहों को प्रतिशोध के किसी भी डर के बिना जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति दी है।

हिंसा पर मौजूदा स्थिति अभी भी काफी कम है, जिसने राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर सरकार के भीतर एक खतरनाक स्तर की शालीनता स्थापित करने की अनुमति दी है। विकास ठप होने के बावजूद और शासन को बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और संभावित चीनी हस्तक्षेप से कमजोर किया जा रहा है, हमें खुद से पूछना चाहिए- क्या विद्रोह का मुकाबला उचित प्रतिक्रिया है? यथास्थिति बनाए रखने के लिए स्थानीय राजनेताओं, नौकरशाहों और पुलिस की प्रेरणा को समझना काफी आसान है, लेकिन क्या सेना बहुत बड़े खेल में सिर्फ मोहरा है? आखिरकार, क्या इसकी तैनाती, अफस्पा जैसे आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ, लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए या उन्हें यथास्थिति को स्वीकार करने के लिए मजबूर करने के लिए है जो उग्रवाद के व्यवसाय को फलने-फूलने में सक्षम बनाता है?

वास्तव में, अब समय आ गया है कि सेना नेतृत्व इस मुद्दे को न केवल नागालैंड में बल्कि पूर्वोत्तर में भी कहीं और इस तरह की एक और दुखद घटना से बचने के लिए एक गहरी कड़ी नज़र डाले।

## आप की बात

### पुराने वादे, नए साल

**भारत** समेत पूरा विश्व, नए साल और नए वादे की ओर बढ़ रहा है। लेकिन उन वादों का क्या, जो पुराने साल में किया गया था? जिस तरह की मानसिकता हम सब के, मन और मस्तिष्क में बना दी जाती है कि नया साल है, मानो 31 के बाद 1 जनवरी में सब बदल सा जाएगा, लोगों की सोच में परिवर्तन आएगा, लोग ईमानदार हो जाएंगे, और देश दुनिया में प्रताड़ना, लूट, मार की घटनायें खत्म हो जाएंगी।या यूं कहें, सब नया सा हो जाएगा।क्या ऐसा पिछली बार आए, नए साल पर हुआ? इस वहम को दूर करने और दिमाग को दुरुस्त करने की जरूरत है, तभी हम समझ पाएंगे कि हम तारीख़, महीने और साल में बदल रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नें भी कहा था, अगर हमें संसार में कुछ बदलाव करना है तो सबसे पहले, हमें खुद में बदलाव करना होगा। युवाओं और विद्यार्थियों में यह अक्सर देखने को मिलता है, वे स्वयं से नए साल में बदलाव का वादा करते हैं, फिर चाहे वो अपने दैनिक जीवन में बदलाव को लेकर हो या फिर धुम्रपान को छोड़ना, दोनों ही नए साल में कुछ दिन के लिए ही हो पाता है। क्या यह सम्भव हो पाया है? इस गफलत से भी बाहर आने की आवश्यकता है, नए साल का मतलब कुछ भी नहीं सिर्फ नए टैक्स, नए कानून को थोपना है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### हितों के लिए एकजुटता

**अपने** हितों की खातिर कैसे सारे दल एकजुट हो जाते हैं यह हमने उन चुनाव को नहीं टाले जाने में एकजुटता को देख कर पता चल जाता है! फिर भी यदि चुनाव अपरिहार्य है तो सभी चुनावी सभाओं और रैलियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए ताकि ओमिक्रोन से बचा जा सके ! साथ ही यूपी चुनाव में 8-6 बजे तक होगी वोटिंग, बुजुर्ग, दिव्यांग घर पर ही डाल पाएंगे वोट! चुनाव आयोग का सराहनीय फैसला है यह। समय बढ़ाने और बुजुर्ग दिव्यांगों को घर पर ही वोट की सुविधा देने से इन मतदाताओं को बहुत बड़ी राहत प्राप्त होगी! वोटिंग टाइम बढ़ाने से और अधिक प्रतिशत में मतदान हो सकेगा! इसके साथ ही यदि अपनी आजीविका के लिए अपने वोटिंग क्षेत्र से बाहर रह रहे लोगों को भी यदि ऑनलाइन वोटिंग की सुविधाएं प्रदान कर दी जाए तो सोने पर सुहागा होगा! हमारे देश में जनता में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ती जा रही है। फिर भी मतदान करना अनिवार्य किया जाना जरूरी है! क्योंकि लोग शासकीय मुफ्त सुविधा लेने के लिए तो दौड़ पड़ते हैं, लेकिन उनके पास मतदान करने के लिए 1 घंटे का भी समय नहीं होता है! यह प्रजातंत्र के प्रति अपने दायित्व से पीछे हटने के समान हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कथनी और करनी

**भाजपा** के जन्म से सुन रखा था के, वो कैडर आधारित पार्टी है। खुद को पार्टी वित डिफरेंस भी कहलाना पसंद करती है। मगर उसके कथनी और करनी में जमीन का अंतर दिखाई देने लगा है। मसलन जो पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर,नई शिक्षा निति के तहत, तमाम राज्यों में तीन भाषा को अपनाने पर जोर देती है। मगर जब तमिल नाडु की बात आती है तो खुद को वहां बदल लेती है। लोगों को भावना को, उनके वोट के लालच में , कद्र करने के नाम पर , वहां के डीएमके पार्टी के साथ मिलकर, अपनी ही बनाई निति का विरोध करती है। हिंदी भाषा को तमिल लोगों पर थोपने का वो विरोध कर रही है। राज्य पार्टी के अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई ने स्पष्ट कर दिया है की वो हिंदी भाषा को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जबकि तमिल नाडु में उनके ही राज्यपाल आर एन रवि, वहां हिंदी को लागू करने के पक्ष में बातें करते हैं। इसलिए बीजेपी को भी अब स्वीकार कर लेना चाहिए, की वो भी कोई काडर आधारित पार्टी नहीं है बल्कि जैसा देश वैसा भेष धारण करने वाली पार्टी है।

– **जंगबहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**बीजेपी** और आरएसएस के लोग धर्म की राजनीति में लिप्त हैं क्योंकि उनके पास दिखाने के लिए और कुछ नहीं है।

– **अशोक गहलोत**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

**डेल्टा** और ओमीक्रान दोहरा खतरा बनकर मामलों को बढ़ा रहे हैं जिससे अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या बढ़ रही है।

– **टेड्रोस एधानोम**
महानिदेशक डब्लूएचओ





**हमने** बार-बार देखा है कि इस सरकार ने महिलाओं के अधिकारों को खारिज कर दिया है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# कोविड हॉस्पिटल का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

● चुनावों के मद्देनजर अधिकारियों को सतर्कता बरतने के दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना के** नए वैरियंट ओमीक्रान के खतरे को देखते हुए शुक्रवार को शहीद पथ स्थित लोहिया संस्थान के कोविड हॉस्पिटल का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोरोना से निपटने को लेकर सभी तैयारियों में शामिल आक्सीजन की आपूर्ति से लेकर वेंटीलेटर के साथ कंट्रोल रूम को देखा। 35 मिनट के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री संतुष्ट भी दिखे। इस अवसर पर सीएम ने अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करते हुए कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश भी दिए हैं।

शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद पथ स्थित कोविड अस्पताल पहुंचे। कोरोना अस्पताल के अधीक्षक डॉ श्रीकेश सिंह मौके पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट देखा। डॉ श्रीकेश सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता करीब 20 हजार लीटर है। उन्होंने बताया कि कोरोना की लहर में रोजाना ढाई हजार लीटर ऑक्सीजन की खपत हो रही थी। इस लिहाज से चार से पांच दिन ऑक्सीजन की व्यवस्था रहती है। जबकि 600 जंबो सिलेंडर की अतिरिक्त व्यवस्था बैकअप के रूप में मौजूद है। इसके बाद मुख्यमंत्री तीसरे तल पर स्थित कोरोना आईसीयू वार्ड पहुंचे। बच्चों की भर्ती की व्यवस्था का हाल जाना। अधिकारियों ने बच्चों की भर्ती की व्यवस्थाएं दिखाई। गंभीर रूप से बीमार होने वाले बच्चों के वेंटीलेटर भी मुख्यमंत्री ने देखें। डॉ श्रीकेश व डॉ पीके दास ने मुख्यमंत्री को बताया कि अस्पताल में कुल 200 बेड है। इसमें 150 बेड आईसीयू व 50 एचडीयू के हैं। बच्चों के लिए 100 बेड की व्यवस्था है। इनमे 20 आईसीयू केए 30 एचडीयू व 50 बेड आइसोलेशन के हैं। सभी बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा है। कोरोना अस्पताल में सभी जांच की व्यवस्था है। इसके बाद मुख्यमंत्री अस्पताल के कंट्रोल रूम में पहुंचे। प्रथम तल पर कंट्रोल लो रूम बनाया गया है। जगह.जगह कैमरे लगाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इससे मरीजों की निगरानी करने में मदद मिलती है। निरीक्षण के बाद वक्त अस्पताल के निदेशक डॉ सोनिया नित्यानंद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विक्रम सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नए साल में पंचायत सचिवों को प्रमोशन देने की तैयारी में सरकार

**लखनऊ।** नए साल में योगी सरकार की तरफसे ग्राम सचिवों को प्रमोशन का तोहफा देने की तैयारी है। इसके लिए प्रक्रिया अंतिम दौर में है। ऐसी संभावना जताई जा रही कि नए वर्ष के पहले हफ्ते में ही ग्राम पंचायत सचिव सहायक खण्ड विकास अधिकारी पंचायत बन जाएंगे।

प्रमोशन को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों की मांग काफी दिनों से सरकार से चल रही है। इस बाबत एसोसिएशन की तरफ से पूर्व में सरकार को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। पंचायत सचिवों की लंबित प्रमोशन की मांग को लेकर पंचायती राज निदेशालय की तरफसे कार्यवाही अंतिम दौर में है। माना जा रहा है कि नए साल में सरकार की तरफ से प्रमोशन का तोहफा मिल सकता है। प्रमोशन होने से तकरीबन 260 पंचायत सचिव लाभान्वित होंगे। साथ ही यह पंचायत सचिव से सहायक खण्ड विकास अधिकारी पंचायत बन जाएंगे। इस बारे में पंचायती राज निदेशक अनुज झा का कहना है कि प्रमोशन को लेकर कार्यवाही चल रही है।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भेंट करते केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर हो कार्रवाईः अवनीश कुमार अवस्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी विधान** सभा चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश में अवैध शराब एवं मादक पदार्थो की बिक्री पर कड़ाई से रोकथाम के लिये गम्भीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में लोक भवन स्थित सभागार कक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

बैठक में आबकारी व पुलिस विभाग को पूरी तरह सक्रिय रहने के निर्देश दिये गये है। इसके अलावा प्रदेश से जुड़ी नेपाल व अंतरराज्यीय सीमाओं पर पैनी नजर रखने तथा प्रदेश में प्रवेश होने वाले वाहनो की सघन चेकिंग करने के भी निर्देश दिये गये है। बैठक में सतर्कता, आबकारी व पुलिस विभाग में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में हुई कार्यवाही की भी गहन समीक्षा की गयी तथा सघन अभियान चलाकर अभियुक्तों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।

अपर मुख्य सचिव गृह ने यह निर्देश भी दिये कि सम्बन्धित विभागों द्वारा शराब के लाईसेंस धारकों की सघन जांच पड़ताल की जाय तथा सेल्स मैन आदि की भी विधिवत पड़ताल कर उसका ब्यौरा रखा जाय। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर यथोचित कठोर कार्यवाही भी की जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिवए आबकारी संजय आरण् भूषरेड्डीए पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयलए अपर पुलिस महानिदेशकए कानून.व्यवस्था प्रशान्त कुमारए सचिव गृह बीडी पाल्सनए आबकारी आयुक्त सेथिंल पाडिंयनए विशेष सचिव गृह वीके सिंह के अलावा आबकारी एवं सतर्कता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकारी पैसे से हो रही रैलियों में सिर्फ झूठ बोल रहे हैं गृह मंत्रीः लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि सरकारी पैसे से हो रही रैलियों में गृह मंत्री अमित शाह लगातार झूठ बोल रहे हैं । अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी की रैलियों में जनता के सरोकार वाले मुद्दों पर बात के बजाए अनर्गल बातें हो रही है जिससे उत्तर प्रदेश के विकास से कोई वास्ता नहीं है ।अमित शाह परिवारवादए पक्षपात और पलायन की बात कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि भाजपा टिकट बंटवारे में 30 प्रतिशत भागीदारी भाजपा नेताओं के परिवार वालों को देती है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने जा रही है । बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है की युवा दूसरे प्रदेशों को पलायन करने के लिए मजबूर है। कॉन्ग्रेस उत्तर प्रदेश में सरकार बनने पर 20 लाख रोजगार देने का वादा कर रही है जिसमें 40 प्रतिशत महिलाओं की हिस्सेदारी होगी।

लल्लू ने कहा कि अमित शाह ने राहुल गांधी जी पर टिप्पणी की है । राहुल गांधी पर टिप्पणी करने से पहले राहुल गांधी के बयान को पूरा सुने और प्रधानमंत्री मोदी जी के बयान को भी सुने जिसमें वह नाली की गैस से चूल्हा जलाने की बात करते हैं । अमित शाह उत्तर प्रदेश को नंबर वन बनाने के लिए 5 साल के लिए और मांग रहे हैं ।जबकि पिछले 5 सालों में उत्तर प्रदेश अपराधए महिला अत्याचार और बेरोजगारी में नंबर वन बना है । कोरोना काल में ऑक्सीजन संकट पर और गंगा में तैरती लाशों कुछ नहीं बोलते अमित शाह। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगर एक बार और भाजपा सरकार आ गई तो बेरोजगारी की वजह से युवाओं का पलायन और बढ़ेगा क्योंकि भाजपा सरकार ने पिछले 5 साल में कोई ऐसा सरकारी उपक्रम नहीं लगाया जिसमें रोजगार दिया जा सके ।

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने नववर्ष के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कामना की है कि यह वर्ष सबके लिए सुखदए स्वास्थ्यपरक और समृद्धिकारक हो। प्रदेशवासियों के लिए अपनी शुभेच्छा में राज्यपाल ने कहा है कि नववर्ष सभी के लिये सुखए समृद्धिए शांति और सौहार्द से परिपूर्ण हो। उन्होंने कोरोना महामारी की तीसरी लहर के वैश्विक खतरे के दृष्टिगत सभी लोगों को भीड़-भाड़ से दूर रहने, मास्क का प्रयोग करने तथा कोरोना नियमों के अनुकूल व्यवहार करने की अपील की है। राज्यपाल नववर्ष पर राजभवन में कल 1 जनवरी को पूर्वान्ह 11 से 12 बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगी।

## यूपी में कोरोना के 251 नए केस, 49 लखनऊ में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तरप्रदेश** में कोरोना के नए वैरिएंट ओमीक्रान की आशंका के बीच कोरोना की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। शुक्रवार को जहाँ पूरे प्रदेश में 251 नए मामले सामने आए हैं वहीं राजधानी में 49 केस पाए गए हैं। एक दिन पूर्व लखनऊ में 26 वे बुधवार को 25 केस लखनऊ में पाए गए थे। लखनऊ में 190 एक्टिव केस हैं। ताबड़तोड़ मिल रहे कोरोना संक्रमितों के कारण प्रदेश में सक्रिय मामले 862 तक पहुंच गए है। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा मामले गौतमबुद्ध नगर में मिले है। यहां एक ही दिन में 61 केस रिपोर्ट हुए है। वही लखनऊ में 49 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा गाजियाबाद में 34, मथुरा में 13 व मेरठ और प्रयागराज में 11 मामलें सामने आएं है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 183401 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 92914898 सैम्पल की जांच की गयी हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 29 तथा अब तक कुल 1687828 लोग कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है।

प्रदेश में कल एक दिन में 1337059 डोज दी गयी। प्रदेश में कल तक पहली डोज 127535733 तथा दूसरी डोज 72636735 लगायी गयी हैं तथा अब तक कुल 200172468 डोज दी जा चुकी है। प्रसाद ने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नही हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोविड हेल्पलाइन 18001805145 पर सम्पर्क करे।

## यूपी में कोरोना फैला तो भाजपा नेता होंगे जिम्मेदारः प्रमोद तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वरिष्ठ कांग्रेस** नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में यदि कोरोना फैला और ओमीक्रोन का व्यापक हमला हुआ तो उसकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मन्त्री अमित शाह की तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तमाम मंत्रीगणों की होगी जो बिना कोरोना नियमों का पालन किये हुये बड़ी. बड़ी रैलियों का दावा कर रहे हैं । समाचार पत्रों और टीण्वीण् चैनलों को देखने से एक बात साफ हो रही है कि भारतीय जनतापार्टी की सभाओं में कोविड. 19 के दिशा निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैए तथा कोरोना एवं ओमीक्रोन को खुली दावत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में यह गलती हो चुकी है उससे सबक लेना चाहिए। तिवारी ने कहा है कि भाजपा् सरकार में रासायनिक उर्वरक की कालाबाजारी चरम पर हैए किसानों को और खेत को जब खाद की आवष्कता है तो सरकारी क्रय केन्द्रों पर किसान धक्के खा रहा हैए पुलिस के लाठियों की मार खा रहा हैए स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से खाद की पूरी तरह से कालाबाजारी हो रही हैए सरकारी क्रय केन्द्रों पर खाद उपलब्ध नहीं है और वहीं समीप की दुकानों पर बढ़े हुए दामों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है । यह नजारा पूरे उत्तर प्रदेश में आम है ।

## समयबद्ध ढंग से थानों पर स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरेः डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी मुकुल** गोयल ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ प्रदेश के थानों में सीसीटीवी कैमरों के स्थापना की परियोजना सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू ए अपर पुलिस महानिदेशक दूरसंचार ए अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ ए पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू ए सचिव गृह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डीजीपी द्वारा तकनीकी एंव क्रय



समिति के साथ हुई गोष्ठी के दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थापना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## जनहित में महत्वपूर्ण कार्य सपा सरकार में ही सम्भव हैंः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय में समाजवाद के महान क्रान्तिकारी योद्धा लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि राजनारायण का संघर्ष और राजनैतिक सफर प्रेरणादायक है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में राजनारायण जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाजवादी सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनकी पुण्यतिथि पर अन्याय के खिलाफ हर हाल में खड़े होने का संकल्प ही सच्ची श्रद्धांजलि हैं। लोकबंधु आपातकाल के दौर में लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ डटकर खड़े रहे। रायबरेली के ऐतिहासिक चुनाव में विजयी होकर राजनारायण संसद पहुंचे। जिससे लोकतंत्र में आम जनता का भरोसा



मजबूत हुआ।

अखिलेश ने कहा कि बिना समाजवाद के बड़ा बदलाव नहीं हो सकता। जनहित में महत्वपूर्ण कार्य समाजवादी सरकार में ही सम्भव हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के समर्थन में उमड़ रहे जनसैलाब से भाजपा घबराई हुई है। बेकारी और महंगाई से जनता त्रस्त है। किसान और नौजवान बेहाल है। जनविरोधी भाजपा के खिलाफ जनता आक्रोशित है। बीजेपी सरकार जाने वाली है। 2022 में समाजवादी सरकार बनाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉण् युगेश्वर और जेण्एसण् सिंह द्वारा आपातकाल का धूमकेतु राजनारायण पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, अम्बिका चौधरी, नारद राय, राजीव राय, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. एसपी यादव, राजकुमार मिश्रा, मनोज राय धूपचंडी, एसक् राय, चन्द्रशेखर सिंह, विकास यादव, हरेन्द्र ताऊ, चौधरी दर्शन सिंह, मनीष सिंह, प्रदीप शर्मा मधुर, श्याम राय, डॉ. रविशंकर राय, सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी से 31 अभियुक्तों को मिली मृत्यु दण्ड की सजा

● मिशन शक्ति अभियान के तीनों चरणों के तहत अपराधियों को सजा दिलानी में मिली बड़ी सफलता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिलाओं व बालिकाओं सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाये जाने एवं उनमें सुरक्षा की भावना जागृत किये जाने के लिए चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी मिशन शक्ति अभियान के तीनों चरणों के तहत अपराधियों को सजा दिलाये जाने के सार्थक नतीजे सामने आये हैं।

अपर मुख्य सचिवए गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया है कि 17 अक्टूबर 2020 से 21 दिसम्बर 2021 तक मिशन शक्ति अभियान के तीनों चरणों के तहत अभियोजन विभाग ने प्रभावी पैरवी के माध्यम से कुल 31 अभियुक्तों को मृत्यु दण्ड की सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चल रहे मुकदमों में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 1087 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में भी सफलता प्राप्त हुई है।

श्री अवस्थी ने बताया कि आलोच्य अवधि में 1315 अभियुक्तों को 10 वर्ष एवं 10 वर्ष से अधिक की सजा कराने में तथा 2810 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम की सजा भी दिलाने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि 19979 अभियुक्तों की जमानतें खारिज करायी गयी है। साथ ही 503 अभियुक्तों को जुर्माने से दण्डित कराया गया। अपर पुलिस महानिदेशकए अभियोजन आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप जनवरी 2020 से नवम्बर 2021 तक भादवि के कुल 158864 तथा अन्य अधिनियम के 693443 मुकदमों में सजा का निर्णय सुनाया गया है। उन्होंने बताया कि इनमे से पाक्सो अधिनियम के 1619 मामलों मेंए गैंगेस्टर एक्ट के 1414 मामलों मेंए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार ;निवारणद्ध अधिनियम के 613 मामलों मेंए बलात्कार के 503 मामलों में सजा का निर्णय सुनाया गया है।

## डीएम फील्ड विजिट कर जनता की फीडबैक लेंः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्रा कहा कि रूपान्तरण कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित जनपदों में से छह में स्वास्थ्यए पोषणए शिक्षा, कृषि और जल संसाधनए वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत अवसंरचना में गत माह की तुलना में गिरावट दर्ज हुई है, इनमें सुधार हेतु जिलाधिकारियों को अनुश्रवण करते हुए कार्य योजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैंए वहां पर जिलाधिकारी फील्ड विजिट कर जनता का फीडबैक प्राप्त करें।



रूपान्तरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये मुख्यसचिव ने कहा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित बहराईच, बलरामपुर, चन्दौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं सोनभद्र की जिलाधिकारियों फील्ड पर जाकर समीक्षा कर फीडबैक ले। उन्होंने यह भी कहा कि रैकिंग में सुधार हेतु जनपदों द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में सुधार हेतु जनपदों द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में संचालित योजनाओं को कुशलतापूर्वक लागू किया जाये। शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु जनपदों में विद्यालयों में बालिकाओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये। कृषि एवं जल संसाधन क्षेत्र में सुधार हेतु किसानों को जरूरी कृषि निवेशों यथा उन्नत बीजए उर्वरकए कीटनाशक दवाओं इत्यादि की उपलब्धता सुलभ करायी जाये ।

उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि कुछ जनपदों से छुट्टा पशुओं की शिकायतें आ रही हैंए जिससे किसान भाईयों को परेशानी हो रही है। उन्होंने निर्देश दिये कि 1 जनवरी से 10 जनवरी तक अभियान चलाकर छुट्टा गोवंशों को गो आश्रय केन्द्रों में भेजने की व्यवस्था की जाये तथा सहभागिता योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जाये। उन्होंने छुट्टा गोवंशों को आश्रय केन्द्रों तक पहुंचाकर ग्राम पंचायतों को छुट्टा गोवंशों से मुक्त कराने के लिए ग्राम प्रधानों एवं ब्लाक प्रमुखों में प्रतिस्पर्धा कराने का सुझाव दिया तथा इस में अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों एवं ब्लाक प्रमुखों को पुरस्कृत भी किया जाये। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि वह स्वयं गो आश्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखें तथा केन्द्रों में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। भूसाए चाराए पानीए शेड के साथ.साथ ठण्ड से बचाव व इलाज आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। बैठक में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्लाए अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदीए अपर मुख्य सचिव नियोजन सुरेश चन्द्राए प्रमुख सचिव पशुपालन सुधीर गर्ग सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा वीडियोकान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी 8 जनपदों के जिलाधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## 28 आईपीएस अधिकारियों को प्रदान की गई प्रोन्नति, 10 को मिला सेलेक्शन ग्रेड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** ने नए साल पर आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति का तोहफा दिया है। विभागीय प्रोन्नति समिति की पिछले दिनों हुई बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक 28 आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति और 10 को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है।

शासन द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक को पुलिस महानिदेशकए पुलिस महानिरीक्षकों को अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षकों को पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षकों को पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों को सेलेक्शन ग्रेड वेतमान पर प्रोन्नति के आदेश निर्गत किये गये है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा के पदोन्नत अधिकारियों मे से एक अपर पुलिस महानिदेशक अविनाश चन्द्र को पुलिस महानिदेशक, 4 पुलिस महानिरीक्षकों क्रमशः नवीन अरोरा, मोहित अग्रवाल, गजेन्द्र कुमार गोस्वामी एवं भजनी राम मीना को अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके अलावा 3 पुलिस उपमहानिरीक्षकों डा. प्रीतिन्दर सिंह, लव कुमार एवं चन्द्र प्रकाश. द्वितीय को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है। अपर मुख्य सचिव गृह ने यह भी बताया कि 7 पुलिस अधीक्षकों क्रमशः भारती सिंह, विपिन कुमार मिश्रा, माधव प्रसाद वर्मा सेनि. सभाराज, स्वामी प्रसाद, सौमित्र यादव एवं रमेश को सेलेक्शन ग्रेड, पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 13 पुलिस अधीक्षकों सुरेशराव आनन्द कुलकर्णी, अमित वर्मा, एन. कोलान्ची, सर्वेश कुमार राना, श्रीपति मिश्र, अजय कुमार सिंह, जुगुल किशार, विनोद कुमार मिश्रा, बालेन्दु भूषण सिंह, देवेन्द्र प्रताप नारायन पाण्डेय, सुधीर कुमार सिंह, अरविन्द भूषण पाण्डेय एवं राजीव मल्होत्रा को पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नति के आदेश निर्गत कर दिये गये है। अवस्थी ने बताया कि 10 पुलिस अधीक्षकों क्रमशः केशव कुमार चौधरी, अजय कुमार साहनी, पवन कुमार, अनीस अहमद अन्सारी, अखिलेश कुमार चैरसिया, शिवासिम्पी चन्नपा, दिनेश कुमार पी, मुनिराज जी, बबलू कुमार एवं सन्तोष कुमार सिंह को सेलेक्शन ग्रेड के वेतनमान पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी पदोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की तैनाती के सम्बन्ध में अलग से आदेश निर्गत किये जायेंगे।

# घाटी में नेता लोगों को भड़का रहे : आई जी

भाषा। श्रीनगर

**कश्मीर** के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने घाटी में मुख्यधारा के नेताओं पर लोगों को उकसाने की कोशिश करने के लिए शुक्रवार को निशाना साधा। कुमार ने साथ ही यह भी कहा कि नेताओं या मीडिया को पुलिस जांच को गलत करार देने का कोई अधिकार नहीं है और केवल अदालत ही यह तय कर सकती है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक कुमार ने कश्मीर जोन पुलिस की उपलब्धियों को सूचीबद्ध करने के लिए यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने नेताओं से कहा कि वे जनता को भड़काने और युवाओं को बर्बाद करने में लिप्त न हों। कुमार ने कहा कि 2021 में घाटी की स्थिति में सुधार हुआ है, जो मुख्यधारा के कुछ नेताओं या कुछ मीडियाकर्मियों के दावे के विपरीत है।

पुलिस महानिरीक्षक के संवाददाता सम्मेलन के लिए कुछ चुनिंदा मीडियाकर्मियों को ही आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा, कुछ राजनीतिक दल के नेता, मीडिया का एक वर्ग, यह कहते रहते हैं कि स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। कुछ ने तो यहां तक कह दिया है कि स्थिति 1990 के दशक जैसी है। जमीनी हकीकत से पता चलता है कि वे जो कह रहे हैं वह गलत है। स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने ब्योरा देते हुए कहा कि पिछले साल कश्मीर में 238 आतंकी घटनाएं हुईं थीं, जबकि इस साल 192 आतंकी घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा, पिछले साल मारे गए नागरिकों की संख्या 37 थी, जबकि इस साल यह 34 है, जबकि आतंकवादियों ने खुलेआम कहा था कि वे नागरिकों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और सुरक्षा बलों की हत्या करेंगे। सिर्फ अपने अपराध को छिपाने के लिए, उसे वैध बनाने के लिए वे उन्हें मुखबिर कहते हैं। हमने लोगों की सुरक्षा के लिए कई ऐहतियाती कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि कुछ नेता आतंकवादियों द्वारा नागरिकों एवं पुलिसकर्मियों की हत्याओं को तर्कसंगत बना रहे हैं और यह सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौती है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हम देखते हैं कि कुछ नेता भी हत्याओं को सही ठहरा रहे हैं। खूंखार आतंकी (टीआरएफ कमांडर) मेहरान (शल्ला) के मुठभेड़ की तस्वीर के साथ यह कहने की क्या जरुरत थी कि यह क्रूर था, मानवाधिकारों का हनन है। उसने कई नागरिकों की हत्या की थी। उन्होंने कहा, क्या (टीआरएफ प्रमुख) अब्बास (शेख) जैसे आतंकवादी को मुठभेड़ में मारना क्या गलत है? उसके साथ सहानुभूति क्यों दिखाएं। ए गलत है? मैं नेताओं से कहना चाहता हूं, उनसे इसे रोकने का अनुरोध करता हूं, यह गलत है, आप युवाओं, समाज को नष्ट कर रहे हैं।

नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला द्वारा हैदरपोरा मुठभेड़ में पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) की जांच को गलत करार किए जाने के बारे में पूछे जाने पर, कुमार ने कहा, नेताओं को जांच से संतुष्ट नहीं होने और एक उच्च स्तरीय जांच की मांग करने का अधिकार है लेकिन उन्हें जांच को गलत बताने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है और मीडियाकर्मियों, नेताओं और परिवारों को जांच से संतुष्ट नहीं होने और एनआईए, सीबीआई, उच्च न्यायालय से उच्च स्तरीय जांच की मांग करने का अधिकार है। हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन, केवल अदालत ही तय कर सकती है कि कोई जांच गलत है या नहीं। आईजीपी ने कहा कि एसआईटी ने घटना की जांच की और आरोपपत्र तैयार करेगी जिसे वह अदालत में पेश करेगी जो न्यायिक समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा, एक न्यायाधीश ही तय करेंगे कि जांच गलत है या नहीं। कोई भी नेता, परिवार का सदस्य या मीडिया वाला ऐसा नहीं कर सकता या यह नहीं कह सकता है कि यह गढ़ा हुआ है, उन्हें ऐसा कोई अधिकार नहीं है।

अब्दुल्ला का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा कि नेशनल कान्फ्रेंस अध्यक्ष एक मुख्यमंत्री रहे हैं जिनके अधीन गृह विभाग आता है और इसलिए वह समझते हैं कि पुलिसिंग क्या है। कश्मीर पुलिस प्रमुख ने अफगानिस्तान के तालिबान के सत्ता पर नियंत्रण करने के प्रभाव के बारे में बात करने के लिए राजधानी दिल्ली की मीडिया पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, लोग, मीडिया ने नई भर्ती के बारे में बहुत बात की, दिल्ली मीडिया द्वारा कई लेख लिखे गए कि तालिबान के सत्ता में आने के बाद (कश्मीर में आतंकवाद में) तेजी आएगी लेकिन लोगों, परिवारों के सहयोग से हम इसे काफी हद तक रोकने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल 167 युवा आतंकवाद में शामिल हुए थे।


श्रीनगर में सेना से तीन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराए जाने में क्षतिग्रस्त गाड़ी को देखते हुए स्थानीय लोग।

# कंगना की याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की एक सत्र अदालत ने गीतकार जावेद अख्तर द्वारा कंगना रनौत के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मामले के स्थानांतरण का अनुरोध करने वाली अभिनेत्री की अर्जी खारिज करने के निचली आदेश को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को निरस्त कर दी। न्यायाधीश एस.यू. बघेले द्वारा जारी विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं कराया गया है। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने आपराधिक मानहानि मामला अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत स्थानांतरित करने की, कंगना रनौत की अर्जी खारिज कर दी थी। कंगना द्वारा एक टेलीविजन साक्षात्कार में दिए गए कुछ बयानों को लेकर अख्तर ने नवंबर 2020 में अंधेरी की अदालत में मानहानि की शिकायत दायर की थी। कंगना ने डिंडोषी सत्र अदालत में यह कहते हुए एक पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी कि मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट यह विचार करने में नाकाम रहे कि (अंधेरी) मजिस्ट्रेट ने अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया जिससे आवेदक के मामले पर असर पड़ा। पूर्व में कंगना ने दावा किया था कि उन्हें अंधेरी मजिस्ट्रेट की अदालत पर भरोसा नहीं है क्योंकि उसने जमानती अपराध में अपने समक्ष पेश न होने की स्थिति में उन्हें वारंट जारी करने की अप्रत्यक्ष धमकी दी थी।

## मतदाता बाहर से आए दलों को गोवा को राजनीतिक प्रयोगशाला नहीं बनाने देंगे : सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने टीएमसी और आप पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता बाहर से आए दलों को, राज्य को राजनीतिक प्रयोगों के लिए प्रयोगशाला नहीं बनाने देंगे। सावंत ने संखालिम विधानसभा क्षेत्र स्थित अपने पैतृक गांव कोठाम्बी में लोगों को संबोधित करते हुए यह कहा। अगले वर्ष के शुरू में होने वाले विस चुनाव के लिए इसी क्षेत्र से औपचारिक रूप से अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया है। भाजपा के नेता ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी पर राज्य में बाहर से आए राजनीतिक दलों के हाथों अपने मूल्यों को बेचने का आरोप लगाया। टीएमसी के अलावा आप भी गोवा विस चुनाव के लिए मैदान में है।

## गुजरातः एम्स राजकोट ने खंडेरी परिसर से ओपीडी सेवाएं शुरू की

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात में राजकोट शहर के निकट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने के ठीक एक साल बाद, एम्स ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 31 दिसंबर को यहां से लगभग 215 किलोमीटर दूर राजकोट शहर के पास खंडेरी गांव में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस केन्द्र का शिलान्यास किया था। जल्दी संचालन की अवधारणा के अनुसार, एम्स राजकोट ने आज से 12 विभागों में ओपीडी संचालन शुरू किया। ओपीडी खंडेरी के पास एम्स के स्थाई परिसर से शुरू हो गई है। इसमें कहा गया है कि 12 विभागों में सामान्य चिकित्सा, सामान्य सर्जरी, ईएनटी, नेत्र विज्ञान, त्वचा विज्ञान, बाल रोग, रेडियोलॉजी और हड्डी रोग शामिल हैं, और दंत चिकित्सा भी कुछ दिनों में शुरू हो जाएगी।

# राष्ट्रपति को डी.लिट प्रदान करने की राज्यपाल की सिफारिश क्या केरल सरकार ने खारिज कर दीः चेन्नीतला

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीतला ने शुक्रवार को यह जानना चाहा कि क्या राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को केरल विश्वविद्यालय की मानद उपाधि डी.लिट प्रदान करने की सिफारिश की थी और क्या इसे राज्य में वाम नेतृत्व वाली सरकार के निर्देश के अनुसार कुलपति ने खारिज कर दिया था। कांग्रेस नेता ने यह भी सवाल किया कि क्या यही वह मामला है, जिसके बारे में राज्यपाल ने इशारा किया था कि उनके और सरकार के बीच विवाद है और मुद्दे से देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। हाल के विवादों पर खान और सरकार से छह सवाल पूछते हुए चेन्नीतला ने दोनों से इस बारे में लोगों के बीच व्याप्त संदेह को दूर करने के लिए जल्द से जल्द जवाब देने का आग्रह किया।

चेन्नीतला ने राज्यपाल से इस संबंध में सभी तथ्यात्मक मामलों को उजागर करने और राज्य के लोगों को अवगत कराने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, पता चला है कि राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति की हैसियत से देश के राष्ट्रपति को मानद उपाधि डी.लिट देने की सिफारिश की। लेकिन, हमें पता चला कि कुलपति ने मामले को सरकार के पास भेज दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस आधार पर उसने राज्यपाल की सिफारिश को खारिज करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यह राज्य के इतिहास में एक अभूतपूर्व संकट है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मानद उपाधि डी. लिट प्रदान करना विश्वविद्यालय का विशेषाधिकार है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार विश्वविद्यालयों के स्वायत्त अधिकार में अनुचित हस्तक्षेप कर रही है। विश्वविद्यालयों के कामकाज में कथित राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर राज्य सरकार के साथ टकराव के बीच खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह उच्च शिक्षा मंत्री को कुलाधिपति की शक्तियां हस्तांतरित करने के लिए तैयार हैं, जो विश्वविद्यालयों के प्रो चांसलर भी हैं।

खान ने कहा, मुझे विश्वविद्यालयों के प्रतीकात्मक प्रमुख होने में कोई दिलचस्पी नहीं है। साथ ही कहा कि उनके लिए इस माहौल में कुलाधिपति के रूप में काम करना संभव नहीं है। इससे पहले राज्यपाल ने कहा था कि उन्होंने आठ दिसंबर से कुलाधिपति के रूप में कार्य करना बंद कर दिया है और उनके कार्यालय ने केरल उच्च न्यायालय द्वारा कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर कुलाधिपति को भेजे गए नोटिस को राज्य सरकार को अग्रसारित कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### जम्मू कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार : एनआईए

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी समूह के एक सदस्य अरसलान फिरोज को युवाओं को कथित तौर पर कट्टरपंथी बनाने और आतंकवादी गुटों में शामिल करने के लिए उनकी भर्ती करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को कश्मीर में तलाशी ली गई और इस दौरान श्रीनगर शहर के निवासी फिरोज को गिरफ्तार किया गया। यह मामला जम्मू कश्मीर के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, उकसाने और भर्ती करने के उद्देश्य से केंद्र शासित प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के मुखौटा संगठन टीआरएफ के कमांडर सज्जाद गुल, सलीम रहमानी उर्फ अबू साद और सैफुल्ला साजिद जट्ट द्वारा हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए रची गई साजिश से संबंधित है।

### अलग-अलग क्षेत्रों में 300 आदिवासी युवकों को मिली नौकरी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में पुलिस की पहल से आयोजित किए गए रोजगार मेले में 300 आदिवासी युवकों को अलग अलग क्षेत्रों में नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ये नौकरियां उन्हें होस्पिटेलिटी एवं ऑटोमोबाइल सेक्टर में प्राप्त हुई है। रोजगार मेले का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने बताया कि जिले के आदिवासी क्षेत्र के 300 उम्मीदवारों को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिले हैं। इन उम्मीदवारों को अलग अलग क्षेत्रों में नौकरी मिली है। गोयल ने बताया कि 2021 की शुरूआत से जिला पुलिस ने दूर दराज के गांवों के आदिवासी युवकों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

### आंध्र-ओडिशा सीमा पर माओवादी के हथियारों का ढेर बरामद

**मलकानगिरी (ओडिशा)।** ओडिशा में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को ओडिशा-आंध्र प्रदेश सीमा पर प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के हथियारों के एक ढेर का पता लगाया। एक गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए ओडिशा पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जोदाम्बो थाना क्षेत्र के स्वाभिमान आंचल में गहन तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने एक बयान में बताया कि उन्होंने जंत्री ग्राम पंचायत के ताबेर और अर्लिंगपाड़ा गांव के बीच एक जंगली इलाके से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। इसमें बताया गया कि आठ बारूदी सुरंग (आईईडी), दो कारतूस समेत माओवादी ड्रेस और आपत्तिजनक साहित्य जब्त किए गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन सामानो को बरामद किए जाने के बाद इलाके में तलाश अभियान जारी है।

### देवघर में आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर।** झारखंड के देवघर जिले में पुलिस अधीक्षक धनंजय कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सारठ थाना क्षेत्र के ग्राम-चरकमारा में छापेमारी कर पुलिस ने बृहस्पतिवार की शाम कुल आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। देवघर के साइबर पुलिस उपाधीक्षक सुमित प्रसाद ने आज यहां एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने नौ मोबाइल फोन तथा 19 सिम कार्ड बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि छापामारी दल का नेतृत्व वह स्वयं एवं जिले के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मंगल सिंह जामुदा कर रहे थे।

### चेल्लाकुमार पश्चिम बंगाल के लिए कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा सदस्य ए. चेल्लाकुमार को पश्चिम बंगाल और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का प्रभारी नियुक्त किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद जून में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसके बाद पश्चिम बंगाल के पार्टी प्रभारी का पद खाली हो गया था। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि चेल्लाकुमार ओडिशा के पार्टी प्रभारी की मौजूदा जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। चेल्लाकुमार तमिलनाडु के कृष्णागिरि से लोकसभा सदस्य है। वह पहले गोवा के पार्टी प्रभारी थे।

### सीआरपीएफ अधिकारी ने की आत्महत्या

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निरीक्षक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियो ने इसकी जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियो ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुरकापाल शिविर में कोबरा 206 बटालियन के निरीक्षक वांलगं (37) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियो ने बताया कि वांगलं ने बृहस्पतिवार की रात लगभग 8.50 बजे शिविर के शौचालय में अपने गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी है। जब शिविर के अन्य जवानों ने वांगलं को बहुत देर तक नही देखा तब उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू की, बाद में जब जवान शौचालय में पहुंचे तब उन्होंने वांगलं का शव एक गमछे के सहारे लटके हुए देखा।


रांची में वैक्सीनेशन सेन्टर पर कोविड-19 की खुराक लेने के लिए लाइन में लगे हुए लोग।

# कर्नाटक सरकार मंदिरों को अपने कार्यकर्ताओं को सौंपने की योजना बना रहीः कांग्रेस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करना है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें बेचने या पार्टी कार्यकर्ताओं को सौंपने की योजना बना रही है। हिंदू मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने की योजना के साथ, मुख्यमंत्री ने इस सप्ताह की शुरुआत में घोषणा की थी कि उनकी सरकार मंदिरों को उन कानूनों और नियमों से मुक्त करने के उद्देश्य से एक कानून लाएगी जो वर्तमान में उन्हें नियंत्रित करते हैं। बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, हम किसी को मंदिर नहीं सौंप रहे हैं, हम केवल उन्हें सरकारी व्यवस्था से मुक्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह स्पष्ट है कि मंदिरों पर डी के शिवकुमार (प्रदेश कांग्रेस प्रमुख) के विचार हिंदू उपासकों और मंदिर जाने वालों की भावनाओं के खिलाफ हैं। प्रस्तावित कानून पर विरोध जताते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार पर हिंदू मंदिरों को उसके कार्यकर्ताओं को सौंपने का प्रयास करने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने कहा, राज्य के अधिकतर मंदिर सरकार के प्रशासन के अधीन होते हैं। इन मंदिरों में श्रद्धालु करोड़ों रुपए दान में देते है। कई मंदिरों के पास संपत्तियां भी हैं। वे उन्हें अपने (भाजपा) कार्यकर्ताओं को सौंपने जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, हम भी हिंदू हैं, जो अपने धर्म और संस्कृति को मानते हैं...... वे (भाजपा) भावनात्मक मुद्दे उठाकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। मैं मुख्यमंत्री को बताना चाहता हूं, वह इस भुलावे में ना रहें कि ऐसा करने से उन्हें वोट मिलेगा। शिवकुमार ने वर्षों से लागू मंदिरों की व्यवस्था में सरकार से हस्तक्षेप नहीं करने को कहा। उन्होंने कहा, नहीं तो आप (भाजपा) जल जाएंगे। हम हिंदू विरोधी नहीं हैं, वह आप हैं। हिंदू मंदिर आपके नहीं हैं।

## तेलंगाना में वर्ष 2021 में बलात्कार के मामलों में 23 फीसदी की वृद्धि हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना में 2021 में विभिन्न अपराधों में 4.65 फीसद की वृद्धि के बीच बलात्कार के मामलों 23 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतत्तरी हुई। पुलिस ने अपराध के मामलों में वृद्धि की वजह समझाते हुए कहा कि चूंकि लोग वर्तमान प्रौद्योगिकी में कुशल और ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित हो गए हैं इसलिए बिना थाने गए ऑनलाइन दर्ज की गई अर्जियां काफी बढ़ गई हैं। 2021 में बलात्कार के कुल 2832 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों का विश्लेषण किया गया और यह पता चला कि अपराधी ज्यादातर पीड़िताओं की जान-पहचान के ही थे। पिछले साल राज्य में बलात्कार के 1934 मामले दर्ज किए गए थे। यह भी पाया गया कि केवल 26 मामलों में ही अज्ञात आरोपियों द्वारा बलात्कार किया गया। बाकी 2356 मामलों में पीड़िता के साथ उनके परिवार के सदस्यों/मित्रों/प्रेमियों/सहकर्मियों। परिचितों आदि ने ही बलात्कार किया।

# सीएम की कुर्सी के लिए लड़ रहे कांग्रेसी नेता, कमजोर सरकार को हटाना होगाः केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए कांग्रेस में अंदरूनी कलह है और नेताओं को लोगों की परवाह नहीं है। चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए, केजरीवाल ने कहा कि कमजोर सरकार अभी भी बेअदबी और बम विस्फोट के मामलों को सुलझाने में सक्षम नहीं है।

केजरीवाल ने पटियाला में पार्टी के शांति मार्च के दौरान कहा, एक कमजोर सरकार है और वे (सत्तारूढ़ दल के नेता) मुख्यमंत्री पद के लिए आपस में लड़ रहे हैं। सत्ता की लड़ाई चल रही है... हमें इस सरकार को हटाना है और एक ईमानदार सरकार लानी है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले, स्वर्ण मंदिर में बेअदबी का प्रयास किया गया था। एक व्यक्ति ने यह प्रयास किया था (जिसे बाद में पीट-पीट कर मार डाला गया था) ... लेकिन कोई षड्यंत्रकारी है, जो अभी तक पकड़ा नहीं गया है। राज्य सरकार ने कहा कि वह 48 घंटे के भीतर पकड़ा जाएगा। लेकिन, 10 दिन बीत चुके हैं।

इस घटना के कुछ दिनों बाद लुधियाना में बम धमाका हुआ था। कोई नहीं जानता कि षडयंत्रकर्ता कौन है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राज्य में शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने के लिए बेअदबी और विस्फोट की घटनाओं को अंजाम दिया गया और पिछले विधानसभा चुनावों में इसी तरह की रणनीति का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा, 2017 के चुनाव से पहले भी मौर मंडी में बम विस्फोट हुआ था। 2015 में बेअदबी की घटना हुई थी। अगर इन घटनाओं के षडयंत्रकारियों से सख्ती से निपटा जाता, तो कोई भी इस तरह के कृत्यों को दोहराने की हिम्मत नहीं करता।

# कालीचरण महाराज अदालत में पेश, 13 तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए

भाषा। रायपुर

**महात्मा** गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हिंदू धर्मगुरु कालीचरण महाराज को एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रायपुर जिले की जिला अभियोजन अधिकारी हिना यास्मीन खान ने शुक्रवार को बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर की अदालत ने शुक्रवार को कालीचरण महाराज को 13 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। खान ने बताया कि कालीचरण को पुलिस हिरासत के बाद शनिवार को अदालत में पेश किया जाना था लेकिन पुलिस ने पूछताछ पूरी होने का हवाला देते हुए उन्हें आज अदालत में पेश कर दिया तथा अदालत ने कालीचरण महाराज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हिंदू धर्म गुरु कालीचरण ने 26 दिसंबर को रायपुर में धर्म संसद के अंतिम दिन महात्मा गांधी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया था तथा उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे को प्रणाम किया था। कालीचरण की इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर रायपुर जिले में पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505 (2)(विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा या द्वेष पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान) तथा 294 (अश्लील कृत्य) के तहत मामला दर्ज कर लिया था। बाद में इस मामले में 124 ए (राजद्रोह) और चार अन्य धाराओं को भी जोड़ा गया था। बाद में छत्तीगगढ़ पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के कालीचरण महाराज को मध्यप्रदेश के खजुराहो के करीब से गिरफ्तार किया था तथा उन्हें अदालत में पेश किया था। अदालत ने कालीचरण को एक जनवरी वर्ष 2022 तक पुलिस रिमांड में भेज दिया था।

## सुनील कुमार बंसल ने ओडिशा के नए डीजीपी के रूप में कार्यभार संभाला

**कटक (ओडिशा)।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार बंसल ने शुक्रवार को ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। ओडिशा कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी बंसल ने अभय से पदभार ग्रहण किया, जो सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे।बंसल 27 साल बाद ओडिशा लौटने से पहले, खुफिया ब्यूरो (आईबी) में इसके विशेष निदेशक के रूप में काम कर रहे थे। वह 1994 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और आईबी में कई प्रमुख पदों पर रहे हैं।



जम्मू में वर्ष 2021 के आखिरी दिन पर माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

# कपड़े पर पांच फीसदी की ही दर से लगेगा जीएसटी

**● जीएसटी परिषद की 46वीं बैठक में शुल्क वृद्धि का फैसला टला**

**भाषा।** नई दिल्ली



**वस्तु एवं** सेवा कर (जीएसटी) की नीति-निर्धारक संस्था जीएसटी परिषद ने कई राज्यों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए कपड़ा उत्पादों पर शुल्क की दर को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने के फैसले को टाल दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई जीएसटी परिषद की 46वीं बैठक में कपड़ा उत्पादों पर दर में वृद्धि को एक जनवरी 2022 से लागू नहीं करने का फैसला किया गया। सितंबर में इसे पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का फैसला लिया गया था।

सीतारमण ने परिषद की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि कपड़ा उत्पादों पर शुल्क वृद्धि के फैसले को टालने का निर्णय लिया गया है। कपड़ा उत्पादों पर पहले की तरह पांच फीसदी की ही दर से शुल्क लगेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को कपड़ों पर शुल्क की दर के बारे में विचार करने को कहा गया है। मंत्री समूह को फरवरी 2022 के अंत तक अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है।कपड़ों के साथ जूता-चप्पल (फुटवियर) पर भी एक जनवरी से शुल्क वृद्धि का फैसला हुआ था। लेकिन इस पर शुल्क टालने के अनुरोध को नहीं माना गया। इसका मतलब है कि जूता-चप्पल पर एक जनवरी से 12 फीसदी की दर से शुल्क लगेगा। दरअसल गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, राजस्थान एवं तमिलनाडु समेत समेत कई राज्य कपड़ा उत्पादों पर जीएसटी दर बढ़ाने का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि इस फैसले का आम आदमी एवं कारीगरों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री बुग्गना राजेंद्रनाथ रेड्डी ने कहा कि परिधान, वस्त्रों एवं कपड़ा उत्पादों पर जीएसटी लागू होने को लेकर स्पष्टता नहीं है। इसके अलावा नाइलॉन एवं सूती धागे के अलावा मानव-निर्मित एवं प्राकृतिक धागे पर लागू होने वाली दर को लेकर भी स्पष्टता का अभाव है। फिलहाल मानव-निर्मित रेशे पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है जबकि इससे बने धागे पर दर 12 फीसदी और कपड़े के मामले में पांच फीसदी कर लगता है। जीएसटी परिषद की 17 सितंबर को हुई पिछली बैठक में तय किया गया था कि कपड़ों के अलावा जूता-चप्पल पर एक जनवरी 2022 से 12 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा।

## नवंबर तक राजकोषीय घाटा सालाना लक्ष्य का 46.2 प्रतिशत रहा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर के अंत तक वित्त वर्ष 2021-22 के लक्ष्य के मुकाबले राजस्व संग्रह में सुधार की वजह से 46.2 प्रतिशत रहा। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में राजकोषीय घाटा पिछले साल की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है। वर्ष 2020 की समान अवधि में राजकोषीय घाटा लक्ष्य का 135.1 प्रतिशत तक पहुंच चुका था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा नवंबर 2021 के अंत में 6,95,614 करोड़ रुपए रहा जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए बजट में 15.06 लाख करोड़ रुपए का अनुमान जताया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.8 फीसदी रहने का अनुमान रखा है।

## क्विक न्यूज

### देश का चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में 9.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का चालू खाते का घाटा (सीएडी) सितंबर तिमाही में 9.6 अरब डॉलर रहा जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि चालू खाता चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही और जून-सितंबर 2020 की तिमाही दोनों में अधिशेष की स्थिति में था। देश का चालू खाता अप्रैल-जून 2021 में 6.6 अरब डॉलर अधिशेष की स्थिति में था जो जीडीपी का 0.9 प्रतिशत था। जबकि एक साल पहले सितंबर तिमाही में चालू खाता 15.3 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2.4 प्रतिशत अधिशेष था।चालू खाते में वस्तु एवं सेवाओं के निर्यात और आयात के मूल्य के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरित पूंजी भी शामिल होती है। आरबीआई के आंकड़े के अनुसार मुख्य रूप से व्यापार घाटा बढ़ने से सीएडी बढ़ा है। व्यापार घाटा सितंबर तिमाही में बढ़कर 44.4 अरब डॉलर पहुंच गया जो इससे पूर्व अप्रैल-जून, 2021 तिमाही में 30.7 अरब डॉलर था।

### सरकार ने चुनावी बांड की 19वीं किस्त को मंजूरी दी, एक जनवरी से शुरू होगी बिक्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को चुनावी बांड की 19वीं किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी। यह एक जनवरी से 10 जनवरी तक खुलेगी। यह मंजूरी पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले दी गई है। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बांड की व्यवस्था की गई है। हालांकि, विपक्षी दल ऐसे बांडों के माध्यम से चंदे में कथित पारदर्शिता की कमी को लेकर चिंता जताते रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को जनवरी से 10 जनवरी 2022 के बीच उसकी 29 अधिकृत शाखाओं के जरिए चुनावी बांड जारी करने और उसे भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। एसबीआई की ए 29 विशिष्ट शाखाएं लखनऊ, शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई जैसे शहरों में है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और गोवा में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले है। पहले चरण के चुनावी बांड की बिक्री एक से 10 मार्च, 2018 के दौरान हुई थी।

### पीटीसी इंडिया ने पायलट योजना के तहत केरल को 270 मेगावाट बिजली की आपूर्ति शुरू की

**नई दिल्ली।** बिजली कारोबार समाधान प्रदान करने वाली कंपनी पीटीसी इंडिया ने बिजली मंत्रालय की पायलट योजना दो के तहत केरल को बिजली की आपूर्ति शुरू की है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि ओडिशा में जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमिटेड की परियोजना से केरल तक तीन साल के लिए 270 मेगावाट बिजली की आपूर्ति एक जनवरी 2022 से शुरू होगी। गौरतलब है कि बिजली की बिक्री और खरीद की सुविधा के लिए पीटीसी इंडिया को एक मंच (एग्रीगेटर) के रूप में चुना गया था। कंपनी के अनुसार डीईईपी (डिस्कवरी ऑफ एफीशिएंट इलेक्ट्रिसिटी प्राइस) ई-बिडिंग पोर्टल पर प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए बिजली की प्रति यूनिट दर 3.26 रुपए तय की गई है। यह एक मध्यम अवधि के अनुबंध के तहत सबसे कम बिजली दर है।

### ओडिशा में कोयला संकट दूर करने के लिए उद्योग संगठन ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की

**भुवनेश्वर।** कोयले के गंभीर संकट से जूझ रहे राज्य के निजी खपत के लिए बिजली उत्पादन करने वाले उत्पादकों की समस्या को दूर करने के लिए एक उद्योग संगठन ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री लिमिटेड (यूसीसीआई) ने कहा कि अगस्त से कोयले की आपूर्ति में कमी बनी हुई है जो स्थानीय उद्योगों के अस्तित्व के लिए जोखिमपूर्ण है और जिससे लाखों लोगों की नौकरी जाने का खतरा पैदा हो जाएगा। यूसीसीआई के अध्यक्ष ब्रह्म मिश्रा ने कहा, निजी खपत के लिए बिजली उत्पादन करने वाले संयंत्रों पर निर्भर उद्योगों के पास केवल दो या तीन दिन का कोयला भंडार बचा है।

### टेक महिंद्रा ने अलिस इंडिया, ग्रीन इन्वेस्टमेंट्स के अधिग्रहण प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा ने 12.5 करोड़ डॉलर में अलिस इंडिया और ग्रीन इन्वेस्टमेंट्स में 100 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। टेक महिंद्रा ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, इस अधिग्रहण से डिजिटल अनुभव समाधान के क्षेत्र में कंपनी की क्षमताएं बढ़ेंगी। ग्रीन इन्वेस्टमेंट्स एलएलसी, अलिस इंडिया की होल्डिंग कंपनी है। अलिस इंडिया का मुख्यालय अमेरिका के सिएटल में है और इसमें 660 से अधिक कर्मचारी हैं।

### निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करने पर ध्यान दे रहे: एपीडा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने शुक्रवार को कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वह राज्य सरकारों के साथ मिलकर बुनियादी ढांचा एवं संकुल तैयार करने पर ध्यान दे रहा है। एपीडा ने कहा कि कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात 2020-21 में बढ़कर l,53,050 करोड़ रुपए हो गया जो 2011-12 में 83,484 करोड़ रुपए था। इसमें बताया गया कि 2020-21 में कुल निर्यात में से करीब एक चौथाई हिस्सेदारी गैर-बासमती चावल की थी। इसके बाद बासमती चावल और भैंस का मांस है।

### ईवी दोपहिया वाहन श्रेणी में 3 उत्पाद लॉन्च

**नोएडा।** बढ़ती पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी जीटी फोर्स ने इंडिया एक्सपो सेंटरए ग्रेटर नोएडा में आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो 2021 में तीन इलेक्ट्रिक दोपहिया, जीटी ड्राइव, जीटी ड्राइव प्रो और इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल प्रोटोटाइप प्रदर्शित किये। स्टार्ट-अप ईवी निर्माता ने एक विचित्र शैली और बढ़िया तकनीक के हाई एंड ईवी उत्पादों की अद्भुत लाइन-अप प्रस्तुत की। जीटी ड्राइव,हाई,स्पीड श्रेणी में जीटी फोर्स द्वारा अनावरण किया गया ई स्कूटर ब्रांड द्वारा जीटी ड्राइव लाइन अप में एक अतिरिक्त पेशकश है। यह 60 किमी प्रति घंटे की शीर्ष गति और एक बार चार्ज करने पर 150 किमी तक चल सकता है। यह उत्पाद लिथियम-आयन बैटरी में उपलब्ध है। यह तीन ड्राइव मोड, इकॉनमी, स्टैंडर्ड और टर्बो के साथ आता है। स्कूटर भी क्रूज कंट्रोल सिस्टम के साथ आता है। मुकेश तनेजा सीओ संस्थापक और सीईओए जीटी फोर्स ने पुष्टि की कि लोगों को यह गलतफहमी हो रही है कि ईवीएस लंबी दूरी की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, या शायद वे असुविधाजनक हैं। यह सब सिर्फ इसलिए है क्योंकि उन्होंने अभी तक वास्तव में उत्पादों को आजमाया नहीं है। इसलिएए हम देश के -कोने में उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। टीम ने बृहत ग्राहक आधार से जुड़ने के लिए वितरकों के नेटवर्क को व्यापक बनाने की दिशा में सभी प्रयास किए हैं।

# बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ दिवाला समाधान प्रक्रिया में वर्ष 2022 में तेजी की उम्मीद

**भाषा।** नई दिल्ली

**मामलों के** निपटान मे विलंब और कुछ प्रकरण में दावा राशि के मुकाबले वास्तविक प्राप्ति में काफी अंतर से दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता प्रक्रिया वर्ष 2021 में चर्चा में रही। हालांकि नए साल में बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ दिवाला समाधान प्रक्रिया में तेजी की उम्मीद है।

दिवाला कानून के तहत सक्षम प्राधिकार राष्ट्रीय कंपनी विधि प्राधिकरण (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) न्यायाधीशों के रिक्त पदों और खराब बुनियादी ढांचे के कारण संसाधनों की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। इससे वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण अपनाई गई डिजिटल प्रक्रिया की गति भी मंद पड़ गई है। एनसीएलटी के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति एम एम कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, जनवरी 2020 के बाद से नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई। सदस्यों की संख्या भी कम होती जा रही है। एक पीठ को दो से तीन पीठों के मामले सौंपे जा रहे हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में मामले जमा होते जा रहे हैं।

जनवरी 2020 में न्यायमूर्ति कुमार के एनसीएलटी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने के बाद कई कार्यवाहक अध्यक्ष आए। पूर्णकालिक प्रमुख की नियुक्ति अक्टूबर 2021 में की गई। यह जानना दिलचस्प होगा कि जून में एनसीएलटी के चार कार्यवाहक अध्यक्ष रहे जिनमें से एक का कार्यकाल केवल 24 घंटे का रहा। वर्ष 2022 में सबसे अधिक जरूरत मामलों के जल्द से जल्द निबटारे की होगी। प्राधिकरण के समक्ष दिवाला संबंधी कई महत्वपूर्ण मामले हैं जिनमें जेट एयरवेज, दीवान हाउसिंग, सिनटेक्स इंडस्ट्रीज और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के मामले प्रमुख हैं। इसके अलावा दिवाला प्रक्रिया में वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज जैसे कुछ मामलों में कुल दावा राशि में से 95 प्रतिशत की कटौती कर्जदाताओं द्वारा स्वीकार किए जाने से भी समाधान प्रक्रिया सवालों के घेरे में रही। भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 30 सितंबर तक कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के 73 प्रतिशत मामलों में 270 दिन से अधिक समय लगा। कई मामले के निपटान में अधिकतम स्वीकृत अवधि से कहीं अधिक समय लगे। दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत मामलों के समयबद्ध समाधान की व्यवस्था की गई है। इस संहिता के तहत ऋण शोधन अक्षमता और दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) महत्वपूर्ण संस्थान है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव वशिष्ठ कहते हैं कि यह उम्मीद करना ही अव्यावहारिक है कि सीआईआरपी 270 दिन के भीतर पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा, एनसीएलटी पीठों की संख्या को देखते हुए, 270 या 330 दिनों में मामले का निपटान करना लगभग असंभव है। राष्ट्रीय कंपनी विधि प्राधिकरण और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र गांडा ने कहा कि एनसीएलटी और एनसीएलएटी ने पूरे साल किसी नियामक अध्यक्ष के बगैर ही काम किया और इनमें न्यायिक एवं तकनीकी सदस्यों की भी कमी रही। उन्होंने कहा, अब सरकार ने नए सदस्य नियुक्त कर दिए हैं, कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ गई है अत: मामलों के निस्तारण में भी तेजी आनी चाहिए। सरकार ने अक्टूबर 2021 में उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अशोक भूषण को एनसीएलएटी का चेयरपर्सन नियुक्त किया था और मणिपुर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रामलिंगम सुधाकर को एनसीएलटी का अध्यक्ष बनाया था। एनसीएलटी बार एसोसिएशन के महासचिव सौरभ कालिया ने कहा कि एनसीएलटी और एनसीएलएटी 2022 में भी कंपनियों के पुनर्गठन और वित्तीय पुनरुद्धार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा, एनसीएलएटी के चेयरपर्सन के साथ-साथ एनसीएलटी के अध्यक्ष की नियुक्ति से कामकाज को गति मिली है। इसका प्रभाव 2022 में देखने को मिलेगा।

# रिलायंस ने ब्रिटिश बैटरी निर्माता फैराडियन का 10 करोड़ पाउंड में अधिग्रहण किया

**भाषा।** नई दिल्ली




**उद्योगपति मुकेश** अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ब्रिटेन की बैटरी निर्माता कंपनी फैराडियन लिमिटेड को 10 करोड़ पाउंड में खरीदने की शुक्रवार को घोषणा की। रिलायंस इंडस्ट्रीज कई अरब डॉलर की अपनी स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऐंड टू ऐंड प्रौद्योगिकी की निरंतर खरीद कर रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड (आरएनईएसएल) ने फैराडियन लिमिटेड में 100 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 10 करोड़ पाउंड का समझौता किया है। कंपनी विकास पूंजी के रूप में इसमें अतिरिक्त 2.5 करोड़ पाउंड का निवेश करेगी। ब्रिटेन में शेफील्ड और ऑक्सफोर्ड से संचालित तथा सोडियम आयन बैटरी प्रौद्योगिकी का पेटेंट रखने वाली फैराडियन दुनिया की अग्रणी बैटरी प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने आरएनईएसएल के माध्यम से 10 अक्टूबर से अनेक अधिग्रहण और रणनीतिक निवेश किए हैं जिनका उद्देश्य उसके हरित ऊर्जा कारोबार को आकार देना है। बयान में कहा गया, फैराडियन की सोडियम आयन प्रौद्योगिकी अन्य वैकल्पिक बैटरी तकनीकों, विशेष रूप से लिथियम आयन और लैड एसिड प्रौद्योगिकियों की तुलना में अधिक लाभकारी है। इन लाभों में कोबाल्ट, लिथियम, कॉपर या ग्रेफाइट पर निर्भरता नहीं होना शामिल है।

# बाजार में शानदार तेजी के लिए जाना जाएगा वर्ष 2021, सेंसेक्स और निफ्टी 24 प्रतिशत तक चढ़े

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजार वर्ष 2021 के आखिरी कारोबारी दिवस शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स जहां 459 अंक उछला वहीं एनएसई निफ्टी 150 अंक से अधिक मजबूत हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी रही। वर्ष 2020 के मुकाबले 2021 में अर्थव्यवस्था में कोविड-19 महामारी के झटके से उबरने और वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ मानक सूचकांकों में मजबूती देखने को मिली। सेंसेक्स साल के दौरान 10,502.49 अंक यानी 21.99 प्रतिशत और निफ्टी 3,372.2 अंक यानी 24.11 प्रतिशत मजबूत हुए।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुक्रवार को 459.50 अंक यानी 0.80 प्रतिशत उछलकर 58,253.82 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 150.10 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,354.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.5 प्रतिशत की तेजी के साथ टाइटन सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक बैंक, एसबीआई, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस लाभ में रहे। दूसरी तरफ चार शेयर...एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड और इन्फोसिस में गिरावट रही। वर्ष 2021 के दौरान घरेलू शेयर बाजार 19 अक्टूबर को उच्च स्तर पर पहुंचे थे। कारोबार के दौरान सेंसेक्स उच्चतम स्तर 62,245 और निफ्टी रिकार्ड 18,604 अंक तक चला गया था। मार्च 2020 से लेकर दिसंबर 2021 के दौरान सेंसेक्स जहां 140 प्रतिशत मजबूत हुआ, वहीं निफ्टी में 145 प्रतिशत की तेजी रही। कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़ने से दोनों मानक सूचकांक 23 मार्च 2020 को चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गए थे। हांगकांग का हैंगसेंग 1.24 प्रतिशत जबकि चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक 0.57 प्रतिशत लाभ में रहे। जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार शुक्रवार को बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख देखा गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी धीरज रेल्ली ने कहा, ...इस साल की शुरुआत में दुनिया कोविड महामारी से उबरी लेकिन मार्च में फिर से महामारी फैली। हालांकि निफ्टी अक्टूबर तक मजबूत होता रहा और उसके बाद इसमें कुछ सुधार आया। वैश्विक स्तर पर और भारत में जीडीपी के अनुपात में बाजार पूंजीकरण उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसका कारण बड़े स्तर पर नकदी प्रवाह, कम ब्याज दर, स्थिति जल्द सामान्य होने की उम्मीद तथा अन्य निवेश के विकल्पों के मामले में कम प्राप्ति थी। उन्होंने कहा कि नए साल में मौद्रिक नीति सामान्य रहेगी और निवेशक वित्तीय बाजारों से कुछ कम रिटर्न की उम्मीद कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक नीतिगत दरें बढ़ाना शुरू करेंगे। रेल्ली ने कहा, वर्ष 2021 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत में शेयरों के मूल्यांकन को लेकर निवेशक सतर्क हो सकते हैं। भारतीय शेयरों के समक्ष कई चुनौतियां हैं जिसमें अमेरिका में ब्याज दर का चक्र, तेल की कीमतों में तेजी, कुछ प्रमुख राज्यों में चुनाव, कोविड महामारी की तीसरी लहर की आशंका, देश में ब्याज दर में तेजी की आशंका शामिल हैं। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

## शेयर निवेशकों की संपत्ति 2021 में करीब 78 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर निवेशकों की संपत्ति में 2021 में जोरदार उछाल आया। कोरोना वायरस महामारी के झटकों के बावजूद वर्ष 2021 में बाजार में तेजी के साथ इक्विटी निवेशकों की संपत्ति करीब 78 लाख करोड़ रूपए बढ़ गई। कैलेंडर वर्ष 2021 घरेलू शेयर बाजारों के लिए ऐतिहासिक वर्ष साबित हुआ। शेयर बाजार ने 2021 के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े और 2021 के आखिरी कारोबारी दिन में भी वृद्धि दर्ज की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में सालाना आधार पर 2021 में 10,502.49 अंक यानी 21.99 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सेंसेक्स मार्च 2020 में कोरोना वायरस महामारी के कारण बुरी तरह लुढ़कने के बाद इस साल 50,000 और 62,000 के स्तर को पार कर गया। शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक वर्ष 2021 के नौ महीने के दौरान लाभ में रहा और वर्ष के केवल तीन महीनों में घाटे के साथ बंद हुआ। बाजार के लिए अगस्त सबसे अधिक लाभकारी रहा। इस दौरान बाजार ने 4,965.55 अंक या 9.44 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए भारी लाभ दर्ज किया। वही 19 अक्टूबर को बाजार अपने आज तक के सबसे उच्चतम स्तर 62,245.43 पर पहुंच गया था। इस साल बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 77,96,692.95 करोड़ रुपए बढ़कर 2,66,00,211.55 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। निवेशकों की संपत्ति को दर्शाने वाला बाजार पूंजीकरण 18 अक्टूबर को 2,74,69,606.93 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# पेज एक का शेष

## ओमीक्रोन से देश में...

केंद्र ने ऐसे सात घरेलू जांच किटों को अब तक मंजूरी दी है। स्वास्थ्य सचिव द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि किसी भी स्वास्थ्य सुविधा द्वारा आरएटी करने के लिए किसी मान्यता की आवश्यकता नहीं है। हरियाणा और ओडिशा में 14-14 ओमीक्रोन के मामले सामने आए हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में इसके 11 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, मणिपुर और पंजाब जैसे राज्यों में भी एक-एक मामला मिला है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ओमीक्रोन बड़े पैमाने पर फैल रहा है। भारत ने पिछले 24 घंटों में 16,764 नए कोरोनो वायरस मामले आए हैं और 220 मौतें दर्ज की गई हैं। मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि सक्रिय केस लोड वर्तमान में 91,361 है, कोविड-19 से ठीक होने वाले वर्तमान में 98.36 प्रतिशत हैं।

## दिल्ली में कोरोना, कंटेनमेंट...

उत्तर पूर्व जिले में एक भी कंटेनमेंट जोन नहीं है। पूर्वी जिले में छह सक्रिय और मध्य जिले में 18 कंटेनमेंट जोन हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 10 दिन के अंदर इनकी संख्या पांच गुना बढ़ गई है।

## गैर सरकारी संगठनों के...

एक बयान में एमएचए ने यह भी कहा कि उसने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के किसी भी बैंक खाते को फ्रीज नहीं किया है। लेकिन भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया था कि संगठन ने स्वयं बैंक को अपने खातों को फ्रीज करने का अनुरोध भेजा था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई राजनीतिक नेताओं ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के एफसीआरए पंजीकरण नवीनीकरण आवेदन को खारिज करने के लिए केंद्र की खिंचाई की थी। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को सभी जिला कलेक्टरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य में संचालित मिशनरीज ऑफ चैरिटी की कोई भी इकाई किसी भी वित्तीय संकट का सामना न करे और यदि आवश्यक हो, तो मुख्यमंत्री राहत कोष का उपयोग उनकी मदद के लिए करें।

## श्रीनगर में मुठभेड़ में जैश-ए...

उन्हें सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने बताया कि तीनों आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद गुट के थे। मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान सुहैल अहमद राथेर के तौर पर हुई है, जो एक पाकिस्तानी नागरिक सहित दो अन्य आतंकवादियों के साथ जेवान हमले में शामिल था। जेवान हमले में शामिल अन्य दो आतंकवादी बृहस्पतिवार को अनंतनाग जिले में हुई मुठभेड़ में मारे गए थे। आईजीपी ने ट्वीट किया, ...सुहैल जेवान आतंकवादी हमले में शामिल था। जेवान हमले में शामिल सभी आतंकवादी मारे गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अन्य दो आतंकवादियों की पहचान की जा रही है और उनके विदेशी आतंकवादी होने की अधिक संभावना है, क्योंकि किसी ने अभी तक उनको लेकर कोई दावा नहीं किया है। इस संवाददाता सम्मेलन में कुछ ही मीडिया कर्मियों को बुलाया गया था। पुलिस महानिरीक्षक ने शुक्रवार को कहा कि यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण थी, क्योंकि जेवान हमले के बाद मैंने हत्यारों को जल्द मार गिराने का वादा किया था।

## दलित भोजनमाता की पुन...

चंपावत के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने कहा कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उनमें से छह की पहचान महेश चौराकोटी, दीपा जोशी, बबलू गहटोरी, सतीश चंद्र, नागेंद्र जोशी और शंकर दत्त के रूप में हुई है, जबकि 25 अन्य अज्ञात व्यक्ति हैं।

## आयकर विभाग ने सपा एमएलसी...

सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग ने माल और सेवा कर (जीएसटी) विभाग से इत्र व्यवसाय करने वाली इकाइयों और अन्य द्वारा कथित रूप से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करके संभावित आयकर चोरी के बारे में विवरण प्राप्त करने के बाद कार्वाई शुरू की। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत काम करने वाली जांच एजेंसी- माल एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने हाल में कानपुर और कन्नौज में शिखर पान मसाला, एक ट्रांसपोर्टर और अन्य के खिलाफ छापेमारी की थी। मामले में इत्र व्यापारी पीयूष जैन को गिरफ्तार किया गया और 197 करोड़ रुपए से अधिक नकद धन राशि के अलावा 26 किलोग्राम सोना और भारी मात्रा में चंदन का तेल जब्त किया गया। आयकर विभाग केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के तहत कार्य करता है। पीयूष जैन और पुष्पराज जैन ने आवासीय परिसर कन्नौज में महज कुछ मीटर की दूरी पर है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग केंद्रीय प्रत्यक्षकर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधीन काम करता है। डीजीजीआई के छापे और नकदी की बरामदगी को लेकर उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों के बीच वाकयुद्ध शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कानपुर में एक रैली के दौरान नकदी जब्ती को लेकर सपा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले भ्रष्टाचार का जो इत्र उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश में छिड़क रखा था, वह फिर सबके सामने आ गया है।

## इत्र कारोबारी से करोड़ों रुपए...

कार्रवाई का बचाव करते हुए सीतारमण ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव छापेमारी से घबरा गए हैं। उन्होंने कहा, आपको कैसे पता कि यह पैसा किसका है? क्या आप उसके साझेदार हैं? क्योंकि केवल साझेदारों को ही पता होता है कि किसका पैसा रखा गया है। छापेमारी की कार्वाई को राजनीति से प्रेरित बताने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि अगर ऐसा होता तो आय कर अधिकारी कार्वाई के बाद खाली हाथ लौटते। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को छापेमारी की जो कार्वाई की जा रही है वह भी पुख्ता सूचनाओं के आधार पर ही की जा रही है।

## अखिलेश का भाजपा पर...

केंद्रीय गृह मंत्री शाह के बयान पर पलटवार करते हुए अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि राम मंदिर का निर्माण कोई भी सरकार नहीं रोक सकती है क्योंकि राम मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय के आदेश पर हो रहा है। गृह मंत्री शाह ने अयोध्या में शुक्रवार को कहा कि आज मैं देखकर आया हूं राम लला मंदिर उसी स्थान पर जोर शोर से बन रहा है, जो रोकना चाहते थे, उन सभी को कहना चाहता हूं कि रोक सको तो रोक लो क्योंकि किसी में रोकने का दम नहीं है। जहां प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था, उसी स्थान पर देखते देखते कुछ ही महीनों में आकाश को छूने वाला राम मंदिर बनने वाला है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या की जनसभा में कानपुर में इत्र व्यापारी के घर आयकर विभाग की छापेमारी की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब ठेले भर भर के नोटों की गड्डियां मिल रही हैं और समाजवादी इत्र की दुर्गंध पूरे उप्र में फैल गई है, आज जब छापा पड़ रहा है तो उनके पेट में उबाल हो रहा है, भाई अखिलेश आपको क्या तकलीफ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दिन से कह रहा हूं कि जिस जगह (कानपुर और कन्नौज में इत्र कारोबारी पीयूष जैन) इन लोगों ने छापा मारा उससे समाजवादी पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

## वित्त मंत्रालय ने सरकारी खर्च वाली हवाई यात्राओं के लिए तीन एजेंट तय किए

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सरकारी खर्च पर होने वाली सभी हवाई यात्राओं के लिए टिकटों की खरीद तीन एजेंटों- बामर लॉरी, अशोक ट्रैवल्स एंड टूर्स और आईआरसीटीसी में से ही किसी एक से करने को कहा है। वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले व्यय विभाग ने शुक्रवार को एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के विनिवेश के मद्देनजर यह निर्णय किया गया है।इस ज्ञापन के मुताबिक, हवाई यात्रा के उन सभी मामलों में, जहां भारत सरकार लागत का वहन करती है, एयर टिकटों की खरीद तीन अधिकृत ट्रैवल एजेंटों, बामर लॉरी एंड कंपनी लि., अशोक ट्रैवल्स एंड टूर्स और भारतीय खानपान और पर्यटन निगम लि. (आईआरसीटी) से की जा सकती है। व्यय विभाग ने कहा कि व्यक्तिगत मंत्रालयाविभाग द्वारा टिकट की बुकिंग के लिए ट्रैवल एजेंट का चुनाव प्रदान की जाने वाली सेवा की गुणवत्ता, अतिरिक्त सामान, टिकट रद्द करने समेत अन्य अतिरिक्त सुविधाओं पर निर्भर करेगा।

# भारत ने अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता

## फाइनल में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति से नौ विकेट से शिकस्त दी

भाषा। दुबई



**भारत** ने शुक्रवार को यहां बारिश से प्रभावित अंडर -19 एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति से नौ विकेट से शिकस्त देकर रिकॉर्ड आठवें खिताब के साथ टूर्नामेंट में अपना वर्चस्व कायम रखा। भारतीय गेंदबाज फाइनल में पूरी लय में थे और उन्होंने बारिश के कारण खेल रोके जाते समय 33 ओवर में सिर्फ 74 रन के स्कोर पर श्रीलंका के सात विकेट चटका लिए थे।

यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारी बारिश के कारण दो घंटे की रुकावट के बाद जब मैच दोबारा शुरू हुआ तो इसे 38-38 ओवर का कर दिया गया। श्रीलंका ने इस दौरान नौ विकेट पर 106 बनाए। भारत को डकवर्थ लुईस पद्धति से 38 ओवरों में 102 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। टीम ने सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी के 67 गेंदों में नाबाद 56 रन की पारी से इसे 21.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। शेख रशीद 31 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्पिनरों की बलखाती गेंदों का श्रीलंकाई बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। भारत के लिए बाएं हाथ के स्पिनर विक्की ओस्तवाल ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए थे जबकि ऑफ स्पिनर कुशल तांबे को दो सफलता मिली। प्रतियोगिता में भारत को एकमात्र हार का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करना पड़ा। पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में श्रीलंका से हार गई थी। इस टूर्नामेंट से 14 जनवरी से वेस्टइंडीज में शुरू होने वाले अंडर-19 विश्व कप से पहले यश ढुल की अगुवाई वाली टीम को मैदान में प्रतिस्पर्धी मैच खेलने का अच्छा मौका मिला। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले हरनूर सिंह (पांच) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद रघुवंशी और रशीद ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। पिछले कुछ मैचों में कम रन बनाने वाले रघुवंशी फाइनल में पूरे लय में दिखे। पारी की शुरुआत में बैकफुट पंच खेलकर उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया। इस दौरान तेज गेंदबाजों के खिलाफ बैकफुट पर उन्होंने दमदार शॉट खेले। स्पिनरों के खिलाफ उन्होंने पैर का शानदार इस्तेमाल किया। रघुवंशी ने अपनी पारी में छह चौके लगाए।

सुबह हुई बारिश के बाद परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थी लेकिन श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। राजवर्धन हैंगरगेकर और रवि कुमार की भारतीय तेज गेंदबाजों की जोड़ी ने नई गेंद से सटीक शुरुआत की। हैंगरगेकर को हालांकि किस्मत का साथ नहीं मिला।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रवि ने चौथे ओवर में चामिंडू विक्रमसिंघे को आउट कर मैच का पहला विकेट हासिल किया। वामहस्त सलामी बल्लेबाज ने मिड विकेट के ऊपर से बड़ा शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन गेंद थर्डमैन पर खड़े राज बावा के हाथों में चली गई।

विक्रमसिंघे के सलामी जोड़ीदार शेवोन डेनियल 11वें ओवर में बावा की गेंद पर विकेटकीपर आराध्या यादव को कैच दे बैठे। इससे श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 15 रन हो गया। शुरुआती 10 ओवरों में हैंगरगेकर सबसे प्रभावशाली तेज गेंदबाज रहे।

उनकी तेज गति से बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रभावशाली तेज गेंदबाजी के बाद तांबे और ओस्तवाल की भारतीय स्पिनरों की जोड़ी ने भी श्रीलंकाई बल्लेबाजों को परेशान किया।

# रोहित शर्मा बाहर, लोकेश राहुल को मिली कप्तानी

**भाषा**। नई दिल्ली



**कप्तान** रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए जिनकी जगह के एल राहुल को 18 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। हरफनमौला अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को भी फिटनेस कारणों से नहीं चुना गया है जबकि टेस्ट श्रृंखला खेल रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उपकप्तान बनाया गया है। चयन समिति के प्रमुख चेतन शर्मा ने कहा कि हम के एल राहुल को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने नेतृत्व क्षमता साबित कर दी है। वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। तीन वनडे मैच पार्ल और केपटाउन में 19, 21,23 जनवरी को खेले जाएंगे। टीम : केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शारदुल , मोहम्मद सिराज।

### बीसीसीआई ने कोहली को टी-20 कप्तान बने रहने के लिए कहा था : चेतन

**नई दिल्ली**। विराट कोहली के बयान का खंडन करते हुए चयन समिति के प्रमुख चेतन शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज को बीसीसीआई में सभी ने टी-20 कप्तान बने रहने के लिए कहा था। कोहली के टी-20 कप्तानी छोड़ने के बाद बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा था कि बोर्ड ने कोहली से अपने फैसले पर पुनर्विचार क लिए कहा था।

कोहली ने बाद में गांगुली के बयान का खंडन करते हुए कहा था कि उनकी बोर्ड अध्यक्ष से कोई बात नहीं हुई थी और उन्हें वनडे कप्तानी से हटाए जाने के बारे में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए चयन समिति की बैठक से डेढ घंटा पहले बताया गया था। शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि चयनकर्ताओं से लेकर बीसीसीआई पदाधिकारियों तक सभी ने कोहली को टी-20 विश्व कप तक कप्तानी पर बने रहने के लिए कहा था।

उन्होंने कहा कि हर किसी ने उन्हें फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा था।

# रणजी ट्रॉफी में विदर्भ की अगुवाई करेंगे फैज फजल

भाषा। नागपुर



**अनुभवी** बल्लेबाज फैज फजल 13 जनवरी से शुरू हो रही रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में विदर्भ की 18 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज अक्षय वाडकर को फजल के साथ उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयनकर्ताओं ने केरल के खिलाफ 13 जनवरी और राजस्थान के खिलाफ 20 जनवरी से शुरू होने वाले मैचों के लिए टीम चुनी है जिसमें सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे, विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज सिद्धेश वाथ, गणेश सतीश और अपूर्व वानखेड़े भी शामिल हैं। यश राठौड़, ललित यादव, आदित्य ठाकरे और अनुभवी ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। विदर्भ अपने लीग मैच बेंगलुरु में खेलेगा। टीम इस प्रकार है : फैज फजल (कप्तान), अक्षय वाडकर (उप कप्तान) अथर्व तायडे, गणेश सतीश, अपूर्व वानखेड़े, सिद्धेश वाथ (विकेटकीपर), आर संजय, मोहित काले, यश राठौड़, अक्षय वाखरे, आदित्य सरवटे, अक्षय कर्णवार, ललित यादव, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, प्रफुल हिंगे, सिद्धेश नेरल और गणेश भोसले।

# पहले टेस्ट में धीमी ओवरगति के लिए भारत पर लगा जुर्माना

**भाषा**। सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिए भारतीय क्रिकेट टीम पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने कहा कि इस अपराध के कारण भारत को आईसीसी पुरुष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से एक अंक का नुकसान होगा। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के ऑफ मैच रेफरी एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट ने तय समय में एक ओवर कम गेंदबाजी करने पर भारत पर यह जुर्माना लगाया।

आईसीसी की खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर-रेट से संबंधित) के तहत अगर टीम आवंटित समय में तय ओवर गेंदबाजी करने में विफल रहती है तो खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा आईसीसी पुरुष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अनुच्छेद 16.11 के अनुसार टीम को तय समय में ओवर पूरा करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। कप्तान विराट कोहली ने इस आरोप को स्वीकार कर लिया, इसलिए इसकी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर मरियस इरास्मस, एड्रियन होल्डस्टॉक के अलावा तीसरे अंपायर अलाउद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर बोंगानी जेले ने आरोप लगाए थे। भारतीय टीम ने शुरुआती टेस्ट मैच को 113 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

# रूट, विलियमसन, रिजवान अफरीदी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

**भाषा**। दुबई

**इंग्लैंड** के कप्तान जो रूट, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान को विभिन्न प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के कारण आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। यह पुरस्कार 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर को दिया जाएगा। गैरी सोबर्स ट्रॉफी के विजेता की घोषणा 24 जनवरी को की जाएगी। रूट ने इस साल 18 अंतरराष्ट्रीय मैचों में छह शतक की मदद से 1855 रन बनाए। वर्ष के अंत में हालांकि आस्ट्रेलिया के हाथों इंग्लैंड को एशेज श्रृंखला में पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने साल की शुरूआत में गॉल में श्रीलंका के खिलाफ 228 रन की पारी खेली थी। उसके बाद भारत के खिलाफ 218 रन बनाए। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के घरेलू चरण में उन्होंने चार मैचों में तीन शतक समेत 564 रन बनाए थे।

### तमिल थलाइवाज की पहली जीत, पटना पाइरेट्स जीते

**बेंगलुरू**। तमिल थलाइवाज ने प्रो कबड्डी लीग के मैच में पुणेरी पल्टन को 36-26 से हराकर पहली जीत दर्ज की। यह इस सत्र में उसकी पहली जीत थी।

**Public Notice**
This is to inform general public that Sh. Sita Ram Tayal isowner ofBuilt up Second Floor without roof right in Four Storey, Property bearing No. 9/110, area measuring 83.61sq.mts. i.e. 100sq. yds., Khasra no. 1848/69, Khewt No. 95, Khatoni No. -424, Mutation No. 3123, situated in the area of Village Karkardooma, at the abadi of Shastri Gali, Vishwas Nagar, Shahdara, Delhi-110032videGift Deed dated 09.04.2015, executed by Smt. Kusam Deviand Now,Sh. Sita Ram Tayalisintending to sell the above said property/FloortoSh. Bhagvana Ram. Further Sh. Bhagvana Ramismortgaging the above said property/floor with Fullerton India Home Finance Co. Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

fanatically for you agranté KAVYAM

**Corrigendum to Advertisement dated 18 December 2021**

Advertisement dated 18.12.2021 published in context of cancelled units due to non-payment of successful allotee against their respective allotted units in Affordable Housing Project 'Kavyam' being developed under License No 101/2017 & RERA Regd. No.23/2018 by Agrante Realty Limited.

An error occurred in advertisement published on 18.12.2021 wherein Unit No TA2-802 is shown cancelled in the advertisement against Application No. 3773 as allotted to Mr. Vijay Kadian & Mrs. Shri Devi however, the Unit belong to the Appl. No 3773 as allotted to Vijay Kadian & Mrs. Shri Devi is actually Unit No TA2-803.

This error is hereinafter corrected and notified to general public through the present corrigendum that this unit erroneously shown in cancelled list would be henceforth read corrected from TA2-802 to Unit No TA2-803 in cancelled list.

**Office address: Agrante Realty Ltd Unit No. 122 Suncity Trade Tower, Sector-21, Gurgaon-122016**
**CIN: U70101DL2013PLC248731**
**Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 0124-4769500-599, 8800499383, 8800499674**

# गांगुली को अस्पताल से छुट्टी मिली, घर में पृथकवास पर रहेंगे

**कोलकाता**। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनका कोविड-19 का इलाज चल रहा था और वे अगले दो सप्ताह तक घर में पृथकवास पर रहेंगे। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि यह पूर्व कप्तान चिकित्सकों की देखरेख में घर में पृथकवास पर रहेंगे और वह कोविड के ओमिक्रॉन से संक्रमित नहीं थे। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि हमने दोपहर गांगुली को छुट्टी दे दी है। उन्हें अगले एक पखवाड़े तक चिकित्सकों की निगरानी में घर में ही रहना होगा। उसके बाद आगे के उपचार पर फैसला किया जाएगा। कोविड-19 के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद 49 वर्षीय गांगुली को एहतियात के तौर पर सोमवार रात को वुडलैंड्स मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच बनना चाहते हैं कर्स्टन

### ●मेरे पास उनका भाग्य संवारने के लिए बहुत अच्छी योजना है

**भाषा**। लंदन



**भारत** और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम को कोचिंग देने में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा कि जो रूट और उनकी टीम का भाग्य संवारने के लिए उनके पास बहुत अच्छी योजना है।

आस्ट्रेलिया ने वर्तमान श्रृंखला के पहले तीनों मैच जीतकर एशेज अपने पास बरकरार रखी है जिसके बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड का पद खतरे में पड़ गया है। आस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में तीसरा टेस्ट केवल ढाई दिन में अपने नाम कर दिया था। कर्स्टन ने भारतीय टीम का मुख्य कोच पद संभालने के ठीक एक साल बाद दिसंबर 2009 में पहली बार भारत को टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचा दिया था। बाद में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के साथ भी यही उपलब्धि हासिल की थी। कर्स्टन ने कहा कि इंग्लैंड का मुख्य कोच बनना शुरू से विचार करता रहा हूं क्योंकि यह बहुत बड़ा सम्मान है।

यह पहला अवसर नहीं है जबकि दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने ऐसी इच्छा व्यक्त की हो। इससे पहले दो अवसरों पर वह इंग्लैंड का कोच बनने के मुख्य दावेदार थे। उन्होंने कहा कि मैं अब तक दो बार (2015 और 2019) इस पद की दौड़ में रहा हूं। मैंने शुरू से स्पष्ट किया है कि मैं सभी प्रारूपों में यह जिम्मेदारी संभालने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हूं। अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच रखने के बारे में सोच रहे हैं तो इस पर विचार किया जा सकता है।

विश्व कप विजेता कोच ने इंग्लैंड की 50 ओवरों की टीम को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताया लेकिन कहा कि टेस्ट टीम अभी काफी पीछे है। कर्स्टन ने कहा कि उनकी टेस्ट टीम या वनडे टीम के साथ काम करना शानदार होगा। उनकी वनडे टीम अभी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि मेरे पास ऐसी योजना है जो काफी सोच विचार कर तैयार की गई है। आपकी टेस्ट टीम पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रही है लेकिन इससे बाहर निकलने के लिए यह वास्तव में शानदार योजना होगी।

### हेड कोविड से संक्रमित, सिडनी में नहीं खेलेंगे

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान एशेज श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले ट्रेविस हेड का कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया है जिस कारण वह यहां पांच जनवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। हेड में बीमारी का कोई लक्षण नहीं है लेकिन उन्हें विक्टोरिया सरकार के स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी महिला मित्र के साथ सात दिन तक मेलबर्न में ही रहना होगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा, हमारी परीक्षण प्रक्रिया के तहत हम खिलाड़ियों, उनके परिजनों और सहयोगी स्टाफ का हर दिन पीसीआर परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से सुबह ट्रेविस का परीक्षण पॉजिटिव आया है लेकिन अभी उनमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वह होबार्ट में होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने श्रृंखला में अभी तक 248 रन बनाए है जिनमें ब्रिसबेन में पहले टेस्ट मैच में लगाया गया शतक भी शामिल है।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('सुरक्षित लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित उधारकर्ता और सह- उधारकर्ता, ('उधारकर्ता', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके संबधित (उत्तराधिकारी, उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस,) शामिल होंगे), के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार एक आवास ऋण सुविधा के अनुसार दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित उधारकर्ताओं/ सह उधारकर्ताओं को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमे ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित मांग सूचनाओं में उल्लिखित है उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथी से 60 दिनों के अंदर सूचना में विर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

